नई दिल्ली

मंगलवार 3 फरवरी 2026

फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष, द्वितीया वर्ष : 29, अंक : 291

पृष्ठ 12 मूल्य 2 .00


मौसम

अधि. 22

न्यून. 11


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ होगी द्विपक्षीय बैठक, जिसमें साझा हितों से जुड़े हुए जरूरी मुद्दों पर होगी चर्चा

## 5 से 10 फरवरी तक भारत की यात्रा पर रहेंगे सेशेल्स के राष्ट्रपति

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनी हुई चुनौतियों के बीच इस सप्ताह 5 फरवरी से सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ.पैट्रिक हर्मिनी भारत की छह दिवसीय राजकीय यात्रा पर रहेंगे। जिसमें उनकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक भी होगी और उसमें दोनों शीर्ष नेताओं के बीच भारत और सेशेल्स के साझा हितों से जुड़े हुए महत्वपूर्ण द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि सेशेल्स के राष्ट्रपति का 5 से 10 ▶▶ शेष पेज 5 पर

### सेशेल्स के राष्ट्रपति का यात्रा कार्यक्रम

मंत्रालय ने बताया कि यात्रा के दौरान सेशेल्स के राष्ट्रपति की भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात होगी। इसके अलावा वह चेन्नई और मुंबई में आयोजित की जाने वाली व्यापार संबंधी बैठकों में भाग लेंगे। यहां ध्यान देने वाली एक बात यह भी है ▶▶ शेष पेज 5 पर

राष्ट्रपति ट्रम्प और प्रधानमंत्री मोदी के बीच हुई फोन पर बातचीत

# व्यापार और रूस यूक्रेन युद्ध को खत्म कराने सहित कई अन्य मुद्दों पर हुई चर्चा

पीएम ने टैरिफ घटाने पर 140 करोड़ भारतीयों की तरफ से जताया राष्ट्रपति के प्रति आभार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

50 फीसदी टैरिफ और द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को लेकर संबंधों में बने हुए तनाव और असमंजस की मौजूदा दौर में राष्ट्रपति ट्रम्प और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच टेलीफोन पर बातचीत हुई है। यह जानकारी भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए दी है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति ने भी इसे लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट की है। जिसमें उन्होंने बताया कि आज सुबह प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत हुई। जिसमें हमारे बीच व्यापार, रूस-यूक्रेन युद्ध की

दोनों देशों के बीच राष्ट्रपति ट्रम्प ने तत्काल प्रभाव से दी व्यापार समझौते को मंजूरी, भारत पर लगे दंडात्मक 25 फीसदी टैरिफ को घटाकर 18 फीसदी किया



समाप्ति सहित कई अन्य विषयों पर विचार-विमर्श किया गया है। पीएम मोदी ने इस बात पर सहमति जताई है कि वो रूस से तेल नहीं खरीदेंगे। बल्कि अब वह अमेरिका से तेल खरीद बढ़ाएंगे जिसमें वेनेजुएला भी शामिल है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने यह दावा किया कि अगर भारत रूस से तेल खरीद पर रोक लगाता है तो उससे यूक्रेन युद्ध खत्म हो जाएगा। जो अभी जारी है और जिसकी वजह से हर सप्ताह हजारों लोग ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 18 फीसदी किया 25 दंडात्मक टैरिफ

अमेरिकी राष्ट्रपति ने पोस्ट में यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रति मेरे मन में बने हुए सम्मान और मित्रता को देखते हुए उनके अनुरोध पर तत्काल प्रभाव से हमने भारत - अमेरिका के बीच व्यापार समझौता करने को लेकर सहमति जताई है। इसी के तहत अमेरिका ने तय किया है कि वह भारत पर रूस से तेल खरीद पर लगाए गए 25 फीसदी दंडात्मक टैरिफ को. घटाकर 18 फीसदी कर देगा। प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका से की जाने वाली खरीद में इजाफा करने को लेकर भी प्रतिबद्धता दी है। जिसमें 500 बिलियन डॉलर से अधिक अमेरिकी ऊर्जा, तकनीक, कृषि, कोयला और अन्य उत्पाद शामिल हैं। भारत के साथ अमेरिका के संबंध और अधिक मजबूत होंगे। गौरतलब है कि विदेश मंत्री एस.जयशंकर की 2 से 4 फरवरी की तीन दिवसीय अमेरिका यात्रा की शुरुआत के बीच ही हुई है।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### चांदी 31800 रुपए तक टूटी, सोना 8000 सस्ता



**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। सुबह सोना 8000 रुपए तक सस्ता हो गया। चांदी में 31,800 रुपए तक की गिरावट देखने को मिली। एमसीक्स पर सोने का भाव 8,187 रुपए गिरकर 1,34,00 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया। वहीं चांदी 31,878 रुपए सस्ती होकर 2.33 लाख रुपए प्रति किलो पर आ गई।

### फ्यूल स्विच में खराबी उड़ानों पर लगी रोक



**नई दिल्ली।** एयर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर के फ्यूल स्विच में खराबी की आशंका के मद्देनजर विमान को उड़ान भरने से रोक दिया गया। विमान के पायलटों ने ईंधन नियंत्रण स्विच में संभावित खराबी की सूचना दी थी। इस मामले पर एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि पायलट ने फ्यूल स्विच में संभावित खराबी की सूचना दी।

### सिंगर ओलिविया डीन ने जीता ग्रैमी अवॉर्ड



**नई दिल्ली।** ग्रैमी अवॉर्ड 2026 में कई कलाकारों ने शिरकत की।कुछ कलाकार ऐसे थे, जिन्हें पहली बार ग्रैमी अवॉर्ड मिला। इस सूची में सिंगर ओलिविया डीन भी शामिल रहीं। उन्होंने अवॉर्ड लेने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई प्रवासी नीति का विरोध किया। मंच पर अपनी जिंदगी और परिवार के बारे में जिक्र किया। सिंगर का एल्बम 'द आर्ट ऑफ लिविंग' काफी पॉपुलर हुआ था।

### वापस आ चुके हैं 2,000 के 98.42 फीसदी नोट



**मुंबई।** आरबीआई ने सोमवार को कहा कि 2,000 रुपए के बैंकनोट में से 98.42 प्रतिशत नोट वापस आ चुके हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2,000 रुपए के नोटों को वापस लेने की घोषणा की थी। उस समय चलन में मौजूद 2,000 रुपए के नोटों का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपए था, जो 31 जनवरी, 2026 तक घटकर 5,609 करोड़ रुपए रह गया। इस तरह 19 मई, 2023 के बाद से चलन में मौजूद 2,000रुपए के नोटों का 98.42 प्रतिशत वापस जमा हो चुका है।

राष्ट्रपति अभिभाषण पर चर्चा में नेता प्रतिपक्ष ने दिया पूर्व सेनाप्रमुख जनरल नरावणे की प्रतिबंधित पुस्तक का उद्धरण

चीन के टैंक इलाके में कैलाश पर्वत श्रृंखला की ओर बढ़ चले थे

# सांसद राहुल गांधी के चीन का जिक्र करने पर लोकसभा में हुआ हंगामा, नहीं चली कार्यवाही

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बजट के अगले दिन सोमवार को लोकसभा में राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा की शुरुआत बेहद हंगामेदार रही। सत्ता पक्ष से बेंगलुरु-दक्षिण से भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने कांग्रेस की अगुवाई वाली पूर्ववर्ती संप्रग सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि उसके दस वर्षों के कार्यकाल में कभी भी राष्ट्रपति अभिभाषण में भारत की प्राचीन, महान सभ्यता और समृद्ध संस्कृति का उल्लेख नहीं किया गया। विपक्ष से जवाब में बोलने के लिए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी खड़े हुए और उन्होंने अपनी बात की शुरुआत केरावेन पत्रिका में पूर्व सेनाप्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरावणे की केंद्र द्वारा प्रकाशन के लिए प्रतिबंधित की गई एक पुस्तक (फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी) में लिखे गए तथ्यों का उल्लेख करते हुए की और कहा कि सरकार कांग्रेस सहित समूचे विपक्ष की राष्ट्रीयता और उसके चरित्र पर सवाल उठाती है। जबकि पूर्वी लद्दाख में हुए एलएसी विवाद के दौरान चीन के टैंक इलाके में कैलाश पर्वत श्रृंखला की ओर बढ़ चले थे। सरकार की माने तो विपक्ष देशभक्त नहीं है। ये ही आतंकवाद से लड़ते हैं। अगर ऐसा है तो सत्ता पक्ष महज एक पुस्तक में लिखी छोटी सी टिप्पणी से डरता क्यों है? आखिर इनमें इसे लेकर घबराहट क्यों है? इस टिप्पणी में ऐसा क्या लिखा है? अगर सरकार में ▶▶ शेष पेज 5 पर

**बिरला बोले,** नियम-349 के तहत सदन की कार्यवाही में किसी पुस्तक, समाचार पत्र, पत्रिका में दिए गए लेख या किसी अन्य बात का जिक्र नहीं किया जा सकता है। सदन नियमों से चलेगा।



***राजनाथ बोले,* जनरल नरावणे की ये पुस्तक कभी प्रकाशित ही नहीं हुई, तथ्यों के सही न होने पर प्रकाशन पर रोक लगी है। ऐसे में राहुल गांधी को सदन में काल्पनिक बातें करने से रोका जाना चाहिए।**

### सदन में काल्पनिक बातें न करें: राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि राहुल गांधी पूर्व सेनाप्रमुख की जिस पुस्तक का जिक्र कर रहे हैं। वो आज तक प्रकाशित ही नहीं हुई है। क्योंकि उसमें दिए गए तथ्य सही नहीं थे। इसलिए उसके प्रकाशन पर रोक लगी हुई है। ऐसे में नेता प्रतिपक्ष को सदन को ये बताना चाहिए कि वो जिस पुस्तक का हवाला अपने वक्तव्य में दे रहे हैं। उसके अस्तित्व के बारे में लोकसभा में तथ्यात्मक जानकारी भी दें। जब ऐसी कोई पुस्तक प्रकाशित ही नहीं हुई है, तो उन्हें ये बताना चाहिए कि वो किस आधार पर उक्त कथन के बारे में सदन में बताना चाह रहे हैं। उन्होंने ये भी कहा कि अगर किताब में लिखी गई सारी बातें सही थी और सरकार ने गलत ढंग से उस पर रोक लगाई थी। तो जनरल नरावणे ने केंद्र के इस निर्णय को आज तक किसी अदालत में चुनौती क्यों नहीं दी है? ऐसे में राहुल गांधी को लोकसभा में काल्पनिक बातें कर सदन को गुमराह करने से बचना चाहिए। रक्षा मंत्री ने लोकसभा अध्यक्ष से नेता प्रतिपक्ष को ऐसा किए जाने से रोकने का अनुरोध भी किया।

## क्या नेता विपक्ष राहुल गांधी संसद से ऊपर हैं...देश से माफी मांगें: रिजिजू

***कहा,* शुरू से ही राहुल गांधी ने नियमों का उल्लंघन किया और एक ऐसी किताब का हवाला दिया जिसके प्रकाशन और प्रामाणिकता का स्पष्ट उल्लेख नहीं है**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी खुद को संसद से ऊपर समझते हैं। उन्होंने आगे कहा कि राहुल गांधी को देश से माफी मांगनी चाहिए। अगर कोई प्रतिष्ठित परिवार में पैदा हुआ है, तो क्या वह संसद से ऊपर है? क्या वह नियमों से ऊपर है? भारत एक लोकतांत्रिक देश है और नियमों के अनुसार चलता है...राहुल गांधी किसी भी नियम का पालन नहीं करते।

> संसदीय कार्य मंत्री ने कहा 'क्या कांग्रेस पार्टी 1959 और 1962 में चीन द्वारा कब्जा की गई भूमि को वापस ला सकती है?'

रिजिजू ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान संसदीय नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए कहा कि लोकसभा अध्यक्ष के बार-बार निर्देश देने के ▶▶ शेष पेज 5 पर

## कांग्रेस ने संसद के बाहर भी दिखाए तेवर, सरकार ने भी दिया करारा जवाब

***राहुल बोले-* मोदी सरकार एक ऐसी सच्चाई छिपाने की कोशिश कर रही है, जिसे देश का हर सैनिक पहले से जानता है**

***खरगे ने कहा-* राष्ट्रीय सुरक्षा के सवालों से बच रही है मोदी सरकार**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा सोमवार को भारी हंगामे और आरोप-प्रत्यारोप के बीच तीन बार स्थगित हुई, जब नेता विपक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए 31 अगस्त, 2020 को पूर्वी लद्दाख में चीन की घुसपैठ और उससे जुड़े घटनाक्रम पर पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की आत्मकथा के हवाले से केंद्र सरकार को घेरने की कोशिश की। लगातार व्यवधानों के बीच वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि नरवणे की किताब को प्रकाशित नहीं करने दिया गया है। उन्होंने कहा कि आखिर जनरल मनोज मुकुंद नरवणे जी की किताब में ऐसा क्या लिखा है, जिससे मोदी सरकार के लोग इतना घबरा रहे हैं कि इसे सदन के पटल पर पढ़ने ही नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार देश की जनता से एक ऐसी सच्चाई छिपाने की कोशिश कर रही है, जिसे देश का हर सैनिक पहले से जानता है। राहुल गांधी ने बताया कि इस किताब ▶▶ शेष पेज 5 पर

संत सिरोमणि गुरू रविदास के नाम पर पंजाब के आदमपुर एयरपोर्ट का नामकरण प्रधानमंत्री का ऐतिहासिक फैसला: सैनी

## मुख्यमंत्री नायब सैनी ने नई दिल्ली में की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब के आदमपुर एयरपोर्ट का नामकरण संत शिरोमणि गुरू रविदास जी के नाम से किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नई दिल्ली में मुलाकात कर उनका धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह ऐतिहासिक फैसला लिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार



को नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए बड़े गर्व का विषय है कि संत शिरोमणि ▶▶ शेष पेज 5 पर

चुघ मणिपुर भाजपा विधायक दल के नेता की नियुक्ति प्रक्रिया की निगरानी करेंगे

## भाजपा ने तरूण चुघ को बनाया केंद्रीय पर्यवेक्षक, मणिपुर में सरकार गठन की अटकलें तेज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने मणिपुर में मुख्यमंत्री के चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी है। भगवा पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ को विधायक दल के नेता की नियुक्ति की प्रक्रिया की निगरानी के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। भारतीय जनता पार्टी ने मणिपुर में नए मुख्यमंत्री के चयन की प्रक्रिया आरंभ कर दी है, और इस प्रक्रिया की निगरानी के लिए तरुण चुघ को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। यह कदम राज्य में राष्ट्रपति शासन की समय सीमा नजदीक आने के बीच उठाया गया है, जिससे एनडीए द्वारा एक लोकप्रिय सरकार को फिर से स्थापित करने के संकेत मिल रहे ▶▶ शेष पेज 5 पर

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने मुख्य चुनाव आयुक्त पर लगाये कई आरोप

## एसआईआर मामले में चुनाव आयोग पहुंची ममता, गुस्से में बीच में ही छोड़ी बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कहा, चुनाव आयोग ने बंगाल को विशेष रूप से निशाना बनाया, 58 लाख मतदाताओं को सूची से हटा

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सोमवार को नई दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ बैठक करने के लिए पहुंची। ममता ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मामले पर अपनी बात रखी और गुस्से में बैठक बीच में छोड़कर बाहर निकल आयी। चुनाव आयोग के अधिकारियों ने बताया कि बैठक के दौरान ममता और उनके साथ आए टीएमसी नेताओं ने अपने मुद्दों पर बात रखी। जब आयुक्त जवाब देने लगे तो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके साथ बैठक में मौजूद टीएमसी नेता गुस्से में आरोप लगाते हुए बाहर चले गए। ममता और टीएमसी नेता काले सॉल ओढ़कर चुनाव आयोग पहुंचें थे। ममता बनर्जी ने कहा मैं लंबे समय से दिल्ली की राजनीति में शामिल हूं। मैं 4 बार मंत्री और 7 बार सांसद रह चुकी हूं। मैंने कभी ऐसा अहंकारी और झूठ बोलने वाला चुनाव आयुक्त नहीं देखा।

बैठक के बाद ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर 'भाजपा का दलाल' होने का आरोप लगाते हुए कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने और उनके साथ आए कुछ एसआईआर-प्रभावित परिवारों और पार्टी नेताओं ने काले शॉल ▶▶ शेष पेज 5 पर

'हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का मप्र भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से 'सार्थक संवाद'

सार्थक संवाद

# पहली प्राथमिकता संगठन के खाली पड़े पद भरना फिर निगम-मंडलों में होंगी नियुक्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का कहना है कि उनकी पहली प्राथमिकता संगठन के खाली पदों को भरना है। संगठन को मजबूत करने के लिए पद भरना बेहद जरूरी है। सत्ता से जुड़े जो पद हैं (यानी, निगम-मंडल) उन्हें भी भरना है लेकिन जब उसका समय आएगा तो उन्हें भी भरा जाएगा। कार्यालय के प्रभारी मंत्री की नियुक्ति पर कहा कि समय आने पर सभी नियुक्तियां कर दी जाएंगी। कुछ विषय बचे हैं उन पर चर्चा होना है इसलिए देर हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा में ▶▶ शेष पेज 5 पर




### ये है पूरी बातचीत

*सवाल: आपने जनसंघ के बाद की भाजपा देखी है और आज की भी भाजपा देख रहे हैं। तब और अब में क्या अंतर है?*

**जवाब:** पहले भाजपा के पास सीमित कार्यकर्ता थे। लोगों की संख्या भी कम थी। इसलिए, हर एक कार्यकर्ता से सतत संपर्क रहता था। आपसी मेल मुलाकात ज्यादा होती थी। अब कार्यकर्ताओं की संख्या ज्यादा है। हर एक काम के लिए हमारे पास लोग हैं। अब डिजिटल का युग है। युग बदला, लेकिन भाजपा का भाव नहीं बदला। आज भी भाजपा पूरी तरह से पारिवारिक माहौल ▶▶ शेष पेज 5 पर

### ये भी कहा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने?

1. *भाजपा में अधिकतर नेता चाहे मंत्री ही क्यों न हों कार्यकर्ता की बात सुनते हैं और सामंजस्य के साथ काम करते हैं*
2. *बयानबाजी एक मानव स्वभाव, जरूरत हुई तो उस पर एक्शन भी लेना पड़ता है*
3. *नितिन नबीन जी काफी सरल और सहज हैं। जमीनी स्तर पर नबीन जी ने बेहद काम किया है*
4. *सत्ता में रहकर जनता और कार्यकर्ता को संतुष्ट रखना बड़ी चुनौती*

## 599 करोड़ की लागत से तैयार हो रहा नया शोधन संयंत्र 105 एमजीडी जल की आपूर्ति करेगा

# इस वर्ष शुरू हो जाएगा चंद्रावल का नया जल शोधन संयंत्र : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के चंद्रावल में 599 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहे 105 एमजीडी की क्षमता वाला नया अत्याधुनिक जल शोधन संयंत्र इसी वर्ष चालू हो जाएगा। यह बात सोमवार मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने समीक्षा बैठक करने के बाद कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2012 में शुरू की गई यह परियोजना पूर्व सरकार की लापरवाही के कारण लटकी रही। गौरतलब है कि आगामी गर्मियों के मौसम के दौरान राजधानी की जलापूर्ति को और प्रभावी बनाने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को जल बोर्ड की समीक्षा बैठक बुलाई। दिल्ली सचिवालय में आयोजित इस उच्चस्तरीय बैठक में दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह व विभाग के आला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने बताया कि चंद्रावल का नया जल शोधन संयंत्र शुरू होने से राजधानी की जल आपूर्ति व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने जानकारी दी कि इस परियोजना के द्वारा वितरित किया जाने वाला जल लगभग 92 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को कवर करेगा, जो दिल्ली के कुल क्षेत्रफल का लगभग 6.20 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पूरा होने से पानी की लीकेज, तकनीकी नुकसान आदि में उल्लेखनीय कमी आएगी, जिससे जल आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार होगा और लोगों को अधिक स्वच्छ पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि योजना के तहत 1331 करोड़ रुपये की लागत से पानी की सप्लाई व घरों तक पहुंचाने वाली पाइप लाइनों को भी बदला जा रहा है। नौ विधानसभा क्षेत्रों के अंतर्गत इन लाइनों में वेस्ट, ईस्ट और मध्य चंद्रावल क्षेत्र नामित तीन वितरण परियोजनाओं में से दो परियोजनाओं को हाल ही में अवार्ड किया गया है। इनमें करोल बाग, सिविल लाइंस, कमला नगर, मलकागंज, शादीपुर, पटेल नगर, शास्त्री नगर, नारायणा, जखीरा, न्यू राजेंद्र नगर, हिंदूराव, ईदगाह, झंडेवालान, रिज रोड, रामलीला ग्राउंड और सुभाष पार्क जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को कवर किया जाएगा। साथ ही इनमें सभी यूजीआर के सुदृढ़ीकरण, मीटर लगाने, कॉन्टेमिनेशन रोकने, शिकायत समाधान केंद्र खोलने के भी कार्य सम्मिलित होंगे। इनसे इन क्षेत्रों में नॉन रेवेन्यू वाटर को तीन वर्ष के भीतर 30-45 प्रतिशत से कम करके 15 प्रतिशत से नीचे लाने का लक्ष्य रखा गया है जिससे जल की हानि कम होगी और जनता को ज्यादा जल उपलब्ध होगा। इन बदले जानी वाली पाइप लाइनों के रखरखाव आदि के लिए 12 वर्ष का एग्रीमेंट होगा, जिसकी लागत अलग से होगी।

### दिल्ली के बड़े हिस्से को जलापूर्ति देगा चंद्रावल संयंत्र

मुख्यमंत्री ने बताया कि चंद्रावल जल शोधन संयंत्र परियोजना दिल्ली की करीब 11 प्रतिशत आबादी को कवर करती है। इस परियोजना से मॉडल टाउन, सदर बाजार, चांदनी चौक, मटिया महल, बल्लीमारान, करोल बाग, पटेल नगर, राजेंद्र नगर और आर. के. पुरम विधानसभा क्षेत्रों में जलापूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाना है। घनी आबादी वाले इन क्षेत्रों में लंबे समय से पानी की आपूर्ति और दबाव से जुड़ी समस्याएं सामने आती रही हैं।

### 2012 में स्वीकृत परियोजना लापरवाही की भेंट चढ़ गई थी

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि चंद्रावल जल शोधन संयंत्र परियोजना को वर्ष 2012 में स्वीकृति दी गई थी। परियोजना के क्रियान्वयन में लंबे समय तक देरी होती रही। पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में बार-बार टेंडर रद्द किए गए और दोबारा आमंत्रित किए गए, जिससे काम आगे नहीं बढ़ सका। इसके साथ ही जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जाइका) के दिशा-निर्देशों का समुचित पालन नहीं होने के कारण फंडिंग में भी विलंब हुआ। इन सभी कारणों से परियोजना की लागत में अतिरिक्त 400 करोड़ रुपये की बेतहाशा वृद्धि हो गई। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में जाइका और भारत सरकार से समन्वय कर, अतिरिक्त बजट दे कर और तकनीकी बाधाएं दूर कर चंद्रावल जल शोधन संयंत्र और तीन जल वितरण परियोजनाओं को नई गति मिली है।

## सड़क दुर्घटना के बाद मोबाइल छीनने का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मध्य जिले में एक सड़क दुर्घटना के बाद मोबाइल फोन छीनने के विभिन्न मामलों में आरोपी 22 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को जानकारी दी कि आरोपी रितिक उर्फ कालवा पहाड़गंज का रहने वाला है। इसे रानी झांसी रोड पर मॉडल बस्ती लाल बत्ती के पास से पकड़ा गया। आरोपी के पास से तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए है।

पुलिस के अनुसार नियमित गश्त पर तैनात एक कांस्टेबल ने देखा कि एक मोटरसाइकिल एक खड़ी कार से टकरा गई। मोटरसाइकिल पर तीन युवक सवार थे। पुलिस को पास आते देख कर तीनों घबरा गए और भागने की कोशिश करने लगे। कांस्टेबल को संदेह हुआ तो उसने मोटरसाइकिल सवारों का पीछा किया और उनमें से एक को पकड़ लिया, जबकि अन्य दो फरार हो गए। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी के पास से तीन मोबाइल फोन बरामद किए। जांच में पता चला कि इनमें से एक फोन मोती नगर थाने में दर्ज झपटमारी के एक मामले से जुड़ा था, जबकि दूसरा फोन लाहौरी गेट थाने में इसी तरह के एक मामले से संबंधित था। पुलिस के अनुसार, आरोपी तीसरे फोन के स्वामित्व दस्तावेज पेश करने में विफल रहा। रितिक ने बताया कि उसने नबी करीम के निवासी अपने साथियों वसीम और सलीम के साथ मिलकर लगभग 10 से 12 दिन पहले आनंद पर्वत क्षेत्र से एक मोटरसाइकिल चुराई थी। तीनों ने कथित तौर पर चोरी की मोटरसाइकिल का इस्तेमाल शहर के अलग-अलग हिस्सों में मोबाइल छीनने की घटनाओं को अंजाम देने के लिए किया। पुलिस ने बताया कि फरार सह-आरोपियों का पता लगाने और बरामद मोबाइल फोन के स्वामित्व की पुष्टि करने के लिए प्रयास जारी हैं।

## गहने चुराने के आरोप में घरेलू सहायिका पकड़ी

**नई दिल्ली।** द्वारका में अपने नियोक्ता के घर से सोने और हीरे के गहने चुराने के आरोप में एक घरेलू सहायिका को मध्यप्रदेश के दमोह से गिरफ्तार किया गया है। दमोह निवासी घरेलू सहायिका लक्ष्मी रानी बंसल के पास से सोने की दो चूड़ियां, सोने की बालियों की एक जोड़ी, हीरे की बालियों की एक जोड़ी, झुमके के साथ एक सोने का पेंडेंट और झुमके के साथ एक सोने का हार बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार इस संबंध में 22 जनवरी को एक शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसके बाद द्वारका के सेक्टर-23 थाने में एक ई-प्राथमिकी दर्ज की गई। चोरी की घटना सामने आने के तुरंत बाद बंसल अपने किराए के मकान से लापता हो गई थी, जिससे पुलिस को उस पर संदेह हुआ। बंसल के फोन कॉल रिकॉर्ड के विश्लेषण से पता चला कि वह मध्यप्रदेश में अपने पैतृक स्थान चली गई है। मध्यप्रदेश में स्थानीय पुलिस की सहायता से दमोह जिले के गांव पथरिया में उसके घर पर छापा मारा गया। पुलिस ने बताया कि उसे गिरफ्तार कर आभूषण जब्त कर लिये गये हैं।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मो. दिलशाद पुत्र अब्दुल करीम निवासी E-57/E-3/40, सुंदर नगरी, नंद नगरी, दिल्ली ने FIR No. 186/2020 U/S 188 IPC, अन्तर्गत थाना नंद नगरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मो. दिलशाद** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मो. दिलशाद** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 186/2020 U/S 188 IPC, अन्तर्गत थाना नंद नगरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मो. दिलशाद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.03.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री दीपाक्षी राणा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
कक्ष संख्या 19, प्रथम तल, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/1370/NE/2026(Court Matter)


## जमानत पर छूटे अपराधी ने दो लोगों को चाकू मारकर किया घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



मध्य दिल्ली में नशे की हालत में दो लोगों को चाकू मारने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। वह हाल ही में जमानत पर रिहा हुआ था। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने गिरफ्तारी से बचने के लिए खुद को अपने घर के अंदर बंद कर लिया था और उसके परिवार ने उसे पकड़ने के लिए पहुंची पुलिस टीम को रोकने की कोशिश की।

पुलिस ने बताया कि हौज काजी निवासी अब्दुल समद उर्फ समीर (29) एक खूंखार अपराधी है, जिसके खिलाफ 31 मामले दर्ज हैं। आठ मामलों में अभी भी सुनवाई चल रही है। उसे हाल ही में जनवरी में एक मामले में जमानत पर रिहा किया गया था। घटना में दो लोग चाकू से घायल हुये थे। पुलिस की शिकायत के अनुसार देर रात लगभग 2:30 बजे समद की दो व्यक्तियों के साथ तीखी बहस हुई। पुलिस ने बताया कि उनमें से एक ने कथित तौर पर शिकायतकर्ता से हस्तक्षेप करने को कहा, जिसने मध्यस्थता करने की कोशिश की, लेकिन समद कथित तौर पर आक्रामक हो गया और उसने दोनों पुरुषों पर धारदार वस्तु से हमला किया और भाग गया। बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी निगरानी का विश्लेषण किया गया और स्थानीय खुफिया एजेंसियों को सक्रिय किया गया। टीम ने उसके आवास पर छापा मारा। उस दौरान आरोपी ने गिरफ्तारी से बचने के लिए खुद को घर के अंदर बंद कर लिया, जबकि परिवार के एक सदस्य ने पुलिस कार्रवाई में बाधा डालने की कोशिश की और बार-बार पीसीआर कॉल किए। उन्होंने कहा कि टीम ने संयम बनाए रखा और बाद में गेट तोड़कर समद को पकड़ लिया।

## निजी अस्पतालों की मनमानी रोकने के लिए क्लिनिकल ऐटाबलिशमेंट एक्ट देशभर में लागू हो : मालीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली से राज्य सभा सांसद स्वाति मालीवाल ने संसद में निजी अस्पतालों और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों की मनमानी पर बोलते हुए मांग की है क्लिनिकल ऐटाबलिशमेंट एक्ट को सभी राज्यों में अनिवार्य किया जाए इसके साथ ही आपात इलाज में पहले इलाज, बाद में बिल को लेकर कानून बनाया जाए। इसके अलावा उन्होंने मांग की है कि अस्पतालों में पारदर्शी और उचित बिलिंग व्यवस्था लागू हो और बीमा प्रीमियम बढ़ोतरी पर सख्त निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी है कि निजी अस्पतालों में मरीज को इंसान समझा जाए, राजस्व का साधन नहीं। यह देश की स्वास्थ्य व्यवस्था और आम नागरिक की गरिमा का सवाल है। स्वाति मालीवाल ने निजी अस्पतालों की मनमानी पर संसद में बोलते हुए कहा कि जब कोई मरीज आपात स्थिति में किसी निजी अस्पताल जाता है, तो इलाज से पहले उससे बीमा और पैसों के बारे में पूछा जाता है। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में डीलक्स, प्रीमियम और सुइट जैसे कमरों के नाम पर फाइव स्टार होटलों से भी अधिक किराया वसूला जा रहा है। थर्मामीटर, दस्ताने, मास्क, सैनिटाइजर जैसी बुनियादी चीजें भी बिल में जोड़ दी जाती हैं।

## गोविंदपुरी में युवक की खून से लथपथ लाश मिली, हत्या का केस दर्ज

**नई दिल्ली।** गोविंदपुरी थाना अंतर्गत कांगर मोहल्ला, तुगलकाबाद में एक शख्स की चाकुओं से गोदकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। पुलिस को वारदात की सूचना सोमवार शाम करीब पौने चार बजे मिली। मृतक का नाम हिमांशु कुमार चौहान उर्फ अंशु पुत्र सतीश कुमार चौहान के रूप में हुई है। वह मूलरूप से एटा, उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। दिल्ली पुलिस ने बताया कि गोविंदपुरी थाने में दोपहर लगभग 3:45 बजे झगड़े के बारे में एक पीसीआर कॉल मिली। यह घटना कांगर मोहल्ला, तुगलकाबाद, गोविंदपुरी में हुई। मौके पर पहुंचने पर स्टाफ को हाउस नंबर 268 में एक कमरे के दरवाजे पर लगभग 20-25 साल के एक अनजान आदमी की खून से लथपथ लाश मिली। क्राइम टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया और जरूरी सबूत इकट्ठा किए। लाश को एम्स के मुर्दाघर में भेज दिया है। बाद में मृतक की पहचान हिमांशु कुमार चौहान के रूप में हुई है। वह मूल रूप से एटा, उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। वह पहले ओखला फेज 1 में हाउसकीपिंग का काम करता था, लेकिन पिछले तीन महीनों से उसके पास नौकरी नहीं थी। आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उन्हें पकड़ने की कोशिश की जा रही है। संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **अनिल उर्फ गौरव** पुत्र भाग सिंह, निवासी- झुग्गी नंबर 262, जयपुर गोल्डन हॉस्पिटल, सेक्टर-3, रोहिणी, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 47/2022 धारा 379/34 भा.द.स, थाना शाहबाद डेरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनिल उर्फ गौरव** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **अनिल उर्फ गौरव** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **अनिल उर्फ गौरव, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 47/2022 धारा 379/34 भा.द.स, थाना शाहबाद डेरी, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.03.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री भारती बेनीवाल**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-05 (उत्तर)
कोर्ट रूम नंबर 114, पहली मंज़िल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/1359/ON/2026


## डीडीए यमुना जैव विविधता पार्क ने विश्व आर्द्रभूमि दिवस 2026 मनाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के यमुना जैव विविधता पार्क ने 2 फरवरी 2026 को पुनर्स्थापित आर्द्रभूमि के निकट स्थित अपने एम्फीथिएटर में विश्व आर्द्रभूमि दिवस मनाया। डीडीए द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह कार्यक्रम आर्द्रभूमि और पारंपरिक ज्ञान, सांस्कृतिक विरासत का उत्सव विषय पर केंद्रित था, जिसमें इस बात पर प्रकाश डाला गया कि आर्द्रभूमि संरक्षण पारंपरिक प्रथाओं में गहराई से निहित है और यह कोई आधुनिक अवधारणा नहीं है। कार्यक्रम में 350 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। भाग लेने वाले लोगों में दिल्ली विश्वविद्यालय के अंतर्गत एसपीएम कॉलेज, केशव महाविद्यालय, स्कूल ऑफ बिजनेस इकोनॉमिक्स, जाकिर हुसैन कॉलेज, श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज, आईपी कॉलेज फॉर विमेन, दिल्ली कौशल एवं उद्यमिता विश्वविद्यालय, सत्यवती कॉलेज, एमवी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, माता सुंदरी कॉलेज और शिवाजी कॉलेज के छात्र, शोधकर्ता, यूपीएससी के उम्मीदवार, शिक्षाविद, पत्रकार, प्रकृति प्रेमी, स्थानीय समुदाय और डीडीए के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।

## ममता बनर्जी की दिल्ली पुलिस से बहस, बंगाल से आए एसआईआर प्रभावित परिवारों को धमकाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ आरोपों का दिल्ली पुलिस ने किया खंडन, पुलिस ने बंग भवन में घुसने और रास्ता रोकने की बात खारिज की

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सोमवार को दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित 'बंग भवन' के बाहर तैनात दिल्ली पुलिस के सुरक्षाकर्मियों से बहस हुई और उन्होंने बंगाल में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से प्रभावित परिवारों का उत्पीड़न करने और धमकाने का आरोप लगाया। उन्होंने बंग भवन के आसपास बड़ी तादाद में पुलिसकर्मियों की तैनाती पर सवाल उठाये। उधर दिल्ली पुलिस ने बंग भवन में जबरन घुसने या किसी का रास्ता रोकने की बात का खंडन किया है। दिल्ली पुलिस ने सभी की सुरक्षा को अपनी प्रतिबद्धता बताया है।

स्पेशल सीपी देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने एक प्रेसवार्ता में बताया कि दिल्ली पुलिस द्वारा पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री को जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त है। प्रोटोकॉल के तहत दिल्ली में उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी दिल्ली पुलिस की है, जिसके लिए पश्चिम बंगाल पुलिस ने पहले ही सूचित कर दिया था। चाणक्यपुरी और हेली रोड स्थित बंग भवन में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इस कार्य में दिल्ली पुलिस के साथ केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवानों को भी तैनात किया गया है।

दिल्ली पुलिस ने स्पष्ट किया कि कोई भी पुलिसकर्मी बंग भवन के अंदर नहीं घुसा है और न ही वहां रहने वालों की आवाजाही पर कोई रोक लगाई गई है। श्रीवास्तव ने कहा कि सूचना मिली है कि एक राजनीतिक दल के लगभग 150-200 समर्थक दिल्ली के विभिन्न होटलों और गेस्ट हाउसों (दक्षिण, नई और मध्य दिल्ली) में ठहरे हुए हैं, जहां वीवीआईपी और वरिष्ठ नेताओं के जाने की संभावना थी। इसी कारण उन स्थानों पर पर्याप्त बल तैनात किया गया।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में संसद का बजट सत्र चलने के कारण पूरी राजधानी में सुरक्षा कड़ी है। निर्धारित प्रक्रिया के तहत होटलों और व्यक्तियों की नियमित चेकिंग की जा रही है।

## किशोर की हत्या के प्रयास का मामला सुलझा, चार नाबालिग पकड़े

**नई दिल्ली।** पुलिस ने चार नाबालिगों को हिरासत में लेकर पटेल नगर इलाके में हत्या के प्रयास के एक मामले को सुलझाने का दावा किया है। घटना 28 जनवरी को पटेल नगर में दयानंद मॉडल पब्लिक स्कूल के पास उस वक्त हुई थी, जब 16-वर्षीय एक लड़के पर कथित तौर पर चाकू से हमला किया गया। वह नाबालिग उस वक्त अपने पिता की स्कूल वैन में बैठा था। पुलिस के अनुसार लड़के का पिता उस समय दूसरे स्कूल से छात्रों को लाने गया था। पीड़ित का पांच-छह दिन पहले कुछ लड़कों के साथ निजी विवाद को लेकर झगड़ा हुआ था, जिसके दौरान उसे धमकी दी गई थी। 28 जनवरी को दोपहर दो बजे पीड़ित के परिचित तीन-चार लड़के मौके पर पहुंचे और कथित तौर पर वाहन के खिड़की के शीशे को तोड़ना शुरू कर दिया। लड़के ने वैन से उतरकर जब भागने की कोशिश की तो हमलावरों में से दो ने उसे पकड़ लिया, जबकि एक अन्य ने उसे जान से मारने के इरादे से पीठ पर चाकू से दो वार किये। इसके बाद हमलावर भाग गए। घायल ने अपने पिता को इस बारे में सूचित किया, जिसके बाद उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। चोटों की गंभीरता को देखते हुए उसे राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया था। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपियों को पकड़ने के लिए एक टीम गठित की। मुखबिर की सूचना के आधार पर आनंद पर्वत के रामजस पार्क में छापा मार चार नाबालिगों को पकड़ लिया गया।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी रोहतक | वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु एग्रो मॉल, रोहतक में विद्युतीकरण प्रणाली का व्यापक वार्षिक रखरखाव और प्रचालन + 1 कार्य। | 30.01.2026 10.02.2026 | रु.78,88,965/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812100311 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/42622/I/88/7 दि. 02.02.26


## महिला को लिफ्ट देकर सोना और कैश ठगने वाला दबोचा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नॉर्थ वेस्ट जिले की मौर्य एंक्लेव पुलिस ने बैंक अधिकारी बनकर सत्यापन की बात कहकर एक महिला से सोना व कैश ठगने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी का नाम राहुल उर्फ अजय उर्फ संतोष बताया गया है। आरोपी सात मामलों में अपराधी घोषित था। उस पर नौ मामले दर्ज पाये गये हैं।

एडिशनल सीपी भीष्म सिंह के अनुसार गत 18 जनवरी को मौर्या एंक्लेव पुलिस को सोना व कैश ठगने के संबंध में एक शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह अपने निवास से उत्तम नगर स्थित मायके जा रही थी। वह बस बदलने के लिए हैदरपुर बस स्टैंड पर उतरी। इसी दौरान एक लड़का उसके पास आया और उसी दौरान एक सैंट्रो कार उसके सामने आकर रुकी। कार में सवार व्यक्तियों ने स्वयं को बैंक से संबंधित बताते हुए उसे लिफ्ट देने की पेशकश की। कार में बैठने के बाद ठगों ने सत्यापन की बात कहकर उससे सोने के आभूषण व कैश ले लिया। इसके बाद ठगों ने उसे जल्दी से कार से उतरने को कहा और एक लिफाफा थमा दिया। लिफाफा खोलने पर उसमें केवल कागज पाए गए। इसके बाद पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई। टीम ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसी बीच टीम को आरोपी की लोकेशन लोनी बॉर्डर के पास मिली। इसके बाद टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ कर उसके फरार साथियों की तलाश जारी है।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सूचना, लोक सम्पर्क एवं भाषाएं विभाग निदेशालय, हरियाणा | राजकीय समारोहों/कार्यक्रमों के लिए कार्य के क्षेत्र में वर्णित अनुसार जर्मन हैंगर / टेंटेज के साथ-साथ अन्य मदों की स्थापना हेतु फर्मों/एजेंसियों का पैनल तैयार करना (निविदा आईडी : 2026_HRY_499872_1) | 31.01.2026 02.03.2026 | ईएमडी 15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1725046246 directorshaheedsamarak@gmail.com |
| 2 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में पलवल में ज्यूडीशियल ब्लॉक में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुविधाएं जो मौजूद नहीं है, के प्रावधान हेतु विशेष मरम्मत आकलन (जीएसटी के बिना)। | बंद होने की तिथि 04.02.2026 | 70.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 3 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, सिरसा | मोहम्मदपुरिया :- 300 मिमी आई/डी आरसीसी पाइप इनलेट चैनल, आकार 17.38 × 72.00 × 3.66 मी. का एक अदद एस/एस टैंक, आकार 4.57 × 3.05 × 1.83 मी. का एक अदद आरसीसी हाई लेवल टैंक, आकार 8.70 × 5.75 मी. का एक अदद आरसीसी फिल्टर बेड, आकार 6.25 × 4.25 × 2.44 मी. का एक अदद सीडब्ल्यूटी का निर्माण, टॉयलेट ब्लॉक का निर्माण, हैंडवर्क्स पाइप लाइन बिछाना, पेंटिंग, डिस्टेम्परिंग और स्नोसेम, वितरण पाइप लाइन बिछाना, टैप कनेक्शन की बहाली और जलघर मोहम्मदपुरिया में उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य + 2 कार्य। | 31.01.2026 26.02.2026 | 177.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in |
| 4 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी हिसार | हिसार शहर में सुपर सकर गाद निकालने की मशीन द्वारा विभिन्न आकार के सीवर लाइंस की सफाई। पी1 | बंद होने की तिथि 06.02.2026 | 249.57 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01662-247033 eephisar@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव फौगाट में मेन फिरनी की पेवमेंट। | 27.01.2026 04.02.2026 | 71.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव मोहना ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में अपशिष्ट जल की शोधन प्रक्रिया (जीडब्ल्यूएम) और ड्रेन्स का निर्माण + 3 कार्य। | 30.01.2026 06.02.2026 | 135.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव पावटा, ब्लॉक फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण, एसएफसी। | 30.01.2026 06.02.2026 | 51.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज रोहतक | गांव निंदाना टिगरी में पीएचसी रोड से महम गोहाना बाईपास तक आईपीबी गली का निर्माण + 8 कार्य। | 29.01.2026 25.02.2026 | 89.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813604629 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज करनाल | बीबीपुर जाट्टान - गांव बीबीपुर जाट्टान में सैनी चौपाल का निर्माण, वीएएनजीवाई स्कीम + 5 कार्य। | 29.01.2026 07.02.2026 | 98.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज करनाल | गांव पोपड़ा ब्लॉक असंध में आंगनवाड़ी केन्द्र से रामदत्त शर्मा के मकान तक आईएलपीबी सहित फिरनी का निर्माण। | 30.01.2026 09.02.2026 | 30.85 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/200/42606/I/88/7 दि. 02.02.26

## दिल्ली के लिए बहुआयामी लाभ वाला बजट

# केंद्रीय बजट में दिल्ली के लिए एक हजार 348 करोड़ की सहायता : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




केंद्रीय बजट 2026-27 विकसित और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मजबूत कदम है। यह बजट न केवल देश के हर वर्ग को भरोसा देता है, बल्कि दिल्ली जैसे महानगर के लिए भी नए अवसरों के द्वार खोलता है। इसमें दिल्ली के लिए सीधे 1 हजार 348 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस बात की जानकारी दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रैसवार्ता में कही।

मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली को आवंटित राशि इंफ्रास्ट्रक्चर, पानी और अन्य बुनियादी सुविधाओं पर खर्च होगी। उन्होंने चंद्रावल जल परियोजना का उदाहरण देते हुए कहा कि चंद्रावल वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट जैसी योजनाओं से पानी की आपूर्ति बेहतर होगी, पुराने इलाकों में जल दबाव सुधरेगा और 24 घंटे पानी उपलब्ध कराने की दिशा में काम आगे बढ़ेगा। इससे साफ है कि केंद्र सरकार दिल्ली की रोजमर्रा की जरूरतों को गंभीरता से समझती है।मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय बजट तीन अहम जिम्मेदारियों पर आधारित है। पहली, देश की आर्थिक गति को तेज करना और उसे स्थिर बनाए रखना, दूसरी, लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करते हुए उनकी क्षमताओं को बढ़ाना, ताकि हर नागरिक विकास का हिस्सा बन सके; और तीसरी, 'सबका साथ, सबका विकास' के विचार को जमीन पर उतारना। उन्होंने कहा कि यह बजट युवाओं पर भरोसा करता है, गरीब, शोषित और वंचित वर्ग के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है, महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए ठोस कदम उठाता है और मध्यम वर्ग को भी राहत देता है। सीएम ने कहा कि इस बजट में दिल्ली के हितों को खास तौर पर ध्यान में रखा गया है। सड़क, पानी, परिवहन, स्वास्थ्य, रोजगार और सुरक्षा जैसे क्षेत्र तभी बेहतर होते हैं जब केंद्र और राज्य मिलकर काम करें और यह बजट उसी सहयोग की ताकत को दिखाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बजट स्पष्ट तौर पर दिखाता है कि केंद्र सरकार दिल्ली के विकास को लेकर गंभीर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह स्पष्ट रूप से विकासोन्मुखी बजट है। पूंजीगत खर्च बढ़ाकर निर्माण गतिविधियों और रोजगार सृजन को गति दी गई है। जहां पिछले वर्ष पूंजीगत खर्च 11.2 लाख करोड़ रुपये था, वहीं इस वर्ष इसे बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है। इससे अधिक सड़कें बनेंगी, नई परियोजनाएं शुरू होंगी और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे, जिसका सीधा लाभ दिल्ली जैसे बड़े शहरों को भी मिलेगा।

### महिलाओं और युवाओं पर खास फोकस

महिलाओं और युवाओं को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में लड़कियों के लिए हॉस्टल निर्माण जैसे महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं ताकि वे बिना किसी बाधा के अपनी शिक्षा पूरी कर सकें। युवाओं के लिए नए कौशल, आधुनिक तकनीक और रोजगार के नए रास्ते खोले गए हैं। स्वास्थ्य, खेल और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में भी रोजगार बढ़ाने पर खास ध्यान दिया गया है। कुल मिलाकर उन्होंने कहा कि यह बजट विकास, सुधार और राहत, तीनों को एक साथ लेकर चलता है।

### ऑरेंज इकॉनमी पर जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्त मंत्री ने अपने बजटीय भाषण में ऑरेंज इकॉनमी का उल्लेख किया है, जो अत्यंत सराहनीय कदम है। उन्होंने बताया कि एवीजीसी (एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स) जैसे उभरते क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा 15 हजार सेकेंडरी स्कूलों और 500 कॉलेजों में 'कंटेंट क्रिएशन लैब्स' स्थापित करने की योजना बनाई जा रही है। दिल्ली सरकार इस पहल के तहत दिल्ली के सेकेंडरी स्कूलों और कॉलेजों को भी जोड़ेगी।

### दिल्ली पुलिस के लिए 12,503 करोड़

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली पुलिस का पूरा खर्च केंद्र सरकार उठाती है, जो राजधानी के लिए बड़ी राहत है। वर्ष 2026-27 के बजट में इसके लिए 12,503 करोड़ रुपये रखे गए हैं। इसमें पुलिसकर्मियों का वेतन, थानों का संचालन, वाहन, तकनीक और सुरक्षा से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं शामिल हैं।

# नालियों में कचरा फेंकना बंद करे लोग : एमसीडी




- कार्टून के माध्यम से किया जा रहा जागरूक
- गीले कचरे से खाद बनाने और स्वच्छ दिल्ली का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के उद्देश्य से 'कार्टून आधारित जन-जागरूकता अभियान' शुरू किया है। दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने इस अभियान के माध्यम से नागरिकों से 'नालियों, नालों और अन्य जल निकायों में कचरा न फेंकने' तथा 'सूखे और गीले कचरे को अलग-अलग करने' की अपील की है।

कार्टून में सरल और प्रभावी संवादों के जरिए यह संदेश दिया गया है कि 'नालियों में कचरा डालने से जलभराव और प्रदूषण की समस्या बढ़ती है', जबकि कचरे को स्रोत पर ही अलग करने से उसका उचित पुनः उपयोग और निपटान संभव हो पाता है। अभियान में यह भी बताया गया है कि गीले कचरे से खाद बनाकर पर्यावरण संरक्षण में नागरिक अहम भूमिका निभा सकते हैं।

महापौर सरदार राजा इक़बाल सिंह ने कहा कि दिल्ली को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी केवल निगम की नहीं, बल्कि हर नागरिक की है। यदि लोग गीले और सूखे कचरे को अलग करें और जल निकायों को कचरे से मुक्त रखें, तो हम मिलकर एक स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर दिल्ली का निर्माण कर सकते हैं। एमसीडी ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस अभियान में सहभागी बनें और स्वच्छता को अपनी दैनिक आदत का हिस्सा बनाएं।

## खबर संक्षेप

### 13 फरवरी से 'दिल्ली खेल महाकुंभ' का शुभारंभ : सूद

नई दिल्ली। दिल्ली खेल महाकुंभ' का शुभारंभ 13 फरवरी से होगा। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता करेगी। इस बात की जानकारी सोमवार को दिल्ली के शिक्षा एवं खेल मामलों के मंत्री आशीष सूद ने प्रैसवार्ता में दी। सूद ने बताया कि प्रारंभिक चरण में इसमें कबड्डी, फुटबॉल, एथलेटिक्स, रेसलिंग, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल और स्क्वैश समेत सात खेलों को शामिल किया गया है, जिनमें 20 हजार से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। यह महाकुंभ एक महीने तक दिल्ली के 16 विभिन्न स्टेडियमों एवं वेन्यूज जैसे बवाना, विकासपुरी, नजफगढ़ सहित राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित किया जाएगा, ताकि हर क्षेत्र के युवाओं को समान अवसर मिल सके।

### घने कोहरे में लिपटी रही दिल्ली, यातायात हुआ प्रभावित

नई दिल्ली। रोज मिजाज बदलते मौसम के चलते सोमवार को राजधानी कोहरे में लिपटी रही, दोपहर के समय कोहरे से कुछ राहत जरूर मिली। घने कोहरे के कारण दिल्ली हवाई अड्डे से लेकर रेल व सड़क यातायात प्रभावित हुआ। न्यूनतम पारे में मामूली गिरावट जरूर देखने को मिली। इस बारे में भारतीय प्रादेशिक मौसम विभाग (आईएमडी) ने बताया कि पूर्व अनुमान के तहत ही मौसम का रंग देखने को मिला है। दिल्ली के कई इलाकों में सुबह घना कोहरा छाया रहा। इनमें धौला कुआं, अक्षरधाम, द्वारका और मदर टेरेसा क्रिसेंट मार्ग जैसे इलाकों में मध्यम कोहरा देखा गया।

## प्रदूषण बजट में कटौती दिल्ली के साथ विश्वासघात : यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने केंद्रीय बजट को लेकर बोला है कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए आवंटित बजट में 209 करोड़ की कटौती करना सरकार की मनोदशा का आईना है। केन्द्रीय बजट में वर्ष 2024-25 में प्रदूषण नियंत्रण के लिए आवंटित 858 करोड़ रुपये से 31 जनवरी 2025 तक एक प्रतिशत से भी कम 7.22 करोड़ खर्च करना केन्द्र सरकार की प्रशासनिक गैर जिम्मेदारी को दर्शाता है।

उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली के प्रदूषण पर नियंत्रण करने में पहले से ही नाकाम रेखा गुप्ता सरकार के बाद अब बीजेपी की केन्द्र सरकार की वासत्विकता सामने आ गइर है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार भी नहीं चाहती कि खतरनाक दमघोटू प्रदूषण से दिल्लीवासियों को राहत मिले। दिल्ली में पिछले वर्ष प्रदूषण नियंत्रण पर देश भर के लिए आवंटित 1300 करोड़ के बजट को इस साल घटाकर 1091 करोड़ करना भाजपा सरकार की प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई की अनदेखी दिखाती है। उन्होंने कहा कि जहरीली हवा से ग्रस्त राजधानी के प्रदूषण नियंत्रण के लिए सीएक्यूएम को 35.26 करोड़ आवंटित करना नाकाफी राशि है।

### भाजपा सरकार का प्राइवेट स्कूल फीस कंट्रोल एक्ट मिडिल क्लास के साथ धोखा : सौरभ

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज सोमवार को कहा कि प्राइवेट स्कूल फीस कंट्रोल एक्ट के नाम पर भाजपा सरकार मिडिल क्लास को धोखा दे रही है। उन्होंने कहा कि सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली सरकार ने साफ कर दिया है कि ये एक्ट निजी स्कूलों की फीस को कंट्रोल, कम या संशोधित नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार निजी स्कूल लॉबी के लिए काम कर रही है। 'आप' ने हमेशा इस कानून को निजी स्कूलों के लिए मददगार बताया, लेकिन भाजपा ने इसे मास्टर स्ट्रोक बताकर मिडिल क्लास को धोखा दिया। सोमवार को एक्स पर सौरभ भारद्वाज ने कहा कि यह एक बड़ी खबर है और दिल्ली के मिडिल क्लस के लिए यह एक बड़ा झटका है। भाजपा सरकार का निजी स्कूलों में फीस कंट्रोल करने के लिए लाया गया निजी स्कूल फीस कंट्रोल एक्ट मिडिल क्लास के साथ बड़ा धोखा साबित हुआ है। भाजपा सरकार ने इस एक्ट को मास्टर स्ट्रोक बताकर खूब प्रचारित किया था। सौरभ ने कहा कि सोमवार को भाजपा की दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि उसका दिल्ली स्कूल शिक्षा (शुल्क निर्धारण और विनियमन में पारदर्शिता) अधिनियम, 2025 उन निजी स्कूलों की फीस को नियंत्रित, कम या संशोधित नहीं करेगा, जिन्होंने वित्तीय वर्ष 2025-26 में फीस में बेतहाशा वृद्धि कर दी थी। सौरभ ने याद दिलाया कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने के तुरंत बाद ही अधिकांश निजी स्कूलों ने 2025-26 के लिए फीस में 20 से 80 फीसद तक की बढ़ोतरी कर दी थी।

## आने वाले समय में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेंगे दिव्यांग बच्चे : सत्या शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- दिल्ली नगर निगम ने द्वारका में द्वितीय दिव्यांग महोत्सव का किया आयोजन

दिल्ली नगर निगम का यह सराहनीय प्रयास इन दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा को निखारने में सहायक सिद्ध होगा और आने वाले समय में ये बच्चे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेंगे। दिल्ली नगर निगम में स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि द्वारका स्थित ककरोला स्टेडियम में द्वितीय दिव्यांग महोत्सव के भव्य आयोजन पर यह संबोधन दिया।

उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों के भीतर एक विशेष शक्ति होती है और दिल्ली नगर निगम के स्कूलों में पढ़ने वाले ये बच्चे अद्भुत प्रतिभा के धनी हैं। उन्होंने शिक्षकों से भी आह्वान किया कि वे दिव्यांग बच्चों पर विशेष ध्यान दें ताकि उनकी प्रतिभा को और बेहतर रूप में विकसित किया जा सके। शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिया गया 'दिव्यांग' शब्द यह दर्शाता है कि ये बच्चे अक्षम नहीं, बल्कि सक्षम हैं। इनके अंदर अपने हौसलों की उड़ान भरने का आत्मविश्वास है। जब यह आत्मविश्वास मजबूत होता है, तो ये बच्चे हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने सभी अध्यापकों की सराहना करते हुए कहा कि आप एक पुण्य का कार्य कर रहे हैं। आपके प्रयासों से बच्चों में जो आत्मविश्वास जागृत होगा, उसका परिणाम निश्चित रूप से सुखद होगा। शिक्षा समिति ऐसे कार्यक्रमों को निरंतर आगे भी आयोजित करती रहेगी। विशिष्ट अतिथियों में क्षेत्रीय विधायक संदीप सहरावत, उपाध्यक्ष अमित खड़खड़ी, जोन अध्यक्ष सविता पवन शर्मा, उपाध्यक्ष देवेंद्र डबास, क्षेत्रीय निगम पार्षद सुदेश गहलोत, क्षेत्रीय उपायुक्त सुमित कुमार, उपनिदेशक शिक्षा कामना रावत एवं कार्यक्रम के संयोजक विकास डागर उपस्थित रहे।

### डीडीए का पलाश महोत्सव 2026 का आयोजन, दिखेगी फूलों की बहार

नई दिल्ली। बसंत पंचमी के बाद दिल्ली में इस समय फूलों की बहार देखने को मिल रही है। इसी बीच दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) पलाश महोत्सव नामक तीन दिवसीय आयोजन करने जा रहा है। महोत्सव का उद्घाटन उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना कर सकते है। डीडीए के एक अधिकारी ने बताया कि यह मौसम पलाश के फूलों के खिलने का सबसे बढ़िया सीजन होता है। लाल सुर्ख बड़े बड़े पलाश के फूल पेड़ों पर खिले हुए बेहद सुंदर लगते है। डीडीए दिल्ली वालों को पलाश के फूलों की खूबसूरती के दीदार करने के लिए इस बार भी तीन दिवसीय पलाश महोत्सव का आयोजन कर रहा है। ऐसा लगता है जब पूरा शहर एक साथ खिलता हो, तो जादू होता है। पलाश एक ऐसा वृक्ष है जिसके फूल बहुत ही आकर्षक होते हैं। इसके आकर्षक फूलों के एकदम लाल सुर्ख रंग के कारण इसे जंगल की आग भी कहा जाता है। डीडीए 14-16 फरवरी तक दिल्ली में चार शानदार जगहों पर पलाश फूलों, संस्कृति और क्रिएटिविटी के शानदार जश्न का अनुभव करने के लिए आमंत्रित करता है। अधिकारी के अनुसार पलाश महोत्सव का आयोजन यमुना किनारे बसे बांसरा, बिरसा मुंडा चौक, लाला हरदयाल पार्क जसोला, अशोक पार्क अशोक विहार और स्मृति वन पार्क नरेला में किया जाएगा। दिल्ली वालों को बच्चों सहित इस महोत्सव में शामिल होकर लाल फूलों का आनंद लेना चाहिए। अधिकारी ने कहा कि डीडीए आमंत्रित करता है आइए, दिल्ली की फूलों की कहानी का हिस्सा बनें।

## 2027 तक जल निकायों की बहाली और कूड़े के पहाड़ों से मुक्त होगी दिल्ली : सिरसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- वेटलैंड्स जीवन, संस्कृति और पर्यावरण सुरक्षा की आधारशिला

वेटलैंड्स को जीवन, संस्कृति और पर्यावरण सुरक्षा की आधारशिला बताते हुए कहा कि जल स्त्रोतों का संरक्षण पर्यावरण के प्रति हमारी ज़िम्मेदारी होने के साथ साथ हमारी परंपराओं और भविष्य की सुरक्षा से जुड़ा विषय है। यह बात सोमवार को दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने विश्व वेटलैंड्स दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कही।

सिरसा ने अपने वक्तव्य में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पर्यावरण संरक्षण को राष्ट्रीय मिशन का रूप दिया है और दिल्ली सरकार मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व भी उसी दिशा में ठोस और परिणामकारी कदम उठा रही है। मंत्री सिरसा ने बताया कि दिल्ली में कभी 1 हजार से अधिक जल स्रोत मौजूद थे, जो समय के साथ अतिक्रमण और उपेक्षा का शिकार हुए। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने सभी जल स्रोतों के पुनरुद्धार का संकल्प लिया है और लक्ष्य रखा गया है कि वर्ष 2027 के अंत तक अधिकतम जल निकायों को पूरी तरह बहाल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दिल्ली की असोला भाटी स्थित ऐतिहासिक नीली झील को रामसर साइट घोषित कराने के लिए केंद्र सरकार के साथ समन्वय में कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय पर्यावरण राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह, पर्यावरण मंत्रालय के सचिव, डीजी फॉरेस्ट सहित वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मंत्री सिरसा ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी स्टॉल्स का अवलोकन किया और वर्ल्ड वेटलैंड्स डे के अवसर पर आयोजित राष्ट्रव्यापी पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 3.6 लाख छात्रों में से चयनित कलाकृतियों को भी देखा।

### संत परमानंद अस्पताल में विधायकों का स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली के संत परमानंद अस्पताल में विधायकों का वार्षिक स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम सोमवार 2 फरवरी से शुरू हो गया है जो 14 फरवरी तक जारी रहेगा। इस कार्यक्रम का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वस्थ जनप्रतिनिधि ही सशक्त संस्थानों की नींव होते हैं और बेहतर जनसेवा सुनिश्चित करते हैं। गुप्ता ने बताया कि यह पहल दिल्ली विधानसभा के सभी सदस्यों के साथ संवाद और सहमति के माध्यम से एक नई शुरुआत के रूप में आरंभ की गई है। उन्होंने कहा कि आज से औपचारिक रूप से वार्षिक स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है, जिसके अंतर्गत प्रतिदिन छह विधायक अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराएंगे। अध्यक्ष ने बताया कि कार्यक्रम के पहले दिन विधायक सूर्य प्रकाश खत्री, पूनम भारद्वाज एवं अनिल झा ने स्वास्थ्य परीक्षण में भाग लिया। उन्होंने इस पहल को एक सकारात्मक कदम बताते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों को निरंतर जनता के बीच सक्रिय रहना पड़ता है, ऐसे में उनके लिए नियमित स्वास्थ्य परीक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रभावी जनसेवा तभी संभव है जब जनप्रतिनिधि शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से सक्षम और भावनात्मक रूप से सकारात्मक हों। गुप्ता ने बताया कि यह कार्यक्रम दो सप्ताह, 2 से 14 फरवरी 2026 तक चलेगा और प्रतिदिन पांच विधायक उत्साहपूर्वक इसमें भाग लेंगे।

## शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

# मिड-डे-मील योजना : औचक निरीक्षण में पाई अनियमितताएं, जांच के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष अमित खरखड़ी ने भारतीय मानव कल्याण समिति एवं दलित मानव उत्थान समिति द्वारा संचालित मिड डे मील किचन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अनिययमितताएं पाई गई जिसके बाद निगम के शिक्षा अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए हैं।

शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष अमित खरखड़ी ने बताया कि संस्थाओं के औचक निरीक्षण के दौरान कई गंभीर खामियां सामने आईं। दलित मानव उत्थान समिति द्वारा संचालित मिड डे मील किचन में ऑयल कैचर उपलब्ध नहीं पाया गया, जो स्वच्छता और पर्यावरणीय मानकों का स्पष्ट उल्लंघन है। इसके अतिरिक्त संस्था का स्टॉक रजिस्टर भी निरीक्षण के समय मौके पर उपलब्ध नहीं पाया गया, जिससे कार्यप्रणाली की पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े होते हैं। वहीं, भारतीय मानव कल्याण समिति के एफसीआई स्टॉक का निरीक्षण किए जाने पर यह पाया गया कि संबंधित गोदाम तय मानकों के अनुसार निर्धारित स्थान से लगभग तीन से चार किलोमीटर दूर स्थित है।

प्रत्यक्ष सत्यापन के दौरान लगभग 750 क्विंटल गेहूं तथा 150 क्विंटल चावल अतिरिक्त मात्रा में पाया गया, जो सरकारी अभिलेखों से मेल नहीं खाता। यह स्थिति सरकार से प्राप्त अनाज के संभावित दुरुपयोग और हेराफेरी की ओर गंभीर संकेत करती है।

### कोताही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं


शिक्षा समिति उपाध्यक्ष अमित खरखड़ी ने कहा कि मिड डे मील योजना सीधे तौर पर बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और भविष्य से जुड़ी हुई है और इसमें किसी भी प्रकार की कोताही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि बच्चों के अधिकारों से खिलवाड़ करने वाली किसी भी संस्था या व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और दोषी पाए जाने पर सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### 'ग्लोबल एआई समिट से पहले एमसीडी ने तेज की तैयारियां'

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने राजधानी दिल्ली में आगामी दिनों में होने जा रहे 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) ग्लोबल समिट' को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। इसे लेकर सोमवार को नजफगढ़ जोन के उपायुक्त सुमित कुमार ने वरिष्ठ निगम अधिकारियों के साथ एयरपोर्ट क्षेत्र और महिपालपुर वार्ड का ज़मीनी निरीक्षण किया। यह निरीक्षण क्षेत्रीय पार्षद इंद्रजीत सहरावत, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की टीम और जोनल विभागों के समन्वय से किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता व्यवस्था, सार्वजनिक सुविधाओं की स्थिति और अतिक्रमण से जुड़ी समस्याओं की समीक्षा की गई। निरीक्षण के बाद अधिकारियों को कई अहम निर्देश दिए गए, जिनमें- प्रमुख मार्गों की डीप क्लीनिंग, सार्वजनिक शौचालयों की दिन रात देखरेख, शौचालयों व अन्य सार्वजनिक सुविधाओं की मरम्मत व पेंटिंग, चल रहे सड़क मरम्मत कार्यों को समयबद्ध पूरा करना, और प्रतिदिन अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाना शामिल है।

## संपत्ति कर निपटान योजना 2025-26 का उठाए लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- 28 फरवरी तक बढ़ी योजना की तारीख

दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने सभी संपत्ति करदाताओं से संपत्ति कर निपटान योजना 2025-26 के तहत लाभ उठाने के इस अवसर का उपयोग करने की अपील की है। महापौर ने कहा है कि दिल्ली नगर निगम ने लेट फीस नहीं बढ़ाई है, बल्कि इसे पिछली विस्तारित अवधि यानी 1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 (5 प्रतिशत) के दौरान लागू दर के समान ही रखा है। इस योजना को 28 फरवरी, 2026 तक बढ़ा दिया गया है। महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि हम सभी प्रॉपर्टी मालिकों/किरायेदारों से सुनियो के तहत इस सुनहरे अवसर का पूरा फायदा उठाने और बिना किसी जुर्माने या ब्याज के अपने बकाया प्रॉपर्टी टैक्स का निपटान करने की अपील करते हैं। सुनियो योजना के तहत, संपत्ति कर दाता वित्तीय वर्ष 2020-21 से पहले के प्रॉपर्टी टैक्स के साथ-साथ ब्याज और जुर्माने की पूरी छूट का लाभ उठा सकते हैं, बशर्ते कि वे चालू वित्त वर्ष (2025-26) और पिछले पांच वित्तीय वर्षों (यानी, 2020-21 से 2024-25) के लिए बिना किसी ब्याज और जुर्माने के संपत्ति कर की मूल राशि का भुगतान करें।

## खबर संक्षेप

### छात्रों ने मैराथन रनर्स का उत्साह बढ़ाया

**फरीदाबाद।** टैगोर पब्लिक स्कूल सेक्टर 89 ग्रेटर फरीदाबाद के छात्रों ने मैराथन रनर्स का उत्साह बढ़ाया, एकेडमिक डायरेक्टर मिसेज मनोरमा अरोड़ा के मार्गदर्शन में फिटनेस और सामुदायिक भावना के प्रति अपनी समर्पण दिखाया। स्वस्थ आदतों के माध्यम से अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए एकॉर्ड हॉस्पिटल की पहल का समर्थन करने के लिए टैगोर ग्रुप ऑफ स्कूल्स की प्रशंसा।



### आरडब्ल्यूए चुनाव पॉकेट आठ फरवरी को

**फरीदाबाद।** आरडब्ल्यूए सैक्टर-29 पॉकेट के चुनाव आगामी आठ फरवरी को होगें। जिसको लेकर स्थानीय एवं प्रधान पद के उम्मीदवार दीपक यादव की टीम ने हनुमान पार्क, हाउसिंग बोर्ड सेक्टर 29 डोर-टू-डोर जन सम्पर्क किया। यादव सेक्टर वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि वह शासन व प्रशासन के साथ मिलकर साफ-सफाई, गंदे पानी की निकासी, पार्कों का सौन्दर्यीकरण, स्ट्रीट लाईटें व हाई मास्क लाईटें ठीक करवाएगें व अपनी पाकेट को आदर्श पाकेट का दर्जा भी दिलवाएगें।



### जुआ खेलने वाले सात आरोपियों को किया काबू

**फरीदाबाद।** जुआ खेलने वाले 7 आरोपियों को चावला कालोनी पुलिस की टीम ने काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 1 फरवरी को पुलिस चौकी चावला कालोनी की टीम को गस्त के दौरान गुप्त सुत्रों से कुछ व्यक्तियों द्वारा शिव कालोनी बल्लभगढ में ओयो हॉटल में कमरा किराये पर लेकर जुआ खेलने की प्राप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आशीष गिरी, दुष्यन्त उर्फ जोन्टी, फारूख, अजय सिंह, लोकेश, अनिल व दानिश निवासी फरीदाबाद को काबू किया है।




# इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह "लम्हे" का आयोजन

## विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत, खेलों एवं रैम्प वॉक के माध्यम से सीनियर्स को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

विद्यार्थियों के जीवन में विद्यालय का अंतिम दिन सदैव भावनाओं से भरा एवं अविस्मरणीय होता है। एक ओर उज्ज्वल भविष्य आशाओं की बाहें फैलाए उनका स्वागत करने को तत्पर रहता है, वहीं दूसरी ओर विद्यालय की मधुर स्मृतियाँ, शिक्षकों का स्नेह और अपनापन उनके मन को वहीं ठहर जाने को विवश कर देता है।

ऐसा ही भावनात्मक वातावरण इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल, प्रताप विहार में आयोजित विदाई समारोह "लम्हे" में देखने को मिला। प्रातः 9 बजे से ही विद्यालय परिसर उल्लास और उत्साह से गूंज उठा। आकर्षक परिधानों में सजे कक्षा 12 के छात्र तथा सुंदर साड़ियों में सजी छात्राएँ मनमोहक छटा बिखेर रही थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक पंकज जोशी, प्रधानाचार्य मधुकर प्रिय एवं अन्य पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलन के साथ किया । इसके पश्चात गणेश वंदना पर प्रस्तुत मनोहारी नृत्य ने समस्त वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत, खेलों एवं रैम्प वॉक के माध्यम से अपने सीनियर्स को स्नेहपूर्ण विदाई दी।




कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, प्रतिभा एवं उपलब्धियों को प्रतिबिंबित करने वाली सम्मानसूचक उपाधियाँ प्रदान की गईं। वहीं कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने विद्यालय से जुड़ी अपनी स्मृतियाँ साझा कर सभी को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर कक्षा 12 के विद्यार्थियों की विदाई के साथ-साथ विद्यालय के खेल विभाग के वरिष्ठ एवं प्रिय अध्यापक नटराज सिंह के कार्यकाल का अंतिम दिन होने के कारण वातावरण कुछ क्षणों के लिए गमगीन हो उठा। प्रधानाचार्य मधुकर प्रिय ने विद्यार्थियों के साथ बिताए स्मरणीय पलों को साझा करते हुए उन्हें जीवन के नए अध्याय के लिए शुभकामनाएँ दीं।

### विद्यार्थियों को परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण निर्देश प्रदान किए

विद्यालय के निदेशक पंकज जोशी ने खेल विभाग के वरिष्ठ अध्यापक नटराज सिंह को उनके कार्यकाल के अंतिम दिवस पर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देते हुए सम्मानपूर्वक विदाई दी तथा विद्यार्थियों को परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण निर्देश प्रदान किए। रैम्प वॉक के तीन चरणों के उपरांत प्रश्नोत्तर चरण के आधार पर मान्यता जोशी को मिस आई.पी.एस. एवं दिव्यांश शर्मा को मिस्टर आईपीएस 2025–26 चुना गया। कार्यक्रम आयोजन विद्यालय की एक्टिविटी इंचार्ज श्रीमती पारुल गौर के मार्गदर्शन में श्रीमती रेनू गुप्ता, श्रीमती पूजा भसीन, शेफाली सिंह एवं अंजलि सिरोही ने किया ।

## 39 वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड आत्मनिर्भर शिल्प मेला की चौपाल पर सजी महफिल

# तू राजा की राजकुमारी, पाणी आली पाणी प्यादे गीत से पद्मश्री महावीर गुड्डू ने सांस्कृतिक संध्या में बांधा समां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

तू राजा की राजकुमारी, मैं सिर्फ लंगोटे आला सूं, भांग रगड़ कै पीया करूं कुंडी सौटे आला सूं, पाणी आली पाणी प्यादे गीतों की सुरीली सांझ में देर शाम सूरजकुंड शिल्प मेला परिसर गूंजायमान हो गया। 39 वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड आत्मनिर्भर शिल्प मेला की चौपाल पर जब पद्मश्री अवार्डी विख्यात आर्टिस्ट महावीर गुड्डू ने अपनी प्रस्तुति दी तो पूरा मेला परिसर हरियाणवी सांस्कृतिक रंग से सराबोर हो गया।

हरियाणा के प्रसिद्ध लोक कलाकार पद्मश्री महावीर गुड्डू और उनकी टीम ने बड़ी चौपाल पर हरियाणवी संस्कृति पर आधारित गायकी से दर्शकों का मनोरंजन किया। सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प महोत्सव में जब लोक कलाकार महावीर गुड्डू ने तू राजा की राजकुमारी, मैं सिर्फ लंगोटे आला सूं गीत गाकर वहां उपस्थित लोगों में जोश भर दिया। इसके अलावा उन्होंने पाणी आली पाणी प्यादे, तूं क्यूं अन्बोल खड़ी होगयीं, सो सो पड़े मुसीबत उम्र जवान मैं, भगत सिंह कदे जी घबरा जा बंद मकान मैं पड़ी को गीत पर सभी दर्शक महान क्रांतिकारी भगत सिंह को याद कर भावुक हो गए। इसी क्रम में उन्होंने देशभक्ति से ओतप्रोत गीत व रागनियों से हरियाणवी संस्कृति पर आधारित गायकी का जादू पंडाल में बिखेरा। दो घंटे से भी अधिक समय तक निरंतर प्रस्तुति दी। सहकलाकार अनु द्वारा हरियाणवी गीत राम के थे, राम के हैं और राम के रहेंगे गीत की शानदार प्रस्तुति दी गई। हरियाणा पर्यटन निगम के एमडी पार्थ गुप्ता, एजीएम राजपाल सहित सम्बन्धित अधिकारी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

**सूरजकुंड में आकर हरियाणा अपणा घर नहीं देखा तो कुछ नहीं देखा**

## सूरजकुंड मेला में बनाया हरियाणा अपना घर





**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की खूबसूरत वादियों में बसा सूरजकुंड इन दिनों सुर्खियों में है। वजह है यहां लोकल फॉर ग्लोबल-आत्मनिर्भर भारत की पहचान थीम के साथ आयोजित किया जा रहा 39वां सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला। सूरजकुंड मेला में बनाया गया हरियाणा अपना घर पवेलियन हरियाणवी प्राचीन संस्कृति और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोए हुए है और सहज ही पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। साथ ही लोगों को स्वदेशी अपनाओ और वोकल फॉर लोकल का भी संदेश दे रहा है। सूरजकुण्ड मेला में आने वाले लोग अपना घर को देखने के बाद यही कह रहे हैं कि सूरजकुंड में आकर हरियाणा अपणा घर नहीं देखा तो कुछ नहीं देखा। सूरजकुंड, जो अब तक अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले और प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता था, अब शहरी भागदौड़ से दूर सुकून की तलाश करने वालों के लिए नई पहचान बन रहा है। इसी कड़ी में हरियाणवी संस्कृति थीम पर हरियाणा अपणा घर,हरियाणवी संस्कृति, पारंपरिक वास्तुकला और आत्मीय आतिथ्य सत्कार का अनूठा उदाहरण पेश कर रहा है। लोग बताते हैं कि अपना घर में हर चीज में अपनापन महसूस होता है, जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। हरियाणा अपणा घर का उद्देश्य लोगों को हरियाणवी संस्कृति और परंपरा से जोडना है। यहां पर हरियाणा की शान मानी जाने वाली पगड़ी पर्यटकों को खूब आकर्षित कर रही है और लोग बढ़-चढकर पगड़ी बंधवाकर अपने आप को गौरवांवित महसूस कर रहे हैं। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विरासत की ओर से हरियाणा अपणा घर को हरियाणवी लोक फोटो खिंचाओ पर्यटकों को अपनी ओर लुभा रहा है। हरियाणा अपणा घर में पर्यटकों के लिए रोचक प्वाइंट सेल्फी के लिए लोकप्रियता हासिल कर रहे हैं। पर्यटकों के लिए सांझी विशेष रूप से आकर्षण का केन्द्र बन रही हैं। महिलाएं हरियाणा अपणा घर में रखी हुई चक्की को चला-चलाकर अतीत की यादों को संजोकर सेल्फी के माध्यम से कैमरे में कैद कर रही हैं। इसके साथ अनाज कूटने के लिए रखा गया।



*टैक्स वसूली में ढिलाई बर्दाश्त नहीं*

## बकाया प्रॉपर्टी टैक्स जमा न करने वाले सरकारी भवनों के प्रशासनिक अधिकारियों के दफ्तर होंगे सीलः आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने टैक्स विभाग एवं इंजीनियर विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में निगम आयुक्त ने प्रॉपर्टी टैक्स वसूली की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि कमर्शियल भवनों एवं सरकारी भवनों द्वारा टैक्स जमा न करने की स्थिति में सीलिंग की कार्रवाई तेज की जाए। निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़घटा ने स्पष्ट कहा कि यदि सरकारी भवनों का बकाया टैक्स समय पर जमा नहीं किया जाता है, तो संबंधित बकायाधारक सरकारी कार्यालयों के प्रशासनिक (एडमिनिस्ट्रेशन) कार्यालय के उच्च अधिकारी के कार्यालय को निगम के नियमों के अंतर्गत सील किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि टैक्स वसूली में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। टैक्स विभाग की बैठक के अलावा निगम आयुक्त ने निगम के इंजीनियर विभाग के अधिकारियों के साथ भी समीक्षा बैठक की। बैठक में इंजीनियर विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे और उन्हें नगर निगम के इंफोर्समेंट नियमों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। बैठक में एडिशनल कमिश्नर सलोनी शर्मा, एडिशनल कमिश्नर गौरव अंतिल, जॉइंट कमिश्नर जितेंद्र जोशी सहित सभी क्षेत्रीय कर अधिकारी, टैक्स विभाग के चेकरए मेकर एवं निरीक्षक उपस्थित रहे। इसके साथ ही निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़घटा ने लाल डोरा सर्टिफिकेट, सेल्फ सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र नागरिकों को उनका मालिकाना हक सर्टिफिकेट शीघ्र प्रदान करने का काम किया जाए। यह हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका लाभ आम नागरिकों तक समयबद्ध रूप से पहुंचना चाहिए।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी पंकज शर्मा, पुत्रः** श्री के.एल. शर्मा, **पताः** मकान नंबर 6/22बी, तिलक नगर, **नई दिल्ली Ct Case No. 2425/2018, U/s: 138 NI ACT, पुलिस थानाः पश्चिम विहार पूर्व, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पंकज शर्मा,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पंकज शर्मा,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **पंकज शर्मा, Ct Case No. 2425/2018, U/s: 138 NI ACT, पुलिस थानाः पश्चिम विहार पूर्व, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.03.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री पूनम सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी
(पश्चिम) जिला, कमरा नं. 04 (अनुलग्नक–1)
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/1345/OD/2026
(Court Matter)


## भाजपा कार्यकर्ताओं पर लगाया अल्पसंख्यक व पीडीए मतदाताओं के नाम काटने के लिए दबाव बनाने का आरोप

### सपा जिलाध्यक्ष ने किया नाहल पुलिस चौकी पर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद के विधानसभा धौलाना में अल्पसंख्यक व पीडीए मतदाताओं के नाम काटने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारीयो का दबाव बनाने का आरोप लगाकर समाजवादी पार्टी के नेताओं ने नाहल गांव की पुलिस चौकी पर हंगामा किया।

समाजवादी के जिलाध्यक्ष फैसल चौधरी ने बताया कि आज उन्हें पार्टी कार्यकर्ताओं ने बताया कि मुस्लिम बाहुल्य गांव नाहल में भाजपा के मंडल स्तर के पदाधिकारियों द्वारा प्रिंटेड फॉर्म 7 बीएलओ को दिए जा रहे हैं और एआरओ व ईआरओ पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है। वे जिला अध्यक्ष महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव महामंत्री राजन कश्यप व अन्य पदाधिकारी इन सभी मतदाताओं के साथ ग्राम नाहल पहुंचे तथा तीन भाजपा पदाधिकारियों को चौकी नाहल झाल थाना मसूरी की चौकी पर ले गए। पुलिस में तीनों की शिकायत की। इसको लेकर पुलिस चौकी पर हंगामा होता रहा।



### विधायक शर्मा ने विकास कार्यों की आधारशिला रखी



**फरीदाबाद ।** बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं हरियाणा सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री पं. मूलचंद शर्मा ने सोमवार को बल्लभगढ़ की विष्णु कॉलोनी में तीन गलियों के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। कॉलोनी वासियों ने विधायक मूलचंद शर्मा का फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस विकास कार्य पर लगभग 11 लाख रुपए की लागत आएगी, जिससे क्षेत्र की दोनों गलियों का निर्माण किया जाएगा। विधायक पं. मूलचंद शर्मा ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **लखन उर्फ पोना, पुत्र श्याम सिंह निवासी ए-4/430, सुल्तानपुरी, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 359/22 धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट, थाना रानी बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **लखन उर्फ पोना** मिल नहीं रहा है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **लखन उर्फ पोना** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 359/22 धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट, थाना रानी बाग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **लखन उर्फ पोना** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **17.03.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री दीपक बत्स
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, उत्तर-पश्चिम
कोर्ट नं.101, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/1333/OD/2026



**उद्यान विभाग, हरियाणा**
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनिमपुर (झज्जर ) - 124105
ई-मेल: coemunimpur@gmail.com

**पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सूचना बारे**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर निम्न प्रकार से पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम करवाया जाना हैंः

| क्र. सं. | दिनांक | प्रशिक्षण की अवधि (दिनों में) | प्रशिक्षण का विषय | प्रशिक्षणार्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 09.02.2026 से 13.02.2026 | 5 | उन्नत तकनीकों द्वारा फूलों की खेतीं पर प्रशिक्षण | 10 |

पांच दिवसीय प्रशिक्षण हेतु इच्छुक किसान अपना ऑनलाईन नामांकन बागवानी विभाग, हरियाणा की वेबसाईट http:Kaushal.hortharyana.gov.in पर करें। जो दस किसान सबसे पहले ऑनलाईन नामांकन के माध्यम से अपना नाम दर्ज करवाएगे, उन्हें ही प्रशिक्षण में प्राथिमकता दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक किसान डॉ. हेमन्त सैनी, विषय वस्तु विशेषज्ञ (Mob No 8683801977) से सम्पर्क करें।

प्रशिक्षण हेतु ऑनलाईन नामांकन की प्रक्रिया निम्न प्रकार से हैः-

1. प्रार्थी अपना ऑनलाईन आवेदन http:Kaushal.hortharyana.gov.in पोर्टल पर दिनांक 06.02.2026 शाम 03:00 बजे तक कर सकता है।
2. प्रार्थी हरियाणा राज्य का स्थायी निवासी होना चाहिए।
3. आवेदनकर्ता अपने जरूरी कागजात जैसे कि आधार कार्ड व परिवार पहचान पत्र की फोटो प्रति प्रशिक्षण के दौरान अपने साथ लेकर आये।
4. चयनित किसानों के नाम बागवानी विभाग की वेबसाईट http:Kaushal.hortharyana.gov.in पर दिनांक 06.02.2026 को शाम 03:30 बजे तक अपलोड कर दिये जाएंगे।
5. प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतू प्रार्थी की आयु न्यनतम 18 वर्ष व अधिकतम 60 वर्ष होनी चाहिए।
6. प्रशिक्षण हेतू आवेदन एक परिवार पहचान पत्र (PPP) से एक सदस्य ही कर सकता है।
7. किसानों के भोजन की व्यवस्था निम्नहस्ताक्षरी कार्यालय के द्वारा की जायेगी।
8. प्रशिक्षण केन्द्र पर रात्रि ठहराव की व्यवस्था नही होगी ।

हस्ता/- विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर, झज्जर।

पीआरडीएच-1149/11/1039/2026/42601/88/7 दि. 02.02.26



**हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग**
बेज नं. 67–70, सेक्टर–2, पंचकूला–134151
वेबसाइट : www.hssc.gov.in

**शुद्धिपत्र (विज्ञा. सं. 03/2026)**

विज्ञा. सं. 3/2026, दिनांक 09.01.2026 की निरंतरता में, उम्मीदवारों की जानकारी हेतु यह अधिसूचित किया जाता है कि निम्नलिखित ग्रुप्स के तहत विज्ञापित पदों की संख्या को विज्ञा. सं. 03/2026 के प्रकाशन के पश्चात निम्नलिखित मांग-पत्र वाले विभाग से प्राप्त मांग के परिणामस्वरूप बढ़ा दिया गया है :-

ए) मांग सं. 1370 के तहत चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान निदेशालय हरियाणा के अनुसरण में, ग्रुप नं. 2 के तहत स्टेनो टाइपिस्ट (अंग्रेजी) के पदों को 486 से बढ़ाकर 586 कर दिया गया है।

बी) मांग सं. 2895 के तहत राज्य अंकेक्षण निदेशालय, हरियाणा के अनुसरण में, ग्रुप नं. 3 के तहत स्टेनो टाइपिस्ट (दोनों भाषा) के पदों को 696 से बढ़ाकर 702 कर दिया गया है।

सी) मांग सं. 1178 के तहत उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड और मांग सं. 2897 के तहत राज्य अंकेक्षण निदेशालय, हरियाणा के अनुसरण में, ग्रुप नं. 3 के तहत जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर (दोनों भाषा) के पदों को 173 से बढ़ाकर 260 कर दिया गया है।

2) विभागों की प्राथमिकता केवल उन उम्मीदवारों से प्राप्त की जाएगी जो स्टेनोग्राफी स्किल टेस्ट क्वालीफाइ करेंगे।

3) इसके परिणामस्वरूप, पदों में बढ़ौतरी की वजह से, ऑनलाइन आवेदन आमंत्रण हेतु पोर्टल अब 02.02.2026 की बजाए 06.02.2026 को खुलेगा।

4) यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन सहित जारी किया गया है।

स्थान : पंचकूला — हस्ता/- अवर सचिव
दिनांक : 01.02.2026 — कृते सचिव, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग
संवाद-1159/13/698/2026/42585/88/7 दि. 02.02.26 — पंचकूला


## कार्यक्रम की शुरूआत आकर्षक परेड और सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुतियों से हुई

# डीपीजी कॉलेज के 15वें वार्षिक खेल स्पर्धा का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

डीपीजी कॉलेज, गुरुग्राम में 15वें वार्षिक खेल महोत्सव 'स्पर्धा 2026' का शुभारंभ पूरे उत्साह के साथ किया गया। यह महोत्सव 6 फरवरी 2026 तक चलेगा, जिसमें 5 से अधिक दिनों तक प्रतियोगिताए, 20 से अधिक खेल स्पर्धाए तथा सैकड़ों खिलाड़ियों की सहभागिता देखने को मिल रही है। 'स्पर्धा' का उद्देश्य छात्रों में खेल भावना, टीम वर्क और प्रतिस्पर्धात्मक कौशल को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा सहित खेल जगत से जुड़े प्रतिष्ठित खिलाड़ियों एवं अधिकारियों ने विशेष अतिथि के रूप में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की शुरुआत आकर्षक परेड और सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुतियों से हुई। वहीं खेल जगत में अपनी पहचान बना रहे खिलाड़ी जितेंद्र सिंह, रितु यादव, गीता यादव, प्रिया यादव, चंचल शर्मा, इशिका, रामकुमार यादव, सुनील गुर्जर, परमजीत अर्चना, नितिन भारद्वाज, मनीष यादव, टीपू यादव, दिव्यांशी, रितु, सिमरन कटारिया, साक्षी, नितिन, क्रिश, जगदीप, प्रीति दुष्यंत तथा पराग को उनकी उपलब्धि के लिए स्मृति चिह्न प्रदान किए गए।

कॉलेज के चेयरमेन राजेंद्र गहलोत तथा सेक्रेटरी नरेंदर गहलोत ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। वाइस चेयरमैन दीपक गहलोत ने कहा कि हरियाणा खेल और रक्षा बलों की परंपरा के लिए जाना जाता है। खेलों के माध्यम से नई पीढ़ी को आगे बढ़ाते हुए इस गौरवशाली परंपरा को निरंतर बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। विशिष्ट अतिथियों में मयंक डागर (आईपीएल खिलाड़ी), राजकुमार सांगवान (अर्जुन पुरस्कार विजेता), सुनील डाबस (द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता, कबड्डी), दिलीप छिल्लर (भारतीय कबड्डी खिलाड़ी), धीरज पहलवान (कुश्ती), दुष्यंत दलाल (कुश्ती), शमशेर कटारिया (क्रिकेट), नितिन भारद्वाज (गुरुग्राम फुटबॉल एसोसिएशन), तथा शैलेन्द्र यादव (प्रेसिडेंट, ब्लाइंड क्रिकेट बीसीसीआई, इंडिया), फूल सिंह, राम सिंह, परमजीत यादव पहलवान, मुकेश डागर, शामिल रहे। द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता सुनील डाबस ने खेलों को जीवन में अनुशासन व सफलता का माध्यम बताया। वहीं शैलेन्द्र यादव के वक्तव्य से खिलाड़ियों में नया उत्साह देखने को मिला।

### खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया

कार्यक्रम में डॉ. प्रिया शुक्ला एवं डॉ. माधवी की सक्रिय सहभागिता रही। खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत के विभिन्न विभागों की शिक्षिकाओं के बीच टग ऑफ वार का मुकाबला विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। जिसमें डीपीजी डिग्री कॉलेज की टीम ने अपना दमखम दिखाया। आज प्रथम दिन बैडमिंटन, फुटबॉल, क्रिकेट, खो-खो, बॉलीवॉल, कबड्डी आदि प्रतियोगिताओं के मैच हुए। कार्यक्रम का आयोजन स्पोर्ट्स कमेटी की कन्वेनर डॉ. उदिता कुंडु के मार्गदर्शन में किया गया।

## खबर संक्षेप

### पीएम नरेंद्र मोदी से मिले यूपी के ऊर्जा मंत्री शर्मा

**लखनऊ।** मोदी सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल का बजट 2026 पेश कर दिया है। इस बजट के बाद



उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने मुलाकात की फोटो सोशल मीडिया पर साझा कर केंद्र सरकार की तरीफ की। ऊर्जा मंत्री ने समाज के सभी वर्गों गरीब, मध्यम, युवा, व्यापारी व शहरी-ग्रामीण आबादी को साथ लेकर आगे बढ़ने वाला बजट बताया।

### दरोगा का बेटा समेत 3 धरे, रंगदारी की साजिश


**बोकारो।** चास मुफस्सिल पुलिस ने रंगदारी की साजिश के आरोप में दरोगा के बेटे समेत तीन को पकड़ा



है। तीनों बांधडीह रेलवे साइडिंग में सिविल वर्क कर रही बेगूसराय की एक कंस्ट्रक्शन कंपनी से रंगदारी वसूली के लिए फायरिंग की साजिश रच रहे थे। अपराधी बंगाल नंबर की एक्सयूवी-500 गाड़ी से पहुंचे। पुलिस ने उनके पास से 1 लोडेड पिस्टल, 8 जिंदा कारतूस, 1 सैटेलाइट डोंगल व धमकी भरा पर्चा बरामद किया है।

### बिल में 10% वृद्धि पर यूपीपीसीएल को नोटिस

**लखनऊ।** यूपी में फरवरी महीने के बिजली बिल में करीब 10 प्रतिशत बढ़ोतरी को लेकर राज्य विद्युत



नियामक आयोग ने यूपी पावर कॉरपोरेशन को नोटिस भेजा है। आयोग ने बिजली बिल में इजाफे के पर सवाल उठाते हुए कॉरपोरेशन से जवाब मांगा है। सवाल उठाया कि जब जनवरी महीने में ईंधन खरीद में कोई अतिरिक्त रकम नहीं लगी, तो फरवरी में

---

## आज पेश होगा बिहार का बजट

# महिलाओं को पहले 10 हजार, फिर 2 लाख, एक करोड़ युवाओं को नौकरी

**एजेंसी ▸▸ पटना**

बिहार विधानसभा का बजट सत्र शुरू हो गया है. बजट सत्र पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण हुआ। अभिभाषण के दौरान बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने सोमवार को कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार अगले पांच साल में राज्य में एक करोड़ नौकरियां और रोजगार के मौके देने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

राज्यपाल ने बजट सत्र के पहले दिन विधानसभा और विधान परिषद दोनों को संबोधित करते हुए कहा कि कानून का पालन और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखना सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है और सरकार 'न्याय के साथ विकास' के लक्ष्य पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार अब तक 50 लाख युवाओं को नौकरियां और रोजगार के मौके दे चुकी है और 2030 तक एक करोड़ युवाओं को ये मौके दिए जाएंगे।

**बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने सोमवार को बजट सत्र के अभिभाषण के दौरान कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार अगले पांच साल में राज्य में एक करोड़ नौकरियां और रोजगार के मौके देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। राज्यपाल ने कहा कि कानून का पालन और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखना सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है।**



### बिहार में पुलिस थानों की संख्या 10380: राज्यपाल

विधानसभा और विधान परिषद को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि सत्ताधारी एनडीए ने 'एक करोड़ रोजगार' का वादा सबसे पहले 2025 के विधानसभा चुनाव के अपने घोषणापत्र में किया था और बाद में भाजपा गठबंधन ने चुनाव में बड़ी जीत हासिल की थी। राज्यपाल ने कहा कि कानून का पालन और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखना सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ाकर 1.21 लाख कर दी गई है और राज्य में पुलिस थानों की संख्या 10,380 हो गई है। बिहार में महिला पुलिसकर्मियों का प्रतिशत भी सबसे ज्यादा है।

### 2025-26 का आर्थिक सर्वेक्षण सदन के पटल पर रखा

राज्यपाल के अभिभाषण के बाद बिहार विधानसभा की कार्यवाही शुरू हुई। सदन में कार्य मंत्रणा समिति का गठन किया गया, जिसमें विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, दोनों उपमुख्यमंत्री, तेजस्वी यादव सहित विभिन्न दलों के नेता सदस्य बनाए गए. इसके बाद वित्त मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने वर्ष 2025-26 का आर्थिक सर्वेक्षण सदन के पटल पर रखा। विधानसभा में पूर्व सदस्यों के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए शोक प्रस्ताव पारित किया गया. शोक के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई. विधानसभा की कार्यवाही कल सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

---

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बोले-

# प्रति हेक्टेयर उत्पादकता बढ़ाने के लिए आधुनिक बीज नीति बनाएं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के लिए आधुनिक बीज नीति बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रति हेक्टेयर उत्पादकता बढ़ाने पर फोकस जरूरी है। नीति में उच्च पैदावार, रोग प्रतिरोधी और जलवायु अनुकूल किस्मों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**एजेंसी ▸▸ लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश को कृषि क्षेत्र में नई छलांग दिलाने का सबसे प्रभावी तरीका 'गन्ना के साथ तिलहनी एवं दलहनी अन्तः फसली खेती' को बड़े पैमाने पर लागू करना है। उन्होंने कहा कि यह मॉडल गन्ना किसानों की आय को केवल दोगुना नहीं, बल्कि 'बहु-गुणित' करने की क्षमता रखता है।

मुख्यमंत्री सोमवार को इस विषय पर आयोजित उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गन्ने के साथ सरसों, मसूर, उर्द और मूंग जैसी उच्च मूल्य वाली फसलों की अंतःफसल किसानों को अतिरिक्त उत्पादन, कम लागत और पूरे वर्ष स्थिर आय उपलब्ध कराती है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति अधिक मजबूत होती है।

### मूंग को प्राथमिकता देने का सुझाव दिया



उन्होंने आईआईएसआर की सिफारिशों के अनुसार रबी सीजन में सरसों और मसूर तथा जायद सीजन में उर्द और मूंग को प्राथमिकता देने का सुझाव दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गन्ने की पैदावार प्रभावित किए बिना अतिरिक्त फसल, अतिरिक्त लाभ और अतिरिक्त सुरक्षा, यही इस मॉडल की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने इस योजना के लिए वर्षवार रोडमैप तैयार करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अतिरिक्त उत्पादन सीधे किसानों की आय में वृद्धि करेगा और राज्य के जीवीए में बड़ा योगदान देगा।

### भूमि का क्षैतिज विस्तार अब संभव नहीं

उन्होंने कहा कि प्रदेश में कृषि योग्य भूमि का क्षैतिज विस्तार अब संभव नहीं है, इसलिए ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के लक्ष्य के लिए उत्पादन बढ़ाने का एकमात्र रास्ता इकाई क्षेत्रफल से अधिक फसल उत्पादन है। उन्होंने कहा कि 'गन्ना आधारित अंतःफसली खेती उत्तर प्रदेश के कृषि भविष्य का नया मॉडल है। यह किसानों को अधिक उत्पादन, अधिक कमाई और जोखिम से सुरक्षा तीनों प्रदान करती है। प्रदेश में 29.50 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में गन्ने की खेती होती है मुख्यमंत्री ने इस योजना को वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक मिशन मोड में लागू करने के निर्देश दिए। वर्तमान में प्रदेश में 29.50 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में गन्ने की खेती होती है, जिसमें 14.64 लाख हेक्टेयर नया बोया गया क्षेत्र और 14.86 लाख हेक्टेयर पेड़ी शामिल है। उन्होंने कहा कि इतने बड़े क्षेत्र में तिलहन और दलहन की अंतःफसल जोड़ने से उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और साथ ही प्रदेश एवं देश की तिलहन-दलहन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को नई मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषि विश्वविद्यालयों के माध्यम से क्रियान्वित करते हुए अंतःफसल का चयन वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक आधार पर किया जाए।

### मदरसों की विदेशी फंडिंग पर सख्त हुई योगी सरकार, दिया इस जांच का आदेश

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने राज्य भर में मदरसों की फंडिंग की कड़ी जांच के आदेश दिए हैं। इस जांच में खास तौर पर विदेश से मिलने वाले फंड पर ध्यान दिया जाएगा। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे मदरसों को मिलने वाले पैसों के सभी स्रोतों की बारीकी से जांच करें। इसमें विदेशी चंदा और अन्य योगदान भी शामिल होंगे। इसके साथ ही, मदरसों का संचालन करने वाले लोगों के निजी बैंक खातों की भी जांच की जाएगी, ताकि यह साफ हो सके कि फंड कहां से आ रहा है और उसका इस्तेमाल कैसे किया जा रहा है।


#### सरकार करेगी जांच

यूपी सरकार के निर्देश पर राज्य के सभी मदरसों के वित्तीय लेन-देन की विस्तृत जांच होगी। इसमें मदरसों को मिलने वाली फंडिंग के स्रोतों का पता लगाना मुख्य उद्देश्य है। अधिकारी न केवल संस्थागत खातों की जांच करेंगे, बल्कि मदरसा संचालकों और प्रबंधकों के निजी बैंक खातों की भी पड़ताल करेंगे। इससे स्पष्ट होगा कि धन कहां से आ रहा है और उसका उपयोग कैसे हो रहा है। सरकार का कहना है कि यह कदम पारदर्शिता व नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।

---

## अमर आजाद और मनीष यादव हिरासत में

# पटना में यूजीसी नियमों के समर्थन में छात्रों का प्रदर्शन



एक छात्र बेहोश पुलिस टांगकर अस्पताल ले गई

**एजेंसी ▸▸ पटना**

यूजीसी के नए नियमों पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाए जाने के बाद सियासत चरम पर है। पटना में यूजीसी नियमों के समर्थन में सोमवार को हजारों की संख्या में छात्र सड़क पर उतर गए। उन्होंने उच्च शिक्षण संस्थानों में यूजीसी के नए समानता नियमों से रोक हटाने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया।

पुलिस के साथ प्रदर्शनकारियों की झड़प हो गई। पुलिस ने दो छात्र नेताओं को हिरासत में लिया है।

### मार्च निकाला, बैरिकेडिंग कर रोक दिया

पुलिस ने हिरासत में लिए गए छात्र नेताओं में अमर आजाद और मनीष यादव शामिल हैं। पुलिस दोनों को पकड़कर कोतवाली थाने ले गई। दरअसल, यूजीसी नियमों के समर्थन में छात्र संगठनों की ओर से सोमवार को पटना में मार्च निकाला गया। पटना कॉलेज से गांधी मैदान तक मार्च कर रहे स्टूडेंट्स को पुलिस ने जेपी गोलंबर के पास बैरिकेडिंग कर रोक दिया।

### बैरिकेडिंग टूटने से पुलिस ने किया वाटर कैनन का इस्तेमाल

प्रदर्शनकारी बैरिकेडिंग को हटाकर आगे बढ़ने की कोशिश करने लगे। इस दौरान गहमागहमी की स्थिति बन गई। पटना यूनिवर्सिटी के विभिन्न छात्रावासों में रहने वाले हजारों छात्र इस मार्च में शामिल हुए।

---

## पेज एक का शेष

### व्यापार और रूस ...

मारे जा रहे हैं।

**पीएम ने ट्रम्प के प्रति जताया आधार:** प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट में राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ हुई बातचीत को लेकर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि मुझे अत्यंत खुशी हो रही है कि मेड इन इंडिया उत्पादों पर टैरिफ घटकर 18 फीसदी हो जाएगा। जिसके लिए मैं अमेरिका के राष्ट्रपति के प्रति भारत की 1.4 बिलियन जनता की तरह से आभार व्यक्त करता हूं। दोनों देश दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं, जब यह साथ काम करेंगी। तब उससे हमारी आम जनता को लाभ होगा। राष्ट्रपति ट्रम्प की भूमिका वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है। भारतीय उनके शांति प्रयासों में अपना पूर्ण समर्थन प्रदान करेगा। मैं अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ निकटता से काम करते हुए अपनी साझेदारी को एक नई ऊंचाई तक पहुंचाने के लिए तैयार हूं।

### 5 से 10 फरवरी...

फरवरी तक का यह भारत दौरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उन्हें दिए गए निमंत्रण के तहत किया जा रहा है। पिछले साल अक्टूबर महीने में राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार संभालने के बाद की जा रही राष्ट्रपति डॉ. हर्मिनी की यह पहली भारत यात्रा है।

**आईओआर में अहम भागीदार सेशेल्स:** सेशेल्स हिंद-महासागर क्षेत्र (आईओआर) में भारत का एक प्रमुख समुद्री साझेदार देश है। उसका भारत के महासागर (मिचुअल एंड होलिस्टिक एडवांसमेंट फॉर सिक्योरिटी एंड ग्रोथ अक्रोस रीजंस) विजन और हमारी वैश्विक दक्षिण को लेकर बनी हुई प्रतिबद्धता में भी एक विशेष स्थान है। इसके अलावा सेशेल्स के राष्ट्रपति का यह स्वदेश दौरा अक्टूबर-2025 में भारत के उप-राष्ट्रपति द्वारा की गई सेशेल्स की यात्रा के बाद हो रहा है। जिससे दोनों देशों के बीच स्थापित व्यापक सहयोग और भारत-सेशेल्स की आम-जनता के बीच बने हुए मजबूत, गहरे संबंधों को और अधिक गति मिलेगी।

### सेशेल्स के राष्ट्रपति .....

कि राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी की यह भारत यात्रा एक ऐसे समय पर हो रही है। जब दोनों देश अपने कूटनीतिक संबंधों की स्थापना की स्वर्ण जयंती यानी 50वीं वर्षगांठ का जश्न मना रहे हैं।

### सांसद राहुल गांधी के ....

घबराहट नहीं है तो मुझे इसे पढ़ने दें। इसी के साथ सत्ता पक्ष की ओर से तीखा विरोध किया गया। गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी को राष्ट्रपति अभिभाषण पर ही ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। लेकिन सदन में हंगामा नहीं रुका और कार्यवाही को दो बार के स्थगन के बाद मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। जब राहुल सदन में अपनी बात कह रहे थे। तब सदन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद थे। राहुल द्वारा उठाए गए चीन के मुद्दे को सपा नेता अखिलेश यादव ने भी समर्थन प्रदान किया।

**अध्यक्ष ने दिलाई नियम-परंपरा की याद:** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राहुल को रोकते हुए सदन की नियम प्रक्रिया की याद दिलाई और कहा कि नियम-349 के तहत सदन में जारी कार्यवाही के दौरान किसी भी पुस्तक, समाचार-पत्र या पत्रिका में प्रकाशित लेख या किसी अन्य तथ्य का उल्लेख करना वर्जित है। अगर पुस्तक प्रकाशित हुई है तो भी उसकी चर्चा नहीं की जा सकता है। उन्होंने कहा कि मैंने कई बार आपको अपने बयान को दोहराने से बचने की नसीहत दी है। लेकिन बार-बार आपके ऐसा करने से लगता है कि आप आसन द्वारा दी गई व्यवस्था की अवमानना कर रहे हैं। बिरला ने यह भी स्पष्ट किया कि वो मामले में सदन में कोई नई परंपरा के तहत कुछ भी नहीं कर रहे हैं। बल्कि उनकी तमाम टिप्पणियां पुरानी व्यवस्थाओं के तहत ही दी जा रही हैं।

**मैगजीन कुछ भी लिख सकती हैं: शाह:** गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी कह दें कि वो जो कह रहे हैं, वो मैगजीन की रिपोर्ट है, जनरल नरावणे ने ऐसा कुछ नहीं कहा। मैगजीन तो कुछ भी लिख सकती हैं। जब उनके कथन वाली कोई पुस्तक सार्वजनिक रूप से मौजूद ही नहीं है। तो यहां संबंधित बात का कोई भी उल्लेख नहीं किया जा सकता है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि लगातार सदन की नियम-प्रक्रियाओं का उल्लंघन करने पर नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ क्या कार्रवाई की जानी चाहिए? इस पर भी लोकसभा में चर्चा की जानी चाहिए।

**अभिभाषण पर भी बोलने नहीं देते?:** राहुल ने सरकार पर आरोप लगाया कि वो अपनी बात राष्ट्रपति अभिभाषण और उसमें दिए गए देश की आंतरिक सुरक्षा, भारत की स्थिति, विदेश नीति, चीन-अमेरिका से भारत के संबंधों के मामले पर ही अपनी बात रख रहे हैं। फिर भी मुझे बोलने नहीं दिया जा रहा है। मैंने सदन में चीन से जुड़ा हुआ मूलभूत सवाल ही उठाया है। मैं, राष्ट्रीय सुरक्षा के इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर विस्तार से बोलना चाहता हूं। जिस पर सत्ता पक्ष द्वारा विरोध किया गया। राहुल ने हालांकि सदन में ये दावा किया कि सच्चाई किसी से छिपी हुई नहीं है। सेना इसके बारे में जानती है।

### क्या नेता विपक्ष...

बावजूद, कांग्रेस नेता अध्यक्ष को चुनौती देते रहे और विषय से भटकते रहे, जिसमें चीन सीमा का मुद्दा उठाना भी शामिल था। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया। हम सभी विपक्ष के नेता राहुल गांधी का भाषण सुनने के लिए बैठे थे। लेकिन शुरू से ही राहुल गांधी ने नियमों का उल्लंघन किया और एक ऐसी किताब का हवाला देना शुरू कर दिया, जिसके प्रकाशन और प्रामाणिकता का स्पष्ट उल्लेख नहीं है। रिजिजू ने संसद परिसर में पत्रकारों से कहा कि रक्षा मंत्री और हम सभी ने कहा कि सदन नियमों के अनुसार चलेगा और नियमों के अनुसार ही बोलना चाहिए... कोई अध्यक्ष को चुनौती नहीं दे सकता। लोकसभा अध्यक्ष के निर्देश के बाद भी राहुल गांधी वही गलती दोहराते रहे...उन्होंने आधा घंटा बर्बाद किया, नियमों का उल्लंघन किया और वही बात दोहराते रहे। उन्होंने चीन सीमा पर बोलना शुरू कर दिया...क्या कांग्रेस पार्टी 1959 और 1962 में चीन द्वारा कब्जा की गई भूमि को वापस ला सकती है? रिजिजू ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी से माफी मांगने की मांग की और उन पर संसद से ऊपर खुद को रखने और बार-बार उसके नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। रिजिजू ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है जो प्रक्रिया का पालन करता है, और आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं ने व्यवधान को बढ़ावा दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि राहुल गांधी को चीन सीमा मुद्दे से संबंधित पार्टी के पापों के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। आज सुबह, लोकसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण का हवाला देने वाली एक रिपोर्ट से उद्धरण देने के उनके प्रयास पर केंद्र सरकार की आपत्तियों को चुनौती दी और पूछा कि सरकार सामग्री से इतनी डरी हुई क्यों है, और डोकलाम गतिरोध से संबंधित अंशों को पढ़ने पर जोर दिया, जो उनके अनुसार सच्ची देशभक्ति को उजागर करते हैं।

### कांग्रेस ने संसद के....

में उस समय की घटनाओं का जिक्र है, जब चीनी टैंक कैलाश रेंज पर भारतीय ठिकानों पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि वह यह मुद्दा उठाने वाले नहीं थे, लेकिन एक भाजपा सांसद द्वारा कांग्रेस की देशभक्ति पर सवाल खड़े किए गए, इसलिए वे राष्ट्रीय सुरक्षा के इस महत्वपूर्ण मुद्दे की ओर ध्यान दिलाना चाहते हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राष्ट्रपति के अभिभाषण तक सीमित रहने को कहा तो राहुल गांधी ने पलटवार करते हुए जवाब दिया कि वे पूरी तरह उसी विषय पर बोल रहे हैं, क्योंकि राष्ट्रीय सुरक्षा राष्ट्रपति के अभिभाषण का प्रमुख विषय था। इस बीच, कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता विपक्ष श्री मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि आरएसएस-भाजपा की वैचारिक आधारशिला तथ्यों को छिपाने पर टिकी है। इसी वजह से मोदी सरकार संसद में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े गंभीर सवालों से बच रही है। उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सदन में राष्ट्रीय सुरक्षा का बेहद गंभीर मुद्दा उठाया है। खरगे ने सवाल किया कि क्या संसद में पहले राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति जैसे मुद्दों पर देश को विश्वास में नहीं लिया गया है। उन्होंने यह भी पूछा कि "मदर ऑफ डेमोक्रेसी" की बात करने वाले लोग लोकतंत्र की आत्मा को क्यों रौंद रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि तय नियम कानून के अनुसार कोई भी पूर्व रक्षा अधिकारी अगर कोई किताब लिखकर अपने अनुभवों को साझा करना चाहता है तो रक्षा मंत्रालय से किताब के ब्लूप्रिंट के साथ अनुमति लेनी होती है। उसी के तहत पूर्व रक्षा प्रमुख के किताब की ब्लूप्रिंट रक्षा मंत्रालय के पास गत दो वर्षों से पड़ी है। विशेषज्ञों ने कहा, ऐसी स्थिति में रक्षामंत्रालय को अगर लगता है किताब का कुछ हिस्सा रक्षा सेवा के कानून के तहत, देश हित के तहत उचित नहीं उन्हें निकालने को कहा जा सकता है। या किताब छपने से मना किया जा सकता है,लेकिन पूर्व सैन्य प्रमुख की किताब के मामले में ऐसा नहीं किया गया। न छपने दिया गया, न ही रिजेक्ट किया गया। एक सवाल के जवाब में विशेषज्ञ ने कहा, बुक प्रिंट के लिए मना करने के बाद ही पूर्व सैन्य प्रमुख ये फैसला कर सकेंगे कि उन्हें कोर्ट में अपील करना है या नहीं !

### मुख्यमंत्री नायब सैनी...

गुरू रविदास जी की जयंती के पावन अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने आदमपुर एयरपोर्ट को श्री गुरु रविदास महाराज जी एयरपोर्ट का नाम दिया। यह नामकरण श्री गुरु रविदास महाराज जी के अमर आदर्शों को सच्ची श्रद्धांजलि है। उनके द्वारा दिए गए समता, करुणा और सेवा के मूल्य आज भी समाज को प्रेरित करते हैं और हमें एक समरस, न्यायपूर्ण तथा मानवीय समाज के निर्माण की दिशा में मार्गदर्शन देते हैं। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी निरंतर देश के बड़े संस्थानों का नाम संत-महापुरुषों के नाम से कर रहे हैं, जो संत-महापुरुषों को सच्ची श्रद्धांजलि है। पिछले दिनों अयोध्या एयरपोर्ट का नाम भी महर्षि वाल्मीकि के नाम से रखा गया था। इसी तरह से हिसार एयरपोर्ट का नाम महाराजा अग्रसेन के नाम से रखा गया है। सैनी ने कहा कि इस बार का आम बजट समाज के हर वर्ग को ध्यान में रखकर पेश किया गया है। इस बजट में हरियाणा को विशेष स्थान दिया गया है। बजट में सेम की समस्या से ग्रसित जमीन की बात की गई, एमएसएमई, इंडस्ट्री और एआई को विशेष स्थान दिया गया, जिसका लाभ सीधे हरियाणा को मिलेगा। मुख्यमंत्री सैनी ने पंजाब से जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि पंजाब में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। वहां के लोगों ने मन बना लिया है कि पंजाब को यदि आगे बढ़ाना है तो भाजपा की सरकार बनानी पड़ेगी। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की सरकार ने लोगों को सिर्फ सब्ज-बाग दिखाए। पंजाब में पिछले दिनों बाढ़ आई, किसानों की फसल खराब हुई। वहां के मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने किसानों को 20 हजार रुपये एकड़ मुआवजा दिया और उनकी पार्टी के मुखिया गुजरात जाकर कह रहे हैं कि हमने किसानों को 50 हजार रुपये मुआवजा दिया। वह सिर्फ लोगों को बेवकूफ बनाने का काम कर रहे हैं।

### भाजपा ने तरुण...

हैं। चुघ की नियुक्ति के बाद संकेत मिलता है कि भाजपा राष्ट्रपति शासन की समाप्ति से पहले एक निर्वाचित सरकार को बहाल करने की तैयारी कर रही है। सत्ताधारी राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के वरिष्ठ नेता और विधायक, भाजपा की मणिपुर इकाई के प्रमुख के साथ, आज होने वाली एक उच्च स्तरीय बैठक में भाग लेने के लिए रविवार को नई दिल्ली पहुंचे। यह बैठक मणिपुर में राष्ट्रपति शासन के छह महीने के विस्तार की समाप्ति से कुछ ही दिन पहले हो रही है, जो 12 फरवरी को समाप्त हो रहा है। इससे नई सरकार के गठन को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। मणिपुर में पिछले साल 13 फरवरी से राष्ट्रपति शासन लागू है, जब पूर्व मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने 9 फरवरी को विधायकों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव की धमकी के बीच इस्तीफा दे दिया था। राज्य में 3 मई, 2023 को जातीय हिंसा भड़कने के बाद से लंबे समय से अशांति बनी हुई है, जिसमें 260 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है और 60,000 से अधिक लोग विस्थापित हो चुके हैं।

राष्ट्रपति शासन की समय सीमा नजदीक आने के साथ ही लोकप्रिय सरकार की वापसी को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। दिल्ली रवाना होने से पहले इम्फाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बात करते हुए भाजपा विधायक एन बीरेन सिंह ने कहा कि एनडीए के सभी विधायकों को बैठक के लिए बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा विधायकों की हालिया बैठक के बाद महत्वपूर्ण घटनाक्रम हुए हैं। चूंकि एनडीए के सभी सहयोगी दलों को बुलाया गया है, इसलिए सरकार गठन की प्रबल संभावना है। राष्ट्रीय जन पार्टी (एनपीपी) के विधायक जांगहेमलुंग पानमेई ने सतर्कता बरतते हुए कहा कि गठबंधन राज्य में स्थिरता बहाल करने की दिशा में काम करेगा।

### एसआईआर मामले में...

पहनकर विरोध भी व्यक्त किया। ममता ने चुनाव आयोग कार्यालय से बाहर आते ही कहा कि वह इस पूरे मामले से बहुत दुखी हैं। ममता ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने बंगाल को विशेष रूप से निशाना बनाया है और 58 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए, जबकि उन्हें अपनी बात रखने का मौका नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने सही योजना के बिना राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया लागू की, जबकि चुनावी राज्यों को छोड़ देना चाहिए था। ममता ने कहा अगर एसआईआर करनी थी, तो पहले चुनाव से बंधे राज्यों को छोड़कर सही योजना के साथ करनी चाहिए थी। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। असम में भाजपा की सरकार है, वहां एसआईआर नहीं की गई, लेकिन पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में इसे लागू किया गया। इसका परिणाम हमारे लिए बहुत भारी पड़ा। ममता बनर्जी ने कहा 'हम देख रहे हैं कि क्या चुनाव आयोग चुनाव से पहले सरकार चुनेगा। आपके पास भाजपा की शक्ति है, हमारे पास जनता की शक्ति है। इसलिए हमने बैठक का बहिष्कार किया। उन्होंने हमें अपमानित किया, नीचा दिखाया। मैं कह रही हूं कि इस प्रकार का चुनाव आयोग बहुत अहंकारी है। उन्होंने खास अंदाज में बात की और जानबूझकर हमारे साथ बुरा व्यवहार किया।' ममता बनर्जी ने कहा मैं लंबे समय से दिल्ली की राजनीति में शामिल हूं। मैं 4 बार मंत्री और 7 बार सांसद रह चुकी हूं। मैंने कभी ऐसा अहंकारी और झूठ बोलने वाला चुनाव आयुक्त नहीं देखा। मैंने उन्हें कहा कि मैं आपके पद का सम्मान करती हूं क्योंकि किसी भी पद की स्थायित्व नहीं होती। एक दिन आपको जाना होगा। उनका कहना है कि लोकतंत्र में चुनाव एक त्योहार की तरह होने चाहिए, लेकिन इस तरह की कार्रवाई से चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठते हैं। उन्होंने यह भी सवाल किया कि बंगाल को क्यों निशाना बनाया जा रहा है। यह चुनाव आयोग नहीं, भाजपा का आईटी सेल है। उन्होंने आगे कहा 58 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। बहुत सारी गड़बड़ियां और मिसमैपिंग हुई है। अगर हमें 2022 में एसआईआर करनी होती और अपने पिता के जन्म प्रमाणपत्र लाने पड़ते, तो यह संभव नहीं होता। पहले बच्चे घरों में पैदा होते थे, अस्पतालों में नहीं। ममता ने प्रधानमंत्री से भी सवाल किया कि क्या उनके माता-पिता के संस्थागत जन्म प्रमाणपत्र मौजूद हैं। उनका कहना था कि यह प्रक्रिया आम लोगों के लिए असंभव और अन्यायपूर्ण है। सीएम ममता ने कहा 'मैं अडवाणी जी का सम्मान करती हूं, लेकिन उनसे पूछना चाहती हूं कि क्या वे अपने पिता और माता के जन्म प्रमाणपत्र उपलब्ध करा सकते हैं।' यह पूरी प्रक्रिया असंगत, मिसमैप और संसदीय शिष्टाचार के खिलाफ है।

### पहली प्राथमिकता संगठन...

खास बात यह है कि यहां सत्ता और संगठन साथ भी हैं और अलग-अलग भी हैं। सत्ता का अपना अस्तित्व है। संगठन का यह प्रयास रहता है कि जो सामंजस्य बनना चाहिए वो बन रहा है। आपसी तालमेल और समन्वय में हम सफल हैं। जन बातों को और सुझावों को सरकार तक पहुंचाना चाहिए तो हम पहुंचाते हैं और सुझावों को माना भी जाता है। क्योंकि, हम भी सरकार के लिए और जनहित के लिए काम करते हैं। हेमंत खंडेलवाल ने यह बातें 'हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से विशेष साक्षात्कार कार्यक्रम 'सार्थक संवाद' में कहीं। उनसे पूरी बातचीत।

### पहली प्राथमिकता संगठन ...

और भाव के साथ काम करती है।

***सवालः पहले संघर्ष की भाजपा थी अब सत्ता की भाजपा है। इससे कोई सांस्कृतिक बदलाव महसूस नहीं करते हैं?***

**जवाबः** पहले की भाजपा बेहद संघर्षशील थी। प्यारेलालजी और कुशाभाऊ ठाकरे जी के संघर्ष की कहानी आज भी हम सुनते हैं तो रोंगटे खड़े हो जाते हैं। उस समय गिने चुने लोग थे। उनके साथ मिलकर जन-जन तक अपनी विचारधारा पहुंचाना बहुत बड़ा काम था। लेकिन, उन्होंने ये सब किया। आज जब भाजपा सत्ता में है और चौतरफा कमल ही कमल है तब हम सबकी जिम्मेदारी और नैतिक दायित्व ज्यादा बढ़ जाता है। उस समय की चुनौतियों से बढ़कर आज उससे बड़ी चुनौती इस विरासत को संभालने की है।

***सवालः उस समय भाजपा ने कांग्रेस के खिलाफ संघर्ष किया था आज तो कांग्रेसियों को भाजपा में शामिल किया जा रहा है। ये कैसी विरासत संभाल रहे हैं आप?***

**जवाबः** ये भाजपा की विचारधारा की ही पैठ है कि कांग्रेस के लोग भी इससे प्रभावित हुए और भाजपा में शामिल हो गए। हमने उन्हें सहर्ष स्वीकार कर लिया। हां, ये जरूर है कि उन्हें अपनी विचारधारा में पूरी तरह से ढालना और भाजपा के संस्कृति के मुताबिक उनसे काम लेना एक चुनौती था। लेकिन, हम लोग इसमें कामयाब हो गए हैं। इसलिए कहीं कोई समस्या नहीं है। हमें वोट प्रतिशत 50 प्रतिशत से अधिक तक ले जाना था। उसके लिए जहां के भी कांग्रेस नेता भाजपा की विचारधारा से प्रभावित थे वे हमारे साथ शामिल हो गए।

***सवालः जब आपको पता लगा कि प्रदेश की जिम्मेदारी आपको सौंपी जा रही है, तब आपने क्या सोचा था कि कहां फंस गए या लगा कि अब क्षमता का सही आंकलन हुआ?***

**जवाबः** न फंसने का भाव था और न ही क्षमता के आंकलन का भाव था। भाजपा में एक परिवार का भाव होता है किससे कौन सा काम लेना है या उसे जिम्मेदारी देना है उसकी क्षमता और परिस्थितयों के मुताबिक जिम्मेदारी सौंपी जाती है। मुझसे भी ज्यादा क्षमतावान लोग भाजपा में हैं।

***सवालः कौन सी परिस्थिति थी जिसके कारण आपको ये जिम्मेदारी दी गई?***

**जवाबः** ये पार्टी ही जाने। न हमसे पूछा गया और न हमें बताया गया। हमें जो जिम्मेदारी सौंपी गई उस पर हमने काम करना शुरु कर दिया। नामांकन के एक घंटे पहले हमें बताया गया कि आपको नामांकन भरना है।

***सवालः आप कब ज्यादा चौंके जब डॉ. मोहन यादव को सीएम बनाने के नाम की घोषणा हुई या आपको प्रदेश अध्यक्ष बनाने की सूचना मिली तब?***

**जवाबः** मैं उस समय चौंका जब पता चला कि मुझे प्रदेश अध्यक्ष बनाया जा रहा है। वजह ये थी कि ग्रामीण इलाके के एक सामान्य कार्याकर्ता को इतनी बड़ी जिम्मेदारी मिलना अपने आप में बड़ी बात थी। मेरे लिए सौभाग्य की बात थी कि पार्टी भरोसे के साथ इतनी बड़ी जिम्मेदारी मुझे सौंप रही है। जहां तक सीएम डॉ. मोहन यादव के नाम की घोषणा का सवाल है तो मुझे कोई आश्चर्य नहीं हुआ क्योंकि उनमें पार्टी ने सीएम की क्षमता देखकर ही उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है।

***सवालः पार्टी आपको लगातार जिम्मेदारी सौंपती जा रही है पहले कार्यालय बनाने की जिम्मेदारी दी अब कार्यालय में बैठने की?***

**जवाबः** भाजपा पहले भी इस तरह की जिम्मेदारी देती रही है। मैंने पहले भी कई जिलों में पार्टी कार्यालय के नक्शे बनाने और भवन बनाने की जिम्मेदारी मिलती रही है तो ये प्रदेश कार्यालय के भवन की भी जिम्मेदारी मुझे दे दी गई।

***सवालः जब पार्टी सत्ता में होती है तो संगठन में चुनौतियां भी बहुत होती हैं?***

**जवाबः** ये बात सही है कि संगठन के साथ सत्ता से जुड़ी भी बातें सामने आती हैं लेकिन जब सरकार से जुड़ा कोई काम होता है तो मिल बैठकर चर्चा कर लेते हैं और समाधान निकल जाता है।

***सवालः सत्ता संगठन की कितनी बात सुन रही है?***

**जवाबः** भाजपा में खास बात यह है कि यहां सत्ता और संगठन साथ भी हैं और अलग-अलग भी हैं। सत्ता का अपना अस्तित्व है। संगठन का यह प्रयास रहता है कि जो सामंजस्य बनना चाहिए वो बन रहा है। आपसी तालमेल और समन्वय में हम सफल हैं। जो बात हमें लगती है कि सरकार तक पहुंचाना चाहिए तो हम पहुंचाते हैं और कोई सुझाव होता है तो उसे भी पहुंचाते हैं और उसे माना भी जाता है। क्योंकि अंततः हम भी सरकार के लिए और जनहित के लिए काम करते हैं।

***सवालः क्या आपको लगता है कि पार्टी में कोई सुधार की जरूरत है या सब कुछ ठीक है?***

**जवाबः** सुधार की गुंजाइश हर जगह होती है। कुछ नेता होते है जिन्हें सुधार की जरूरत होती है। लेकिन भाजपा में अधिकतर नेता चाहे मंत्री ही क्यों न हो कार्यकर्ता की बात सुनते हैं और सामंजस्य के साथ काम करते हैं।

***सवालः कई बार बयान असहजता पैदा कर देते हैं इनसे कैसे निपटते हैं?***

**जवाबः** बयानबाजी एक मानव स्वाभाव है। कई बार परिस्थितिवश कुछ होता है तो जहां समझाने, समाधान निकालने का प्रयास करते हैं, जरूरत हुई तो एक्शन भी लेना पड़ता है। भाजपा में लाखों कार्यकर्ता हैं कहीं न कहीं दो चार घटनाएं होना स्वाभाविक है। ये न हों इसकी गारंटी नहीं ली जा सकती है।

***सवालः पार्टी के बड़े नेताओं की अपनी हसरतें हैं निगम मंडलों की सूची का इंतजार है कब तक आ रही है?***

**जवाबः** पहली प्राथमिकता संगठन के खाली पदों को भरना है। संगठन को मजबूत करने के लिए पद भरना बेहद जरूरी है। सत्ता से जुड़े जो पद है उन्हें भी भरना है लेकिन जब उसका समय आएगा तो उन्हें भी भरा जाएगा।

***सवालः पहले प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हर तीन माह में होती थी अभी कार्यसमिति का अता पता नहीं?***

**जवाबः** जिला संभाग स्तर पर लगातार बैठकें हो रहीं हैं। चुनाव के कारण कुछ विलंब हुआ है लेकिन हम बहुत जल्द इसकी घोषणा कर देंगे। फिर भाजपा की कार्य पद्धति के अनुसार नियमित बैठकें शुरु हो जाएंगी।

***सवालः प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की और आपकी कार्यशैली में कोई अंतर आपको दिखता है?***

**जवाबः** जीतू पटवारी हों या कांग्रेस ये सोशल मीडिया पर तो दिखते हैं पर बूथ पर किसी को दिखाई नहीं देते हैं। जबकि भाजपा का हर एक कार्यकर्ता हर एक बूथ पर दिखाई देगा। जमीन से जुड़ा दिखाई देगा। जहां तक उमंग सिंघार की बात है तो वे विधानसभा में सक्रिय रहते हैं और मुद्दे उठाते हैं।

***सवालः कमलनाथ और दिग्विजय आपके कितने मददगार हैं?***

**जवाबः** दोनों नेता सम्मानीय हैं उन्होंने पूरा जीवन कांग्रेस में लगा दिया लेकिन पार्टी उन्हें वो सम्मान नहीं दे रही जो मिलना चाहिए था, क्या कारण हैं ये वे ही जानें।

***सवालः भाजपा में भी कई नेता है उनका दर्द आप समझ रहे हैं या सिर्फ कांग्रेस के नेताओं की तकलीफ का अहसास है?***

**जवाबः** भाजपा का प्रयास होता है कि जिसने पार्टी के लिए योगदान दिया है उसका स्थान और सम्मान बरकरार रहे।

***सवालः पार्टी को मजबूत करने के लिए क्या कोई नवाचार कर रहे हैं?***

**जवाबः** जहां हम विधानसभा सीट हारे हैं या कम मतों से जीते हैं वहां जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं। वहां संगठन और सत्ता का तालमेल आपसी चर्चा और बैठकें लगातार हो रही हैं। उन कारणों को खोजा जा रहा है जिसकी वजह से भाजपा चुनाव हारी है। हर एक बूथ को मजबूत करने के लिए काम हो रहा है। मंत्रियों के साथ बैठक सुझाव के लिए कलेंडर भी जारी किया गया है।

हरिभूमि
नई दिल्ली, मंगलवार
3 फरवरी 2026

# सहेली



जब मानव जीवन मिला है तो इसे मूल्यवान समझें। बेशकीमती जीवन व्यर्थ ना जाने दें। हम इस बात को समझें कि जीवन मिला है तो दुखों का अंधेरा छाएगा ही, इससे हताश-निराश ना हों। यह ना भूलें कि सुबह का उजियारा नई आशाएं लेकर आएगा, सफल जीवन की राह बनाएगा। इस राह में हमारी जीवनशैली कैसी हो, जिससे जिंदगी आसान और खूबसूरत बने, जानिए।

## भरपूर जिएं और बनाएं अपनी जिंदगी खूबसूरत

कवर स्टोरी

प्रतिभा अग्निहोत्री

प्रसिद्ध लेखक पी. वी. अखिलन ने अपनी पुस्तक 'चित्रप्रिया' में एक जगह लिखा है, 'अपनी जिंदगी का हर पल खूबसूरत बनाने का प्रयास करें। यदि सुंदर न बना सके तो कम से कम जैसी है, वैसी तो रहने दें।' जी हां, जब ईश्वर ने हमें मानव जीवन दिया है तो इसे व्यर्थ की चिंताओं, परेशानियों, तनाव और परस्पर वैमनस्य में ना गंवाएं। जिंदगी को रोते-बिलखते जीने से क्या फायदा? हमें यह समझना चाहिए, जीवन कभी भी एक जैसा नहीं रहता। इसमें सुख-दुःख आते-जाते रहते हैं। इसलिए जब इस संसार में जन्म लिया है तो जीवन का भरपूर आनंद लेते हुए परेशानियों-संकटों का समझदारी से सामना करें, इससे उबरें, इन पर विजय हासिल करें।

**तनाव से बनाएं दूरी:** जब भी आप तनाव में हों, प्रकृति के बीच जाएं। किसी पार्क में जाकर वहां फूल-पत्तियों को देखें कि कैसे वे धूप, बारिश, सर्दी, आंधी-तूफान सहकर भी खिले रहते हैं, मुस्कुराते रहते हैं। कली से बने फूलों को प्रकृति कैसे एक नाजुक बच्चे की तरह अपनी सुरक्षा देती है। एक बार ध्यान से प्रकृति की हर कृति को देखें। यकीन मानिए, आप दंग रह जाएंगी कि किस प्रकार एक मां के आंचल की भांति प्रकृति ने कलियों से बने फूल, फिर फल की सुरक्षा की है।

**हमेशा सकारात्मक रहें:** परेशानियां हर किसी के जीवन में आती हैं। कुछ उनका सामना हंसकर करते हैं तो कुछ जरा-सी परेशानी में घबरा जाते हैं, परेशान हो जाते हैं। जीवन का नाम ही संघर्ष है, परंतु परेशानियों से घबराकर भागना, ठीक नहीं है। संसार में हर समस्या का समाधान है। बस धैर्य, साहस और समझदारी से काम लेने की आवश्यकता होती है।



### मित्र बनाएं

अकेलापन कई बार डिप्रेशन, ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों को जन्म देता है। अपनी कुछ सहेलियां अवश्य बनाएं। सुबह या शाम जब भी पार्क में टहलने जाएं, वहां आई महिलाओं से दोस्ती करें। इनसे कुछ अपनी कहें, कुछ उनकी सुनें। उनके साथ अपने सुख-दुःख साझा करें, इससे आपका मन हल्का होगा। आपको एक संबल मिलेगा।

**छोटी-छोटी खुशियां सेलिब्रेट करें:** जीवन चलने का नाम है। कभी परेशानियों का घना अंधेरा आपको घेर लेगा, तो कभी प्रातः उगे सूरज की किरणें नई आशाओं का संचार करेंगी। सुख और दुःख तो जीवन के दो पहलू हैं, इससे आपको प्रभावित होने की आवश्यकता नहीं है। सुख है तो दुःख भी आएगा, यह तो धूप-छांव का खेल है। आप धैर्य के साथ प्रत्येक स्थिति का सामना करें। सुख में बहुत अधिक खुश न हों, दुःख में बहुत अधिक दुःखी ना हों। जो भी आपके पास अच्छा है, उसे सहेजें और सोचें कि ये सब अन्य लोगों के पास कितना है। बहुत ज्यादा पाने की उत्कंठा ना पालें, जो भी आपके पास है, उसमें संतोष करें। यही सुखी जीवन का सूत्र है।

**व्यस्त रहें-मस्त रहें:** कहा जाता है 'व्यस्त रहें, मस्त रहें' क्योंकि खाली दिमाग शैतान का घर होता है। स्वयं को हर हाल में व्यस्त रखें। यदि आप वर्किंग हैं, ऑफिस के बाद कुछ समय आपके पास खाली रहता है तो उसमें अपने अधूरे शौकों को पूरा करें, जैसे म्यूजिक, डांसिंग, पेंटिंग या फिर राइटिंग जो भी आपकी पसंद का काम हो उसे करें और व्यस्त रहें। इससे आपको एक अलग ही खुशी मिलेगी, आप ऊर्जावान रहेंगी।



**मन का करें:** कई बार हम दूसरों को लेटेस्ट फैशन की ड्रेस पहने देखकर, डांस फ्लोर पर खुलकर डांस करते देखकर या बिंदास तरीके से जीते देखकर खुद भी वैसा जीवन जीने की सोचते हैं, लेकिन हमारे अंदर का संकोच ऐसा करने से रोक देता है। आपका जो भी करने का मन करे, खुलकर करें। हमेशा याद रखें, जो करना है, इसी जीवन में करना है। मन की अपनी किसी तमन्ना को मारे नहीं। लोग क्या कहेंगे, सोचकर अपनी ख्वाहिशों को दबाएं नहीं। अपनी जिंदगी अपने ढंग से जिएं, भरपूर जिएं और खुश रहें।

**भूलना सीखें:** कई बार किसी नाते-रिश्तेदार या मित्र-परिचित का व्यवहार मन को अंदर तक आहत कर देता है, इससे मन व्यथित हो उठता है। उस व्यवहार या बात को मन में पाले न रखें। जो हुआ, उसे भूल जाएं, मतलब 'बीती ताहि बिसार दे, आगे की सुधि ले' के सिद्धांत पर चलें। इससे आपको मानसिक शांति तो मिलेगी ही, साथ ही सामने वाले के प्रति मन में बैठी कड़वाहट भी खत्म होगी और रिश्तों में फिर से मिठास घुलेगी।

**जीवन को अनुभव करें:** आप मनुष्य हैं, अपने इस मनुष्य जीवन को अनुभव करें। इस बात को मानें कि आप पृथ्वी पर जन्म लेने वाले समस्त प्राणियों में सर्वश्रेष्ठ हैं। आपको ईश्वर ने पृथ्वी पर मनुष्य का 'महान जीवन' जीने के लिए भेजा है, इसे व्यर्थ के कार्यों में जाया ना करें। इसे परिवार, समाज, देश और मानव कल्याण में लगाएं। इस बारे में सीनियर काउंसलर कीर्ति वर्मा कहती हैं, 'जिंदगी एक बार मिली है, इसके हर रंग को हंसते-खेलते जिएं, पूरा आनंद उठाएं, आपको एक अलग तरह का सुकून मिलेगा, खुशी मिलेगी।'

## जब हां कहने से बढ़े बोझ तब ना कहना है जरूरी

लोगों की मदद करना, कोई बुरी बात नहीं है। लेकिन जब लोग आपकी इस आदत का फायदा उठाते हुए आप पर कामों का बोझ डालने लगेंगे तो आपके पास अपने लिए समय नहीं रहेगा। लगातार काम करते हुए आप तनाव से घिर सकती हैं, जो आपके स्वास्थ्य के लिए भी सही नहीं। इसलिए हर किसी के काम के लिए हां मत कहिए।

एडवाइस

अनीता जैन



हममें से कई लोग दूसरों की भावनाओं को ठेस न पहुंचे, इस सोच के कारण हर काम के लिए 'हां' कह देते हैं। हमें लगता है, 'ना' कहने से सामने वाला बुरा मान जाएगा या हमें गलत समझेगा। लेकिन हर बार अपनी इच्छा और सुविधा को नजरअंदाज कर दूसरों की बात मानना, धीरे-धीरे हमारे मन, समय और आत्म-सम्मान को नुकसान पहुंचाने लगता है। इससे तनाव, थकावट और मन में असंतोष बढ़ता है। हमें इससे बचना चाहिए।

**हर किसी की बात पूरी करना जरूरी नहीं:** हमारा यह समझना जरूरी है कि आज के व्यस्त जीवन में हर किसी की बात को पूरा करना जरूरी नहीं है। यदि सामने वाले को हमारी मदद की सच में जरूरत है तो हम सहानुभूति के साथ 'हां' कह सकते हैं। लेकिन अगर उसकी जरूरत केवल औपचारिक या दबावपूर्ण है, तो विनम्रता और स्पष्टता से 'ना' कहना बेहतर है। सही समय पर समझदारी से 'ना' कहना हमारे जीवन में संतुलन और मानसिक शांति बनाए रखने में मदद करता है।



**बार-बार 'हां' बढ़ाता है तनाव:** हर बार दूसरों की बात मानना भले ही तुरंत ठीक लगे, लेकिन लंबे समय में यह आदत हमें मानसिक और शारीरिक रूप से थका देती है। ऑफिस में जरूरत से ज्यादा जिम्मेदारी लेना, किसी रिश्ते में अपनी मर्जी के खिलाफ काम करना या सामाजिक आयोजनों में थकावट के बावजूद जाना, ये सभी बातें धीरे-धीरे हमारे भीतर चिड़चिड़ापन, असंतोष और तनाव पैदा करती हैं। ऐसे में खुद के लिए समय निकालना भी मुश्किल हो जाता है।

**मना करना समझदारी भरा कदम:** 'ना' कहना असभ्यता नहीं है, बल्कि यह एक समझदारी भरा कदम है। जब कोई काम हमारे समय, सुविधा या मानसिक स्थिति के अनुकूल न हो, तो उसे मना करना हमारी जिम्मेदारी है। ऐसा करना यह दिखाता है कि हम अपनी सीमाओं और जरूरतों को समझते हैं। साथ ही साथ यह दूसरों को भी सिखाता है कि हर बार आपसे 'हां' की उम्मीद न करें।

**समय बचाने में मदद करता है 'ना':** हम सबके पास समय सीमित है। अगर हम हर बात पर 'हां' कहेंगे, तो अपने जरूरी काम और आराम के लिए वक्त नहीं बचेगा। सोच-समझकर 'ना' कहने से हम अपनी ऊर्जा और ध्यान उन कामों में लगा सकते हैं, जो हमारे लिए वाकई जरूरी हैं। यह आदत हमें बेहतर समय प्रबंधन, मानसिक स्पष्टता और संतुलन देती है।

**विनम्रता से कहें 'ना':** कुछ लोग ना कहने में बहुत संकोच करते हैं। ऐसे लोगों के लिए जरूरी है वे अपने स्वभाव-व्यवहार में बदलाव लाएं। ऐसे लोग सबसे पहले अपनी प्राथमिकताएं तय करें। किसी काम का अनुरोध मानने से पहले सोचें कि क्या वह काम आपके समय या मानसिक स्थिति के अनुकूल है। अगर नहीं, तो विनम्रता से मना करना सही होगा। जैसे कहें, 'मैं आपकी बात समझती हूं, लेकिन फिलहाल यह मेरे लिए संभव नहीं है।' इससे रिश्तों में कटुता नहीं आती।

**गिल्ट महसूस न करें:** खुद के लिए सीमाएं तय करना कोई अपराध नहीं। 'ना' कहना, दरअसल आत्म-देखभाल का ही एक हिस्सा है, न कि असंवेदनशीलता।

**तुरंत जवाब न दें:** अगर किसी निर्णय को लेकर आप उलझन में हैं, तो समय लेकर सोचें। कहें, 'मैं इस पर सोचकर बताऊंगी।' यह आपको बिना दबाव के सही फैसला लेने में मदद करेगा।

**सबको खुश करने की आदत छोड़ें:** यह समझें कि आप हर किसी को खुश नहीं कर सकतीं। सीमाएं बनाना और उन्हें साफ तरीके से बताना आत्मबल की निशानी है।

हर साल फरवरी-मार्च में जैसे-जैसे बच्चों के फाइनल एग्जाम्स करीब आने लगते हैं, वैसे ही बच्चों ही नहीं उनके पैरेंट्स का भी तनाव बढ़ने लगता है। ऐसे में पैरेंट्स को बहुत समझदारी से बच्चों की केयर और गाइड करना चाहिए, जिससे बच्चा टेंशनफ्री होकर एग्जाम दे सके।

## बच्चों की ही नहीं ये आपकी भी परीक्षा का समय है

प्रिपरेशन

मनोज अग्निहोत्री



अब से कुछ ही दिनों बाद बच्चों के फाइनल एग्जाम शुरू होने वाले हैं। इन दिनों कई घरों में बच्चों से अधिक उनके माता-पिता एग्जाम को लेकर तनाव में दिख रहे हैं। उन्हें हर समय यही चिंता लगी रहती है कि बच्चा सही ढंग से पढ़ाई कर पा रहा है या नहीं। अपनी इसी सोच के चलते, पैरेंट्स बच्चे को बार-बार टोकते हैं। इससे बच्चा बहुत ज्यादा स्ट्रेस में आ जाता है। पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाता। ऐसे में अभिभावकों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि यह समय बच्चों का सपोर्ट सिस्टम बनने का होता है, न कि आलोचक बनने का।

**तुलना करेगी आहत:** किसी बच्चे की अपने बच्चे से तुलना न करें। इस प्रकार की तुलनात्मक बातें बच्चे को मानसिक रूप से आहत और अपमानित करती हैं, क्योंकि जिस प्रकार अपनी रसोई में आपका काम करने का अपना तरीका होता है, उसी प्रकार हर बच्चे का भी अपनी पढ़ाई का एक तरीका, योग्यता और क्षमता होती है, वह उसी के अनुसार अपना अध्ययन करता है।

**ताना न मारें:** 'तुम कुछ नहीं कर सकते, भगवान जाने तुम्हारा क्या होगा?' 'हम तुम्हारी हर जरूरत को पूरा करते हैं और एक तुम हो कि इसके बदले में ढंग से पढ़ाई तक नहीं कर सकती हो।' ऐसे ताने या कटुवचन अपने बच्चे से बिल्कुल न बोलें। ध्यान रखिए, वर्तमान समय में अंकों की अधिकता किसी भी अच्छे स्कूल में एडमिशन होना सुनिश्चित नहीं करता और न ही एक कक्षा के अधिक मार्क्स से बच्चे का जीवन बनता-बिगड़ता है। हां इस प्रकार के वाक्यों से आप अपने और बच्चे के मध्य एक दूरी अवश्य बना लेते हैं।

**रखें स्वस्थ पारिवारिक माहौल:** कई परिवारों में पति-पत्नी आपस में लड़ते-झगड़ते रहते हैं या फिर मेहमानों का आवागमन होता रहता है। ऐसे में बच्चे के लिए पढ़ाई कर पाना मुश्किल हो जाता है। इस समय आवश्यक है कि आप अपने बच्चे को घर में एक स्वस्थ वातावरण प्रदान करें, ताकि वह बिना किसी बाधा के अपनी पढ़ाई कर सके। घर के वातावरण को सरल और सहज रखें ताकि बच्चा भी परीक्षा को हौव्वा न समझकर, सहज प्रक्रिया समझे।

**डाइट है बहुत महत्वपूर्ण:** एग्जाम के दिनों में अपने बच्चे की डाइट का विशेष ध्यान रखें। उसे पौष्टिक भोजन दें। फास्ट फूड के स्थान पर ताजे फलों का जूस, मेवे और हरी सब्जियां खाने को दें।

**मददगार बनें:** जब परीक्षा एकदम सिर पर होती है तो कुछ बच्चे घबरा जाते हैं कि कैसे पढ़ें, पढ़ाई के क्या तरीके अपनाएं या फिर कैसे रिवीजन करें? ऐसे में बच्चों को स्वयं गाइड करें या किसी परिचित शिक्षक से मदद लेने को कहें।

**(सीनियर साइकोलॉजिस्ट निधि तिवारी से की गई बातचीत पर आधारित)**



### भावनात्मक सपोर्ट दें

अकसर इन दिनों में बच्चे अपने कोर्स को लेकर घबरा जाते हैं, वे एग्जाम फोबिया से ग्रस्त हो जाते हैं। उन्हें लगता है कि यदि वे परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए तो किसी लायक नहीं समझे जाएंगे। ऐसे में आपका दायित्व है कि आप उन्हें समझाएं कि उनके मार्क्स कम आएं या अधिक, आप हर हाल में उनके साथ हैं। समय निकालकर आप उनसे पढ़ाई के अलावा अन्य विषयों पर हल्की-फुल्की बातें करें, ताकि आप उनके मन की बातों को पढ़कर सही मार्गदर्शन दे सकें।

मेकअप

ललिता गोयल

## जैसी हो आपकी स्किन टोन वैसा ही चुनें परफेक्ट लिपस्टिक शेड

लिपस्टिक लगाना लगभग सभी महिलाओं को अच्छा लगता है। इससे उनकी फेस ब्यूटी निखर उठती है। लेकिन कुछ महिलाएं इस बात को लेकर कंफ्यूज रहती हैं कि उनकी स्किन टोन के अनुसार लिपस्टिक का कौन-सा शेड उन्हें सूट करेगा? स्किन टोन के अनुसार सही शेड की लिपस्टिक आपके लुक को बदल सकती है और पूरा लुक इंस्टेंट अपग्रेड हो जाता है। वहीं गलत शेड की लिपस्टिक से लुक निखरकर सामने नहीं आता क्योंकि जहां कुछ कलर लुक को डल दिखाते हैं, वहीं कुछ ज्यादा ही लाउड लगते हैं। जैसे अगर किसी का स्किन टोन मीडियम-फेयर है, तो उन पर काफी शेड्स अच्छे लगते हैं, लेकिन हर शेड उन पर नहीं जंचता। ऐसे में यह बेहद जरूरी है कि आप अपनी स्किन टोन को ध्यान में रखते हुए परफेक्ट लिप शेड को चुनें। ये जरूरी नहीं कि लिपस्टिक का हर कलर हर किसी को सूट करे। इसके लिए स्किन कॉम्प्लेक्शन पर भी ध्यान देना बहुत जरूरी है। आइए जानते हैं, स्किन टोन के हिसाब से कैसे किया जाए परफेक्ट लिपस्टिक शेड का सेलेक्शन।



**फेयर स्किन टोन:** अगर आपकी त्वचा गोरी रंगत वाली यानी आपका स्किन टोन फेयर है तो आपके लिप्स पर कोरल, वाइन रेड, लाइट पर्पल पीच, चेरी रेड या न्यूड पिंक शेड की लिपस्टिक बहुत अच्छी लगेंगी। फेयर स्किन टोन वाली महिलाएं, बोल्ड लुक के लिए मोव या मोका शेड भी ट्राई कर सकती हैं। लेकिन उन्हें डार्क पिंक, ब्लड रेड और बहुत ज्यादा शिमर या ग्लॉसी लुक वाले लिपस्टिक के शेड्स से बचना चाहिए।

**व्हीटिश स्किन टोन:** गेहुंआ रंगत यानी व्हीटिश स्किन टोन वाली महिलाओं को न्यूड शेड्स की लिपस्टिक लगाने से बचना चाहिए क्योंकि यह उनके चेहरे की रंगत को फीका कर सकते हैं। ऐसी स्किन टोन पर ब्राउन कलर के शेड्स परफेक्ट लगते हैं। इसके अलावा इस स्किन टोन वाली महिलाएं डार्क पिंक, ब्लड रेड, ब्रोंज, राइप ऑरेंज, सिनामन कलर भी चुन सकती हैं। इन कलर के लिपस्टिक शेड्स चेहरे पर ताजगी और चमक लाते हैं। इसके साथ ही पूरे लुक को निखारते हैं।

**डार्क स्किन टोन:** अगर आपकी रंगत दबी हुई यानी सांवली (डार्क स्किन टोन) है तो आपको लिपस्टिक में मैट लिपस्टिक के ब्रिक रेड, ब्राउनिश रेड, कैरेमल कलर, कॉफी कलर ट्राय करने चाहिए। ये शेड उन्हें काफी सूट करते हैं। इस स्किन टोन वालों को ग्लॉसी लिपस्टिक से बचना चाहिए क्योंकि ये उनकी रंगत को और अधिक डार्क दिखाते हैं। अगर किसी का स्किन टोन ज्यादा डार्क है तो उन्हें ब्राउन, रेड, पर्पल कलर के शेड्स को चुनना चाहिए।

**(मेकअप आर्टिस्ट रेनू महेश्वरी से बातचीत पर आधारित)**

मेडिकल एडवाइस

अलग-अलग वजहों से महिलाओं में विभिन्न कैंसर हो सकते हैं। लेकिन अगर शुरुआती लक्षणों को पहचान लिया जाए, तो कैंसर का ट्रीटमेंट संभव है। वर्ल्ड कैंसर डे, 4 फरवरी पर विभिन्न तरह के कैंसरों के लक्षण और बचाव के उपायों के बारे में जानिए।

## रहें अवेयर-पहचानें लक्षण कैंसर से होगा बचाव

बीते कुछ वर्षों में महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, ओवेरियन कैंसर, एंडोमेट्रियल (यूटेरस) और कोलन कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। हालांकि सही लाइफस्टाइल, बैलेंस्ड डाइट और समय-समय पर जांच से इन कैंसरों के रिस्क को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

**कैंसर के शुरुआती संकेत:** महिलाओं में होने वाले अधिकतर कैंसर की पहचान शुरुआती लक्षणों से ही की जा सकती है। इस बारे में एक्शन कैंसर हॉस्पिटल, दिल्ली में डायरेक्टर-गायने ऑन्कोलॉजी, **डॉ. बुचुन कुमारी मिश्रा** बताती हैं, 'ब्रेस्ट कैंसर में स्तन में गांठ महसूस होना, स्तन के आकार या रंग में बदलाव, निप्पल का अंदर धंसना या निप्पल से किसी तरह का असामान्य डिस्चार्ज आना शुरुआती संकेत हो सकते हैं। वहीं सर्वाइकल कैंसर में पीरियड्स के अलावा बार-बार ब्लीडिंग होना, इंटरकोर्स के बाद रक्तस्राव या असामान्य वेजाइनल डिस्चार्ज को गंभीरता से लेना जरूरी है। ओवेरियन कैंसर के लक्षण अकसर सामान्य पेट की समस्या समझ लिए जाते हैं, जैसे लगातार पेट फूलना, निचले पेट में दर्द, जल्दी पेट भर जाना या बिना वजह वजन बढ़ना। इसी तरह एंडोमेट्रियल कैंसर में मेनोपॉज के बाद किसी भी तरह की ब्लीडिंग होना खतरे का संकेत माना जाता है। जबकि कोलन कैंसर में लंबे समय तक कब्ज रहना, स्टूल में खून आना, बार-बार थकान महसूस होना या खून की कमी जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। इनमें से किसी भी तरह के असामान्य लक्षण दिखने पर तुरंत जांच कराना बेहद जरूरी है।'



**लाइफस्टाइल हो सही:** हेल्दी लाइफस्टाइल, कैंसर से बचाव का कारगर उपाय है। महिलाओं को रोजाना कम से कम 30 से 40 मिनट वॉक, योगाभ्यास या किसी भी तरह की फिजिकल एक्टिविटी को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। वजन को कंट्रोल में रखना बेहद जरूरी है। इसके साथ ही धूम्रपान और शराब से पूरी तरह दूरी बनाना चाहिए। हार्मोन से जुड़ी या गर्भनिरोधक दवाओं का लंबे समय तक बिना डॉक्टर की सलाह के सेवन से बचना चाहिए। यह हार्मफुल हो सकता है।

**न्यूट्रिशस डाइट:** महिलाओं को डाइट में हरी सब्जियां जैसे पालक, ब्रोकली, पत्ता गोभी जरूर शामिल करनी चाहिए। इसके साथ ही पपीता, सेब, अनार और बेरीज जैसे फल इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करते हैं। दलिया, ओट्स और दालों जैसे फाइबर युक्त आहार पाचन तंत्र को दुरुस्त रखते हैं और कोलन कैंसर के खतरे को कम करते हैं। हल्दी, लहसुन और अदरक में मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण शरीर को अंदर से सुरक्षित रखते हैं।

**जरूरी टेस्ट:** कैंसर से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका रेग्युलर स्क्रीनिंग और समय पर जांच है, क्योंकि इससे बीमारी को शुरुआती स्टेज में ही पकड़ा जा सकता है। इस बारे में, रीजेंसी हॉस्पिटल, गोरखपुर की कंसल्टेंट-गायने ऑन्कोलॉजी, **डॉ. सहाना पुन्नेशेट्टी** डिटेल में बताती हैं, ब्रेस्ट कैंसर को पहचानने के लिए 20 साल की उम्र के बाद हर महिला को महीने में एक बार सेल्फ ब्रेस्ट एग्जामिनेशन करना चाहिए, ताकि किसी भी तरह की गांठ या बदलाव को समय रहते पहचाना जा सके। वहीं 40 साल की उम्र के बाद डॉक्टर की सलाह से मैमोग्राफी कराना बेहद जरूरी हो जाता है। सर्वाइकल कैंसर की जांच के लिए 25 साल की उम्र के बाद नियमित रूप से पैप स्मीयर टेस्ट कराना चाहिए। वहीं कोलन कैंसर से बचाव के लिए स्टूल टेस्ट किया जाता है। एचपीवी वैक्सीन, सर्वाइकल कैंसर से बचाव में कारगर है।

**प्रस्तुति: सहेली फीचर्स**

छत्तीसगढ़ के राजिम में दुतकैंया गांव का मामला

# पुराने विवाद के चलते दो पक्ष भिड़े, कर्फ्यू जैसे हालात, पुलिस बल तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के राजिम के दुतकैंया गांव में भड़की हिंसा के बाद पूरे गांव में पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है। पुलिस ने हिंसा भड़काने वाले तीन आरोपियों को रविवार की देर रात गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की भी पहचान की जा रही है। मामले में राजिम थाने में तीन एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं पुलिस पर पत्थरबाजी करने वालों की शिनाख्ती की जा रही है। फिलहाल गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। कर्फ्यू जैसे हालात हैं। सुरक्षा को लेकर बाहरी लोगों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। एसपी और आईजी मौके पर पहुंचे हुए हैं।



**राहगीरों को भी नहीं छोड़ा, भीड़ ने किया हमला**

बताया जाता है कि मूर्ति क्षतिग्रस्त करने के पुराने विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर विवाद हुआ। भीड़ ने घर-कार में आगजनी और घरों में घुसकर लोगों से मारपीट की। सबसे पहले हमलावरों ने रास्ते से गुजर रहे युवकों पर पर हमला किया। सब-स्टेशन में ड्यूटी कर रहे अरविंद साहू के सिर पर प्राणघातक हमला किया। इतना ही नहीं राजिम मेला जा रहे नरेंद्र साहू के हाथ पर वार किया गया, जबकि रेखु यादव, परमानंद साहू के साथ भी मारपीट की गई। इसके बाद दूसरे गुट ने घरों और वाहनों में आग लगा दी। पुलिस पर जमकर पथराव किया। स्थिति नियंत्रण करने के लिये पुलिस ने हल्का बल प्रयोग भी किया। बिगड़ती स्थिति को देखकर पुलिस बल भारी संख्या में तैनात किया गया है।

**फूटा लोगों का गुस्सा, आरोपी गिरफ्तार**

पुलिस ने आरोपी आरिफ खान को जेल भेज दिया है। वह हाल ही में जेल से छूटकर आया था। इसके बाद वह इस वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों ने चार घंटे तक गांव के तीन लोगों को करीब चार घंटे तक पीटा। इससे ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। गुस्साये ग्रामीण आरोपी के घर पहुंचे। इस दौरान घर के अंदर मौजूद कुछ लोग भीड़ पर मिर्ची पाउडर फेंके। इससे लोग और भड़क गये। एक आरोपी के घर को आग लगा दी। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के करीब 12 मकानों में तोड़फोड़ और आगजनी की। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर ले गई। इस दौरान पुलिस और लोगों के बीच जमकर पत्थरबाजी भी हुई। इसमें करीब पांच पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। वहीं छह नागरिक भी घायल हुए हैं, जिनका इलाज चल रहा है।

**पुलिस की टीमें कर रहीं सर्चिंग**

फिलहाल प्रशासन ने मोर्चा संभाल लिया है। अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। पुलिस की टीमें लगातार सर्चिंग कर रही हैं ताकि स्थिति नियंत्रण में रहे। कई घरों के बाहर पुलिस पूरी रात पहरेदारी की ताकि कोई घर से बाहर न निकल सके। साम्प्रदायिक हिंसा के बाद पूरा गांव छावनी में तब्दील हो गया है। घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत और तनाव का माहौल है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए राजिम, फिंगेश्वर, महासमुंद थाना पुलिस मौके पर पहुंची है। दमकल वाहन मौजूद हैं। हिंसा की सूचना पर साहू समाज और बजरंग दल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एकत्र हो गये। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य संदिग्धों की पहचान की जा रही है। जल्द ही वो भी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद है। घटना में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आगजनी और तोड़फोड़ से हुए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। ग्रामीणों के पथराव में कुछ पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। फिलहाल, स्थिति सामान्य है। पुलिस ने इस मामले में अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की भी पहचान की जा रही है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा। वहीं पुलिस पर पत्थरबाजी करने वालों की शिनाख्ती की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### सरकार की नीतियां भरोसेमंद आर्थिक विकास पर जोर



**इंदौर।** केंद्रीय बजट 2026–27, जो कर्तव्य भवन से पेश किया गया पहला बजट है और वित्त मंत्री का लगातार नौवां बजट है, यह साफ संदेश देता है कि तेज़ आर्थिक विकास और वित्तीय अनुशासन साथ-साथ चल सकते हैं। एनएसई के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ आशीषकुमार चौहान का कहना है कि यह बजट वित्तीय संतुलन के रास्ते पर मजबूती से बना हुआ है। इसमें राजकोषीय घाटा जीडीपी के 4.4% से 4.3% कर दिया गया है और कर्ज-से-जीडीपी अनुपात 56.1% से घटकर 55.6% हो गया है। निवेशकों और बाजारों को यह भरोसा देता है कि देश की अर्थव्यवस्था स्थिर है और सरकार की नीतियां भरोसेमंद हैं। इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास का आधार बना हुआ है। सार्वजनिक कैपेक्स में करीब 12% की बढ़ोतरी कर इसे ₹12.2 लाख करोड़ किया गया है।

### हाट बाजार में पानी सप्लाई के लिए बिछेगी पाइप लाइन

**भोपाल।** शहर के टीटी नगर स्थित स्मार्ट सिटी के हाट बाजार में पानी सप्लाई के लिए नगर निगम पाइप लाइन बिछाएगा। इससे बाजार में पानी सप्लाई की जा सकेगी। इस काम पर करीब एक करोड रुपए खर्च होंगे। स्मार्ट सिटी के अधिकारियों के अनुसार नगर निगम पाइप द्वारा पानी लाइन बिछाने का काम किया जाएगा। इसके लिए टेंडर जारी किए गए हैं।

फतेहाबाद के पीली मंदौरी में राज्य स्तरीय समारोह में नामी कलाकारों ने दी श्रद्धांजलि

# पंडित जसराज भारतीय शास्त्रीय संगीत के 'स्वर-सूर्य': नायब सैनी

नायब सैनी ने पं. जसराज की प्रतिमा का अनावरण किया शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंडित जसराज जी भारतीय शास्त्रीय संगीत के ऐसे 'स्वर-सूर्य' थे, जिनकी आभा ने न केवल देश बल्कि पूरे विश्व को आलोकित किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन भारतीय शास्त्रीय संगीत के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में सदैव स्मरणीय रहेगा। मुख्यमंत्री सोमवार को पद्म विभूषण, पद्मश्री एवं संगीत मार्तण्ड पंडित जसराज जी की 96वीं जयंती के अवसर पर जिला फतेहाबाद के गांव पीली मंदौरी में संत-महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के तहत आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर पंडित जसराज जी की प्रतिमा का अनावरण किया तथा शहीद स्मारक पर देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस समारोह में आने से पहले आज सुबह उनकी मुलाकात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी से हुई है और उन्हें इस कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने हरियाणा वासियों को राम-राम भेजी है और पंडित जसराज जी को श्रद्धांजलि दी है।



चंडीगढ़। फतेहाबाद के पीली मंदोरी में पंडित जसराज की जयंती पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान उनकी प्रतिमा का अनावरण करते हुए सीएम नायब सिंह सैनी।



चंडीगढ़। राज्य स्तरीय महोत्सव में पहुचे लोगों का अभिवादन स्वीकारते सीएम नायब सिंह सैनी व अन्य। फोटो: हरिभूमि

**अनूप जलोटा ने सुनाया-मीरा हो गई मग्न**

कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायक अनूप जलोटा ने भी पंडित जसराज का संगीत में योगदान याद किया। उन्होंने मीरा हो गई मग्न, लागी ऐसी लग्न भजन सुनाया। उन्होंने कहा कि पीलीमंदोरी गांव में ऐसा भव्य आयोजन हो सका, यह सब सीएम नायब सैनी की वजह से ही संभव हो पाया। कार्यक्रम में कई जानीमानी हस्तियां पहुंची।

**व्यक्ति नहीं, संस्था थे पंडित जसराज**

सीएम नायब सैनी ने कहा कि यह सुखद संयोग है कि हम पंडित जसराज की जयंती के साथ–साथ पंडित जसराज कल्चरल फाउंडेशन की चौथी वर्षगांठ भी मना रहे हैं। इसकी नींव वर्ष 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रखी थी। यह फाउंडेशन पंडितजी की शास्त्रीय विरासत को सहेज रहा है। पंडित जसराज व्यक्ति नहीं संस्था थे। पंडित जसराज की साथ ही, इसे नई पीढ़ियों तक पहुंचाने का पवित्र काम भी कर रहा है।

ट्रैक-गाड़ियों की संरक्षा गुणवत्ता होगी सुदृढ़

# अनुरक्षण कार्यों के अंतर्गत भोपाल मंडल में तीव्र गति से निष्पादित हो रहे रेलवे ट्रैक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल मंडल में मल्टी-ट्रैकिंग एवं अधोसंरचना विकास कार्यों के साथ-साथ अनुरक्षण गतिविधियों के अंतर्गत रेलवे ट्रैक पर विभिन्न नवीनीकरण कार्य तीव्र गति से निष्पादित किए जा रहे हैं। मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समन्वित प्रयासों से ट्रैक अनुरक्षण से जुड़े संरक्षा-आधारित कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। भोपाल मंडल में ट्रैक नवीनीकरण के अंतर्गत कम्पलीट ट्रैक रिन्यूअल (सी.टी.आर.), थ्रू रेल रिन्यूअल (टी.आर.आर.), थ्रू स्लीपर रिन्यूअल (टी.एस.आर.), थ्रू टर्नआउट रिन्यूअल (टी.टी.आर.) तथा डीप स्क्रीनिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्य सम्मिलित हैं, जिन्हें आवश्यक ट्रैफिक ब्लॉक लेकर उच्च संरक्षा मानकों के अनुरूप निष्पादित किया जा रहा है। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के नौ माह (अप्रैल 2025 से दिसंबर 2025) के दौरान भोपाल मंडल में अनुरक्षण कार्यों के अंतर्गत 100.741 ट्रैक किलोमीटर में कम्पलीट ट्रैक रिन्यूअल (सी.टी.आर.), 121.23 ट्रैक किलोमीटर में थ्रू रेल रिन्यूअल (टी.आर.आर.), 80.245 ट्रैक किलोमीटर में थ्रू स्लीपर रिन्यूअल (टी.एस.आर.) तथा 80.250 समतुल्य यूनिट्स में थ्रू टर्नआउट रिन्यूअल (टी.टी.आर.) का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया है। इसके अतिरिक्त 55 टर्नआउट्स में डीप स्क्रीनिंग एवं 168.391 ट्रैक किलोमीटर में प्लेन ट्रैक की डीप स्क्रीनिंग का कार्य भी निष्पादित किया गया है।

छावनी थाना क्षेत्र का मामला, जांच जारी

# रील बनाने को लेकर पति-पत्नी में विवाद, महिला ने लगाई फांसी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग-भिलाई

सोशल मीडिया पर रील बनाने को लेकर पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद पत्नी ने आत्महत्या कर ली। दंपती में आए दिन विवाद होता था। जिससे नाराज होकर पत्नी ने घर पर फांसी लाकर आत्महत्या कर ली। मामला छावनी थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि महिला का नाम अंजली साव (35) है। मृतका अंजली इंस्टाग्राम पर एक्टिव रहती थी और वीडियो और रील बनाती थी। लेकिन अंजली के पति को यह पसंद नहीं आता था। रील अपलोड को लेकर पति पत्नी में आए दिन विवाद होता था। घटना के दिन भी दोनों में विवाद हुआ था, जिसके बाद अंजलि ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी जानकारी तब हुई जब उसके बच्चे ट्यूशन से घर पहुंचे तो देखा कि उनकी मां फांसी के फंदे पर झूल रही थी। इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी। परिजनों ने घटना की सूचना छावनी थाना पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव का फंदे से उतारा और पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव को परिजनों के सौंप दिया है।

इलाज कराकर लौट रही थी मासूम बच्ची

# कार की टक्कर से 6 साल की बच्ची की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित परेवाखेड़ा के पास बायपास पर शनिवार रात तेज रफ्तार कार ने छह साल की बच्ची को चपेट में ले ले लिया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। कार का चालक ही बच्ची को अस्पताल लेकर पहुंचा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक ग्राम परेवाखेड़ा पतलोन निवासी इकबाल अली प्राइवेट काम करते हैं। तीन-चार दिन से उनकी छह साल की बेटी आसिया अली वायरल फीवर से पीड़ति थी। शनिवार रात करीब नौ बजे इकबाल अली बेटी को इलाज के लिए बायपास स्थित एक क्लीनिक पर लेकर गए थे। क्लीनिक में डॉक्टर ने जांच के बाद कुछ दवाएं दी थीं। इकबाल अपनी बेटी आसिया को दवा दिलाने के बाद पैदल घर लौट रहे थे। इस बीच बायपास मार्ग पर आसिया पिता का हाथ छुड़ाकर चलने लगी। तभी तेज रफ्तार कार के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए बच्ची को चपेट में ले लिया। हादसे में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई थी। अस्पताल ले जाने से पहले ही उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार जब्त कर ली है।

मामले में शामिल सभी दोषी कर्मचारियों को बर्खास्त करने की मांग

# गोकशी मामलाः शीतलदास की बगिया में उग्र प्रदर्शन नगर निगम का किया पिंडदान, कराया सामूहिक मुंडन

जल्द कार्रवाई नहीं होने पर किया जाएगा उग्र आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के बडे तालाब स्थित शीतल दास की बगिया में रविवार को हिंदू संगठन ने शहर में 26.5 टन गोमांस मिलने के मामले को लेकर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। इस दौरान करीब 30 युवाओं ने सामूहिक मुंडन करवाया और नगर निगम का प्रतिकात्मक पिंडदान भी किया। प्रदर्शनकारी गोकशी मामले में शामिल सभी दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे थे। जय मां भवानी हिंदू संगठन के अध्यक्ष भानु हिंदू ने कहा कि इस प्रकरण में असलम और शोएब के साथ उन सरकारी और नगर निगम कर्मियों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए, जिनकी भूमिका सामने आने के बावजूद कार्रवाई नहीं की गई है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।




धरना-प्रदर्शन करते आंदोलनकारी।

# कोरबा में बिरयानी सेंटर में आग भड़की, बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

शहर में देर रात एक बड़ा हादसा टल गया। रविशंकर स्थित बस स्टॉप के पास संचालित मून बिरयानी सेंटर में देर रात करीब 12 बजे अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि दुकान के अंदर रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। हालांकि, स्थानीय लोगों की सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई से एक बड़े अनहोनी को टाल दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही वार्ड पार्षद अब्दुल रहमान तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि स्थानीय निवासी रवि, आजो जॉन्स, मनोज थॉमस सहित कई अन्य लोग आग बुझाने का प्रयास कर रहे थे।

अधिकारियों का तर्क, एफएसएल भेजी गई है पिस्टल, जांच के बाद दर्ज होगा केस

बीती रात अवैध पिस्टल से गोली चलने के कारण हो गई थी बच्चे की मौत

# मौके से अवैध पिस्टल, कारतूस बरामद होने के बावजूद भी पिस्टल के मालिक पर एफआईआर अब तक दर्ज न होने से उठा सिस्टम पर सवाल!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित छोला रोड जेपी नगर में शुक्रवार-शनिवार की रात अवैध पिस्टल से फायर होने से हुई बच्चे की मौत के मामले में अब तक किसी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। घटनास्थल से पिस्टल और कारतूस बरामद होने के बावजूद पुलिस ने प्रकरण दर्ज नहीं किया। सवाल इस बात का है कि मौके से अवैध पिस्टल, कारतूस बरामद होने के बाद भी पिस्टल के मालिक पर एफआईआर दर्ज क्यों नहीं की गई। एसीपी राकेश सिंह बघेल का कहना है कि जांच चल रही है। जबकि थाना प्रभारी महेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि पिस्टल एफएसएल भेजी गई है। जांच पूरी होने पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। उल्लेखनीय है कि जेपी नगर निवासी 12 वर्षीय इब्राहिम की शुक्रवार-शनिवार की रात गोली लगने से मौत हो गई थी। पुलिस को उसके पिता रिजवान ने अपने बताया कि अवैध पिस्टल उसके जीजा वाहिद नूर की थी। पुलिस ने घटना स्थल से दो पिस्टल जब्त की थीं। एक पिस्टल खराब बताई जा रही है।



मृतक इब्राहिम

**वांटेड वाहिद नूर सीरियल किलर खामरा गिरोह से जुड़ा था**

जहांगीराबाद का रहने वाला वाहिद नूर कुख्यात अपराधी है। वह चर्चित अपराधी रहे इरफान बच्चा का करीबी रहा है। इरफान बच्चा की मौत के बाद वह अन्य गुंडे-बदमाशों के संपर्क में रहने लगा। वर्ष 2019 में 32 ट्रक ड्राइवर-कंडक्टर की हत्या करने वाले सीरियल किलर आदेश खामरा के गिरोह से जुड़ गया। खामरा के लूटे ट्रक उसमें लोड सामान को बेचने का काम वाहिद नूर करता था। इसका खुलासा होते ही वाहिद भूमिगत हो गया। तब से अब तक वह नहीं पकड़ा गया। उस पर 50

**आश्रय देकर परिवार ने किया अपराध**

पुलिस ने वाहिद नूर को कई सालों से तलाश किया। वह कई गंभीर अपराधों में वांटेड है। इसकी जानकारी रिजवान समेत उसके परिवार के सभी सदस्यों को है। बावजूद इसके, वह रिजवान के घर को अपना ठिकाना बनाए हुए था। रिजवान के परिवार के सदस्यों ने पुलिस को इसकी कोई जानकारी नहीं दी, जिससे अपराधी को सुरक्षित आश्रय मिला। कानून के अनुसार, किसी भी अपराधी को पनाह देना भी अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे में पुलिस ने रिजवान के परिवार पर भी कानूनी कार्रवाई की संभावना जताई है।

**जांच जारी है...**


इस पूरे मामले में जांच की जा रही है। गठित टीम वाहिद नूर और आदेश खामरा गिरोह के बारे में जानकारी जुटा रही है। अवैध पिस्टल सहित बहनोई वाहिद के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जा रही है।

**राकेश सिंह बघेल**
**एसीपी भोपाल**

चिंतन

# संसद की गरिमा बनाए रखना सबका दायित्व

लोकसभा में कांग्रेस सांसद एवं नेता विपक्ष राहुल गांधी के हालिया भाषण के दौरान हुआ हंगामा केवल एक राजनीतिक टकराव नहीं था, बल्कि इसने संसद की गरिमा, नियमों की मर्यादा और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दों को फिर से केंद्र में ला खड़ा किया। नेता प्रतिपक्ष द्वारा पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे की कथित अप्रकाशित पुस्तक 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' के हवाले से चीन की घुसपैठ का जिक्र किए जाने पर सत्ता पक्ष ने कड़ा विरोध जताया, जिसके बाद सदन में व्यवस्था बाधित हुई। संसद लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है। यहां सत्ता और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है कि वे न केवल अपनी बात मजबूती से रखें, बल्कि स्थापित नियमों, गरिमा और परंपराओं का भी पालन करें। राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे विषयों पर चर्चा अत्यंत संवेदनशील होती है। ऐसे में किसी अप्रकाशित पुस्तक या लीक अंशों के आधार पर बयान देना स्वाभाविक रूप से सवाल खड़े करता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह का यह कहना कि अप्रकाशित सामग्री का हवाला देना सदन के नियमों के खिलाफ है, प्रक्रियात्मक दृष्टि से उचित माना जा सकता है। वहीं, दूसरी ओर, विपक्ष का तर्क भी पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता। यदि किसी प्रतिष्ठित पूर्व सैन्य अधिकारी के कथित अनुभवों के आधार पर सरकार की नीतियों और निर्णयों पर सवाल उठाए जा रहे हैं, तो उन सवालों को सुनना भी लोकतांत्रिक जिम्मेदारी का हिस्सा है। अखिलेश यादव का यह कहना कि चीन से जुड़ा मामला देश की सुरक्षा से संबंधित है और उस पर चर्चा होनी चाहिए, विपक्षी दृष्टिकोण को दर्शाता है। असल समस्या यहां "स्रोत की प्रमाणिकता" बनाम "मुद्दे की गंभीरता" की है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बार-बार नियमों का हवाला देते हुए राहुल को संयम बरतने की सलाह दी। नेता प्रतिपक्ष होने के नाते राहुल गांधी की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि वे जो भी तथ्य सदन में रखें, वे निर्विवाद और आधिकारिक हों। प्रियंका गांधी के उदाहरण का उल्लेख कर स्पीकर ने स्पष्ट संकेत दिया कि तथ्य यदि प्रमाणिक हों, तो उन्हें रखने में कोई बाधा नहीं होनी चाहिए। चीन की घुसपैठ, रेजांग ला, रेचिन ला की घटनाएं और 2020 के तनावपूर्ण हालात देश पहले ही देख चुका है। ऐसे में यदि कोई बयान सेना और सरकार के बीच संवाद को लेकर संदेह पैदा करता है, तो उसका प्रभाव केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि कूटनीतिक और रणनीतिक भी हो सकता है। इसी कारण सत्ता पक्ष का यह आग्रह कि ऐसी बातों को सार्वजनिक मंच पर कहने से पहले पूरी तरह सत्यापित किया जाए, समझ में आता है। अग्निवीर योजना को लेकर नरवणे के कथित विचारों का जिक्र भी विवाद का एक अहम बिंदु रहा, लेकिन फिर वही सवाल कि क्या ऐसे दावे आधिकारिक रूप से उपलब्ध हैं, या केवल लीक अंशों और लेखों पर आधारित हैं? संसद में बहस भावनाओं से नहीं, तथ्यों से चलनी चाहिए। इस पूरे घटनाक्रम से एक बात साफ है संसद की गरिमा बनाए रखना केवल स्पीकर या सत्ता पक्ष की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि विपक्ष की भी उतनी ही बड़ी जिम्मेदारी है। लोकतंत्र में सरकार से सवाल पूछना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन उसके साथ मर्यादा और नियमों का पालन अनिवार्य है। अंततः, संसद का उद्देश्य हंगामा नहीं, समाधान है। राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर राजनीति से ऊपर उठकर गंभीर, तथ्यपरक और जिम्मेदार चर्चा की आवश्यकता है। तभी संसद अपनी गरिमा बनाए रख सकेगी और लोकतंत्र की नींव मजबूत होगी।



चर्चा
अखिलेश आर्येन्दु

# वेनेजुएला-भारत संबंध नई ऊंचाई पर

नरेन्द्र मोदी द्वारा वेनेजुएला के कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज से टेलीफोन पर हुई बातचीत चर्चा का विषय बन गई है। जाहिर तौर पर इस वार्ता के बाद सहमतियों को देखते हुए, यह माना जाने लगा है कि इसका परोक्ष असर भारत का रूस पर तेल निर्भरता कम होने के रूप में हो सकता है। यह भी माना जा रहा है कि इससे अमेरिका से व्यापारिक दबाव कम करने और ग्लोबल साउथ में भारत की रणनीतिक स्थिति मजबूत करने में भारत को सहुलियत होगी। वहीं, इस वार्ता के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने वाशिंगटन डीसी से एअर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि अब भारत ईरान से कच्चा तेल खरीदने के बजाय वेनेजुएला से तेल खरीदेगा।

विश्व के बदलते परिदृश्य के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वेनेजुएला के कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज से टेलीफोन पर हुई बातचीत चर्चा का विषय बन गई है। इसकी अधिक चर्चा इसलिए भी हो रही है क्योंकि अमेरिका द्वारा वहां के पूर्व राष्ट्रपति को बंधक बनाकर अमेरिकी जेल में डालने (और दुनिया के तमाम देशों द्वारा राष्ट्रपति ट्रंप की इस दबंगई की निंदा) के बाद यह माना जा रहा था कि शायद ट्रंप का अगला कदम ग्रीनलैंड पर कब्जा करना हो सकता है। अभी तक भारत इंतजार करो और देखो की नीति (भूमिका) अपनाए हुए था। ऐसे में अचानक वेनेजुएला के कार्यवाहक राष्ट्रपति से विस्तार से वार्ता पर अमेरिका सहित दुनिया के तमाम देशों की निगाहें टिकी हैं। चर्चा यह भी हो रही है कि प्रधानमंत्री ने अमेरिका को इस वार्ता के जरिए अपना रुख साफ कर दिया है। गौरतलब है कि इस टेलीफोन वार्ता ने वैश्विक ऊर्जा राजनीति में हलचल पैदा कर दी है।

वार्ता मुख्यतः तेल और उसकी धार पर आधारित होने की वजह से भारत को तेल निर्यात करने वाले देश इस वार्ता के बाद भारत के अगले कदम की प्रतीक्षा करने लगे हैं। खासकर रूस और अरब देश। यह वार्ता कई मायने में खास मानी जा रही है। जाहिर तौर पर इस वार्ता के बाद सहमतियों को देखते हुए, यह माना जाने लगा है कि इसका परोक्ष असर भारत का रूस पर तेल निर्भरता कम होने के रूप में हो सकता है। यह भी माना जा रहा है कि इससे अमेरिका से व्यापारिक दबाव कम करने और ग्लोबल साउथ में भारत की रणनीतिक स्थिति मजबूत करने में भारत को सहुलियत होगी। वहीं, इस वार्ता के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने वाशिंगटन डीसी से एअर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि अब भारत ईरान से कच्चा तेल खरीदने के बजाय वेनेजुएला से तेल खरीदेगा। यह भी दावा किया कि अब भारत ने वेनेजुएला से तेल खरीदने का सौदा कर लिया है। गौरतलब है भारत ने 2019 से वेनेजुएला से तेल खरीदना बंद कर दिया था। यह वह दौर था जब अमेरिका ने वेनेजुएला पर बहुत कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए थे। अमेरिका ने सेकेंडरी सेंक्शंस भी लगा दिए थे, यानी जो भी देश वेनेजुएला से तेल खरीदेगा, उसे अमेरिकी बाजार में व्यापार करने या बैंकिंग सुविधाओं से रोक दिया जाएगा। भारत भी वेनेजुएला से 2019 के पहले अपने तेल आयात का 6 प्रतिशत तेल खरीदता था, लेकिन अमेरिका के जरिए वेनेजुएला पर लगाए प्रतिबंध के बाद उसे अपनी तेल आयात नीति में बदलाव करना पड़ा था। अब फिर दोनों देशों में संशोधित नीति के तरह भारत ने अपनी पुरानी नीति को आगे बढ़ाते हुए 30 जनवरी 2026 को तेल खरीदने पर एक नई सहमति बनी है। वैसे भारत ने 2024 में अमेरिका ने वेनेजुएला पर लगाए प्रतिबंध कुछ ढीले किए तो 2023-24 में पुनः तेल खीदना शुरू किया था, लेकिन यह खरीदारी बहुत मामूली थी। तेल के आयात में लगातार वृद्धि होती रही, जो 2025 में बढ़कर तकरीबन 1.41 अरब डॉलर तक पहुंच गया। यह वह दौर था जब अमेरिका की नज़र वेनेजुएला पर तिरछी नहीं हुई थी। मई 2025 में अमेरिका ने एक बार फिर वेनेजुएला पर सख्ती बढ़ा दी, तब भारत ने वेनेजुएला से तेल का आयात कम कर दिया। भारत की तेल कंपनियां बगैर अमेरिका से अनुमति लिए वेनेजुएला से सीधे तेल नहीं



खरीद सकतीं। इसलिए भारत की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस ने अमेरिका के यूएस स्टेट डिपार्मेंट और यूएस ट्रेजरी डिपार्मेंट से बातचीत करना शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि 2025 में रिलायंस ने वेनेजुएला से 63,000 बेरल तेल खरीदा था। मार्च 2025 के बाद अमेरिका ने तेल खरीदने का मिला लाइसेंस रद्द कर दिया और वेनेजुएला से तेल खरीदने वाले देशों पर भारी-भरकम टैरिफ थोपने की धमकी दी। इसका असर यह हुआ कि मई 2025 के बाद वेनेजुएला से कोई तेल का जहाज भारत के लिए रवाना नहीं हुआ।

अब अप्रत्यक्ष रूप से वेनेजुएला की तेल रिफाइनरियों पर अमेरिका का कब्जा है। ट्रंप अब खुलकर बोलने लगे हैं कि बगैर उसकी अनुमति के कोई भी देश वेनेजुएला से तेल नहीं खरीदेगा। यदि कोई देश वेनेजुएला से तेल खरीदता है तो उसकी रकम अमेरिका ही वसूल करेगा। ट्रंप ने यह भी साफ कर दिया है कि वेनेजुएला की राष्ट्रपति अमेरिका को 3 से 5 करोड़ बैरल तेल सौंपेंगी और उस तेल को अमेरिका दुनिया के बाजार भाव से बेचेगा। यानी तेल की हर बूंद पर अमेरिका अपने कब्जे में लेना चाहता है। सवाल यह है कि क्या भारत-वेनेजुएला की ताजा सहमति (डील) तेल को लेकर बनी है, वह अमेरिकी राष्ट्रपति की सहमति से हुई है? यह सवाल इसलिए वाजिब लग रहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति का कहना है कि 5 करोड़ बैरल तेल से हुई आय का इस्तेमाल वेनेजुएला-अमेरिका के लोगों के कल्याण के लिए किया जाएगा। इसी के साथ सवाल यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति कैसे तय करेंगे कि वेनेजुएला के लोगों का कल्याण या जरूरत किस तरह की है? भारत वेनेजुएला से आयातित तेल का पैसा किसे सौंपेगा-वेनेजुएला को, या अमेरिका को? यदि अमेरिका को तेल की रकम भारत सौंपता है तो इसका मतलब वेनेजुएला से तेल के संबंध में मोदी और वेनेजुएला की राष्ट्रपति से बातचीत का कोई मायने समझ में नहीं आता है। इसलिए वेनेजुएला के हालात जब तक सामान्य न हो जाएं, तब तक वेनेजुएला से तेल खरीदना भारत के लिए कितना फायदेमंद रहेगा, इस पर विचार करने की बेहद जरूरत है।

तेल आयात से निकल कर यदि हम वेनेजुएला से हुई बातचीत से निकले निष्कर्ष पर नज़र डालें तो पाएंगे कि दोनों देश के प्रमुखों ने ऊर्जा, कृषि, विज्ञान, प्रोद्यौगिकी, तकनीक, उद्योग, माइनिंग, पर्यटन और आटोमोटिव सेक्टर्स पर विस्तार से चर्चा की। इन्हें 2026 में आगे बढ़ाने पर सहमति भी दिखाई देती है, लेकिन सवाल यह है कि जब तक ट्रंप की कूटनीति साफ नहीं होती और अचानक कुछ भी निर्णय लेने और जबरन भारत या वेनेजुएला पर थोपने का उनका संशय बना रहेगा, तब तक इन सहमतियों पर निर्भीकता के साथ क्या आगे बढ़ना आसान होगा? वेनेजुएला-भारत की हुई सहमतियों को खारिज कर अमेरिका अपनी धमकी वाली नीति लागू कर दे, कौन जानता है? हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि रूस से सबसे ज्यादा तेल खरीदने पर किस तरह ट्रंप टैरिफ सहित किस तरह की धमकियां भारत को देते रहे हैं। भारत की यह नई पहल मामूली नहीं है, ट्रंप यह क्यों चाहेंगे कि भारत सीधे वेनेजुएला से सभी सरह के व्यापारिक हित साधे और उसे नजरअंदाज करे। क्या भारत को वेनेजुएला से आपसी सामरिक हितों की बात करते हुए यह साफ करने की जरूरत नहीं है कि नई सहमतियों को आगे बढ़ाने में संभावित बाधाओं से कैसे पार पाया जाएगा? क्योंकि अमेरिका अभी तेल सहित तमाम मुद्दों पर भारत के हर कदम को अपने निजी हितों से जोड़कर देखेगा, वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति को अधिकार देने और उक्त पद पर बिठाने की जैसी नीति अमेरिका की अभी तक रही है, वह तेल देखो और तेल की धार देखो के इर्द-गिर्द रही है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
सुनील कुमार महला



# मीर तकी मीर : दर्द को गीत बनाने वाला शायर

साहित्यकार, उर्दू साहित्य के महानतम शायर मीर तकी मीर (1723–1810) का 3 फरवरी को जन्मदिन मनाया जाता है। मीर तकी मीर सिर्फ़ ग़ज़ल के शायर नहीं थे, वे अपने समय की टूटी हुई रूह की आवाज़ थे। मीर उर्दू ग़ज़ल को शिखर तक पहुंचाने वाले बड़े कवि थे। पाठकों को बताता चलूं कि उन्हें 'ख़ुदा-ए-सुख़न' यानी कि शायरी का ख़ुदा/ भगवान कहा जाता है। उनकी शायरी में दर्द, मोहब्बत, तन्हाई और मानवीय संवेदना गहराई से झलकती है। उर्दू ही नहीं, फ़ारसी भाषा पर भी उनकी मज़बूत पकड़ थी। मीर को उर्दू के उस प्रचलन के लिए याद किया जाता है जिसमें फ़ारसी और हिन्दुस्तानी के शब्दों का अच्छा मिश्रण और सामंजस्य हो। उपलब्ध जानकारी के अनुसार उनका जन्म आगरा में तथा मृत्यु लखनऊ में हुई।

मीर तक़ी मीर को उर्दू में शेर कहने का प्रोत्साहन अमरोहा के सैयद सआदत अली ने दिया। उनका मूल नाम मोहम्मद तकी था। उनकी प्रमुख कृतियों की यदि हम यहां पर बात करें तो इनमें क्रमशः ज़िक्र-ए-मीर (आत्मकथा), कुल्लीयते-मीर (उर्दू रचनाओं के छह दीवानों का संग्रह), कुल्लीयते-फ़ारसी (फ़ारसी रचनाओं का संग्रह), फ़ैज़-ए-मीर (पांच कहानियों का संग्रह), नुकत-उस-शूरा (फ़ारसी ज़बान में लिखी तत्कालीन उर्दु रचनाकारों की जीवनियां) आदि को शामिल किया जाता है। वैसे, वे 'दर्द के शायर' कहलाते हैं। दरअसल, मीर की ज़िंदगी मुफ़लिसी (गरीबी), अपनों को खोने के गम और दिल्ली की बर्बादी को देखने में गुजरी। यही वजह है कि उनकी शायरी में 'हूक' और 'टीस' महसूस होती है। उन्होंने खुद एक बार यह कहा था-'मुझको शायर न कहो मीर कि साहब मैंने, कितने ग़म जमा किए तो दीवान किया।' कहना ग़लत नहीं होगा कि दिल्ली के उजड़ने, परिवार की मौतों, गरीबी और बेघर होने ने उन्हें भीतर से तोड़ दिया था। उनकी शायरी दरअसल आत्मकथा की पंक्तियां हैं। उनकी यह पंक्ति देखिए-'पत्थर की भीत क्या करूं, आंसू जो ढल गए।' गौरतलब है कि नादिर शाह और अहमद शाह अब्दाली के हमलों के बाद दिल्ली उजड़ चुकी थी। मीर ने दिल्ली छोड़कर लखनऊ जाना तो स्वीकार किया, लेकिन वे वहां दिल से कभी बस नहीं पाए। मीर की सबसे बड़ी खूबी उनकी भाषा थी। वास्तव में, वे बहुत ही आसान शब्दों में दिल की गहरी बात कह देते थे। इसे तकनीकी भाषा में 'सहल-ए-मुमतऩा' कहा जाता है-यानी ऐसी चीज़ जो देखने में आसान लगे, पर उसे दोबारा लिखना नामुमकिन हो। महान शायर मिर्जा ग़ालिब भी उनके कायल थे। सच तो यह है कि ग़ालिब ने मीर को अपना उस्ताद माना।




ग़ालिब जैसे आत्मविश्वासी शायर ने कहा-' रेख़्ते के तुम ही उस्ताद नहीं हो ग़ालिब, कहते हैं अगले ज़माने में कोई मीर भी था।' वास्तव में यह मीर की श्रेष्ठता की सबसे बड़ी गवाही है। मोहब्बत की कैफियत को बयां करते हुए उन्होंने कहा था-'इब्तिदा-ए-इश्क़ है रोता है क्या, आगे-आगे देखिए होता है क्या।' 'हस्ती अपनी हबाब की सी है, ये नुमाइश सराब की सी है।','नाज़ुकी उसके लब की क्या कहिए, पंखुड़ी एक गुलाब की सी है।','मीर उन नीम-बाज़ आंखों में, सारी मस्ती शराब की सी है।' उनकी कुछ अमर पंक्तियों में से एक हैं। आत्म स्वीकृति के बारे में एक बार उन्होंने कहा था -'शायर मुझमें और भी हैं, पर मीर का मुक़ाबला कौन करे।' मीर सिर्फ़ उर्दू ग़ज़ल के शायर ही नहीं, बल्कि अपने समय के टूटे हुए समाज, उजड़ती दिल्ली और बिखरते इंसान की संवेदनाओं के सच्चे दस्तावेज़ हैं।

उनकी शायरी में बनावटी सौंदर्य नजर नहीं आता है। वास्तव में उनकी शायरी जीवन के गहरे ज़ख़्मों से निकली हुई सच्चाई है। अपने जीवन में निजी दुख, मानसिक पीड़ा, गरीबी और उपेक्षा के बावजूद मीर ने उर्दू और फ़ारसी भाषा को आम आदमी के दिल तक पहुंचाया और ग़ज़ल को आत्मा की आवाज़ बना दिया। उनका दर्द रचना है। अन्य शायरों की तरह वे कभी शोर नहीं करते, बल्कि रचनाओं में फुसफुसाते हैं और उनकी वही फुसफुसाहट सदियों बाद भी पाठकों के दिल में उतर जाती है। इसलिए मीर को पढ़ना सिर्फ़ साहित्य का अनुभव नहीं, बल्कि इंसान होने का अनुभव है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हड़बड़ी न करें, क्योंकि धैर्य का फल हमेशा मीठा होता है!



संकलित
दर्शन

किसी गुरुकुल में गुरुदेव बालकों को बाण चलाना सिखा रहे थे। एक अतिउत्साही शिष्य ने धनुष को इतनी जोर से खींचा कि उसके दो टुकड़े हो गए। गुरुदेव ने शिष्य को ज्ञान दिया कि अधीरता से योग्यता अपव्यय हो जाती है। लक्ष्य को भेदने के लिए जितनी ऊर्जा की आवश्यकता है उससे अधिक या कम ऊर्जा का प्रयोग करने पर लक्ष्य को साधना असंभव है। हमारा जीवन भी एक धनुष के समान है। यदि धैर्यपूर्वक ऊर्जा को धीरे-धीरे संचित करने के बाद नियंत्रण के साथ इसे व्यय करने की कला सीख ली जाए तो लक्ष्य कितनी ही दूरी पर क्यों न हो उसे प्राप्त करना असंभव नहीं है। धैर्य का अर्थ मूक रहकर मात्र प्रतीक्षा करना नहीं है। धैर्य का अर्थ है उत्तेजनारहित होकर अपने कार्य में निरंतर संलग्न रहना। किसी कार्य के प्रति अतिउत्साह अथवा असंयम उक्त कार्य के फल को परिपक्व नहीं होने देता। चाक पर चढ़े कच्चे घड़े को यदि आतुरता में समय से पहले उतार लिया जाए तो उसका आकार विकृत हो जाता है। हमें ऐसा भ्रम हो सकता है कि जीवन में प्रगति इतनी धीमी गति से हो रही है कि कोई परिवर्तन दिखाई नहीं देता। हम परिवर्तन की चाह में धैर्य खो बैठते हैं और शीघ्र सफलता की आकांक्षा में हड़बड़ी में ऐसे निर्णय ले बैठते हैं, जिनसे हमारा भविष्य बिगड़ सकता है। युवाओं में ऊर्जा का अधिक भंडार होता है। यह ऊर्जा उन्हें कार्य को जल्द से जल्द संपादित करके फल प्राप्ति के लिए लालायित करती है। उन्हें इस ऊर्जा का सदुपयोग करना नहीं आता।

## अहंकार का त्याग ही तपस्या का मूलमंत्र है



संकलित
प्रेरणा

एक साधु व एक डाकू एक ही दिन मरकर यमलोक पहुंचे धर्मराज उनके कर्मों का लेखा-जोखा खोलकर बैठे थे और उसके हिसाब से उनकी गति का हिसाब करने लगे। धर्मराज ने दोनों से कहाः मैं अवसर देता हूं, कह सकते हो। डाकू अत्यंत विनम्र शब्दों में बोला महाराजः मैंने जीवन भर पापकर्म किए जिसने केवल पाप ही किया हो वह क्या आशा रखे आप जो दंड दें, मुझे स्वीकार है। डाकू के चुप होते ही साधु बोला महाराजः मैंने आजीवन तपस्या और भक्ति की है मैं कभी असत्य के मार्ग पर नहीं चला। धर्मराज ने दोनों की बात सुनी फिर डाकू से कहाः तुम्हें दंड दिया जाता है कि तुम आज से इस साधु की सेवा करो डाकू ने सिर झुकाकर आज्ञा स्वीकार कर ली। यमराज की यह आज्ञा सुनकर साधु ने आपत्ति जताते हुए कहाः महाराज! इस पापी के स्पर्श से मैं अपवित्र हो जाऊंगा मेरी तपस्या तथा भक्ति का पुण्य निरर्थक हो जाएगा मेरे पुण्य कर्मों का उचित सम्मान नहीं हो रहा है। धर्मराज को साधु की बात पर बड़ा क्षोभ हुआ वह क्षुब्ध होकर बोलेः निरपराध व्यक्तियों को लूटने और हत्या करने वाला डाकू मर कर इतना विनम्र हो गया कि तुम्हारी सेवा करने को तैयार है। तुम वर्षों के तप के बाद भी अहंकार ग्रस्त ही रहे यह नहीं जान सके कि सब में एक ही आत्मतत्व समाया हुआ है तुम्हारी तपस्या अधूरी और निष्फल रही अतः आज से तुम इस डाकू की सेवा करो, और तप को पूर्ण करो।

## शिव प्रतिमा



हिमाचल प्रदेश के पालमपुर में सोमवार को खिली धूप वाले में धौलाधार रेंज की बर्फ से ढकी चोटी पर भगवान शिव की बन रही मूर्ति।

## आज की पाती

### शादियों में लुप्त होती लोक संस्कृति

शादियों में अकसर जो लोकगीत महिलाओं द्वारा गाए जाते थे, अब यह शादियों में कम ही सुनने को मिलते हैं। यही नहीं कुछ समय पहले तक तो शादी तीन-चार दिन तक चलती थी, सभी रिश्तेदार एक साथ मिल बैठते, इससे रिश्तों की डोर मजबूत होती थी। शादियों में ऐसे लोकगीत महिलाओं द्वारा गाए जाते थे, जिनमें लोक सभ्यता, संस्कृति और इतिहास की खुशबू आती थी। लेकिन अफसोस अब हमारी शादियों पर भी पश्चिमी सभ्यता का रंग चढना शुरू हो गया, इस कारण न तो शादियों में वो पुराने लोकगीत सुनने को मिलते और न ही वो खान-पान। अगर हमें अपनी भावी पीढ़ी को रिश्तों की कद्र करना सिखानी है, तो हमें अपनी लोक संस्कृति की विरासत को संभालकर रखना होगा।

**- मिलींद जोशी**, बिलासपुर

## करंट अफेयर

### रफाह सीमा क्रॉसिंग सीमित आवागमन के लिए फिर खुली

मिस्र और इजराइल के सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि गाजा की मिस्र से सटी रफाह सीमा क्रॉसिंग सीमित आवाजाही के लिए फिर से खोल दी गई है, जो हमास के साथ संघर्षविराम के आगे बढ़ने की दिशा में एक अहम कदम है। मिस्र के एक अधिकारी ने बताया कि क्रॉसिंग को खोले जाने के पहले दिन 50 फलस्तीनी आ-जा सकेंगे, लेकिन इसके खुलने के पहले घंटे में किसी को भी वहां से गुजरते नहीं देखा गया। मिस्र के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता वाले लगभग 20,000 फलस्तीनी बच्चे और वयस्क इस सीमा मार्ग से तबाह गाजा से बाहर निकलने की उम्मीद कर रहे हैं। क्षेत्र से बाहर रहने वाले हजारों अन्य फलस्तीनी भी इस सीमा मार्ग से प्रवेश करने और अपने घर लौटने की उम्मीद कर रहे हैं। मिस्र के सरकारी मीडिया और एक इजराइली सुरक्षा अधिकारी ने भी सीमा क्रॉसिंग दोबारा खुलने की पुष्टि की। अधिकारियों ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर 'एसोसिएटेड प्रेस' को यह जानकारी दी। युद्ध से पहले, रफाह गाजा में आने-जाने वाले लोगों के लिए मुख्य मार्ग था। इस क्षेत्र के कुछ अन्य मार्ग भी हैं जो इजराइल के साथ जुड़ते हैं।



## ऑफ बीट


### एआई को लिखने और गिनने में क्यों होती है कठिनाई



एआई छवि जनरेटर क्या उत्पादन कर सकते हैं और हम क्या कर सकते हैं, के बीच एक अजीब असमानता बनी हुई है। उदाहरण के लिए, ये उपकरण अक्सर वस्तुओं की गिनती और सटीक पाठ तैयार करने जैसे सरल दिखने वाले कार्यों के लिए संतोषजनक परिणाम नहीं देते हैं। यदि जनरेटिव एआई रचनात्मक अभिव्यक्ति में इतनी अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक पहुंच गया है, तो इसे उन कार्यों के साथ संघर्ष क्यों करना पड़ता है जिन्हें एक प्राथमिक विद्यालय का छात्र भी अच्छे से कर सकता है? अंतर्निहित कारणों की खोज से एआई की जटिल संख्यात्मक प्रकृति और इसकी क्षमताओं की बारीकियों पर प्रकाश डालने में मदद मिलती है। लेखन में एआई की सीमाएँ मनुष्य विभिन्न फ़ॉन्ट और लिखावट में लिखे गए पाठ प्रतीकों (जैसे अक्षर, संख्या और चिन्हों) को आसानी से पहचान सकते हैं। हम विभिन्न संदर्भों में भी पाठ तैयार कर सकते हैं, और समझ सकते हैं कि संदर्भ कैसे अर्थ बदल सकता है। वर्तमान एआई छवि जनरेटर में इस अंतर्निहित समझ का अभाव है। उन्हें इस बात की कोई सच्ची समझ नहीं है कि किसी पाठ प्रतीक का क्या मतलब है। ये जनरेटर बड़ी मात्रा में छवि डेटा पर प्रशिक्षित कृत्रिम तंत्रिका नेटवर्क पर बनाए गए हैं, जिससे वे संबंधों को 'सीखते हैं' और भविष्यवाणियां करते हैं।

## ट्रेंड

### उल्लेखनीय बढ़ोतरी



दिल्ली में केंद्र सरकार के सहयोग से चल रही योजनाओं के बजट में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। हम इस बढ़े हुए प्रावधान का अधिकतम लाभ उठाकर हर योजना को तेज गति से जमीन पर उतारेंगे, ताकि दिल्लीवासियों तक पूरा लाभ पहुंचे और विकसित दिल्ली का निर्माण हो पाए।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### स्वास्थ्य सेवा मॉडल



गोवा को वास्तविक स्वास्थ्य सेवा और ईमानदार सरकार की ज़रूरत है जो इसे लागू कर सके। पोंडा टाउन हॉल में, मैंने बताया कि कैसे आम आदमी पार्टी का सिद्ध स्वास्थ्य सेवा मॉडल हर गोवावासी के लिए आशा और गुणवत्तापूर्ण देखभाल ला सकता है।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

### प्रदेश से सौतेलापन



देश के सबसे बड़े राज्य राजस्थान का बजट भाषण में कोई मेंशन न होना प्रदेश के साथ हो रहे सौतेलेपन की झलक है। कुल मिलाकर डबल इंजन के बावजूद यह बजट राजस्थान के लिए 'ऊंची दुकान फीका पकवान' साबित हुआ है।

**-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

### बजट में नहीं समाधान



मोदी सरकार के पास अब सोच की कमी है, आईडिया खत्म हो गए हैं। आम बजट 2026 भारत की कई आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक चुनौतियों का एक भी समाधान नहीं देता है।

**-मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

एसटीटी में वृद्धि को लेकर बोलीं सीतारमण

# खुदरा निवेशकों के 90% से अधिक सट्टेबाजी वाले सौदों में नुकसान से बचाएंगे

वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि हमने केवल वायदा एवं विकल्प व्यापार को ही छुआ है। जिसमें काफी सट्टेबाजी है। मुझे कई लोगों के फोन आए हैं, जो कह रहे हैं कि उनके बच्चे भारी नुकसान उठा रहे हैं और सरकार से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। एफएंडओ में एसटीटी की वृद्धि लोगों के इस क्षेत्र में कदम रखने को हतोत्साहित करेगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्रीय बजट में आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए निवेश को प्राथमिकता दी गई है और राजकोषीय घाटे की स्थिति से पता चलता है कि सरकार की प्राथमिकता वृद्धि है। सीतारमण ने वित्त वर्ष 2026-27 का बजट पेश करने के एक दिन बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव वैश्विक अनिश्चितता के कारण है और कई केंद्रीय बैंक पीली धातु में निवेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे यह भी पता चलता है कि निवेशकों को किसी एक विशेष मुद्रा पर भरोसा नहीं है और इसीलिए सोने की खरीदारी में होड़ मची है।

**सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव वैश्विक अनिश्चितता के कारण**

सार्वजनिक कंपनियों के अधिक विनिवेश को प्रोत्साहित करेंगे


केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

## सेबी ने भी सट्टेबाजी रोकने के लिए कदम उठाए

वायदा एवं विकल्प खंड में प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) में वृद्धि के बारे में वित्त मंत्री ने कहा कि यह सट्टेबाजी वाले वायदा एवं विकल्प कारोबार में कदम रखने वालों को हतोत्साहित करने के लिए है। उन्होंने कहा कि सेबी के अध्ययन के अनुसार, वायदा एवं विकल्प खंड में खुदरा निवेशकों के 90 प्रतिशत से अधिक सौदों में नुकसान होता है। पूंजी बाजार नियामक ने अतीत में इस तरह के लेन-देन को कम करने के लिए कदम भी उठाए हैं। सीतारमण ने कहा कि हमने केवल वायदा एवं विकल्प व्यापार को ही छुआ है। जिसमें काफी सट्टेबाजी है। मुझे कई लोगों के फोन आए हैं, जो कह रहे हैं कि उनके बच्चे भारी नुकसान उठा रहे हैं और सरकार से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं।

## 4.3 प्रतिशत राजकोषीय घाटे से संतुष्ट

सीतारमण ने कहा कि बजट में राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर चलते हुए, अगले वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.3 प्रतिशत रखा गया है, जबकि मार्च, 2026 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए यह 4.4 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि इस वित्त वर्ष में सरकार की प्राथमिकता वृद्धि है, इसलिए मैं 4.3 प्रतिशत के घाटे के लक्ष्य से संतुष्ट हूं।

## आईडीबीआई बैंक का विनिवेश सही दिशा में

वित्त मंत्री ने कहा कि विनिवेश और परिसंपत्ति मौद्रीकरण की गति जारी रहेगी। सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के अधिक विनिवेश को प्रोत्साहित करेगी। आईडीबीआई बैंक का रणनीतिक विनिवेश सही दिशा में है और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में हिस्सेदारी की बिक्री की गति गैर-कर राजस्व की दिशा तय करेगी। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में जीएसटी दर में कटौती और आयकर छूट सीमा में वृद्धि के कारण हाल ही में निजी उपभोग में जो वृद्धि हुई है, वह आगे भी जारी रहेगी।

## आईबीसी संशोधन विधेयक बजट सत्र के दूसरे चरण में

वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार की 9 मार्च से शुरू होने वाले बजट सत्र के दूसरे चरण में दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक, 2025 पेश करने की योजना है। संसदीय समिति ने अपनी रिपोर्ट दे दी है। दिवाला कानून में प्रस्तावित संशोधन समयबद्धता और दक्षता को और बेहतर बनाने में मदद करेंगे। साथ ही भारत की ऋण शोधन व्यवस्था को वैश्विक सर्वोत्तम गतिविधियों के अनुरूप बनाएंगे।

**खबर संक्षेप**

### पुणे पोर्श हादसे में तीन आरोपियों को जमानत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2024 के चर्चित पुणे पोर्श कार हादसा मामले में तीन आरोपियों को जमानत दे दी है। इस हादसे में दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी। कोर्ट ने इस दौरान अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसे मामलों में माता-पिता की जिम्मेदारी भी तय होती है, क्योंकि वे अपने नाबालिग बच्चों पर सही नियंत्रण नहीं रख पा रहे हैं।

### 4 जगहों पर शिंदे गुट की महिला प्रत्याशी मेयर



**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने ठाणे, कल्याण-डोंबिवली और उल्हासनगर नगर निगमों में मेयर पद के लिए महिला उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। इन पदों पर कोई आरक्षण नहीं है, फिर भी पार्टी ने महिलाओं पर भरोसा जताया है। एकनाथ शिंदे ने बयान में यह जानकारी दी है।

### बिट्स पिलानी कैंपस में छात्रा ने की आत्महत्या



**गोवा।** दक्षिण गोवा के बिट्स पिलानी कैंपस में एक छात्रा के कथित तौर पर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार, 20 वर्षीय छात्रा इंजीनियरिंग की तीसरे वर्ष की छात्रा थी। वह रविवार देर रात अपने हॉस्टल कमरे में फांसी के फंदे पर लटकी हुई पाई गई। पुलिस को रात 11:00 बजे सूचना मिली।

### जावेद बोले धर्म से नैतिक समाज नहीं बनता



**नई दिल्ली।** गीतकार जावेद अख्तर ने कहा कि मैं धार्मिक लोगों की बहुत इज्जत करता हूं, जो आमतौर पर अच्छे इंसान भी होते हैं। हालांकि, धर्म अपने आप में जरूरी रूप से नैतिक समाज पैदा नहीं करता है। उन्होंने कहा कि अगर सिर्फ धर्म ही नैतिक व्यक्ति बनाता तो मिडिल ईस्ट ज्यादा शांतिपूर्ण हो गया होता।

‘संघ यात्रा के 100 वर्ष - नए क्षितिज’ विषय पर एक कार्यक्रम में संघ प्रमुख डॉ. भागवत बोले

# अवैध बांग्लादेशियों की पहचान कर उन्हें निर्वासित करना सरकार की ‘जिम्मेदारी’

आरएसएस प्रमुख ने इस बात पर जोर दिया कि अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए देश को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत होना चाहिए

एजेंसी ⏭ हैदराबाद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा है कि देश में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले बांग्लादेशियों और रोहिंग्या की पहचान करना और उन्हें वापस भेजना सरकार की जिम्मेदारी है। भागवत ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों में देश अपने-अपने हितों से चलते हैं, भारत को भी बिना किसी समझौते के अपने हितों के अनुसार अपनी राह तय करनी चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए देश को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत होना चाहिए। आरएसएस की सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, भागवत ने शहर की अपनी यात्रा के दौरान संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर रविवार को आयोजित ‘संघ यात्रा के 100 वर्ष - नए क्षितिज’ विषय पर एक कार्यक्रम में शिरकत की और फिल्मी हस्तियों तथा वरिष्ठ नौकरशाहों से मुलाकात की।

### संघ का हिस्सा बनकर अनुभव प्राप्त करें

देश में बांग्लादेशियों और रोहिंग्या की अवैध घुसपैठ के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अवैध प्रवासियों की पहचान करना और उन्हें वापस भेजना सरकार की जिम्मेदारी है और नागरिक इसे अधिकारियों के संज्ञान में ला सकते हैं। भागवत ने कहा कि दुनिया में जारी ‘उथल-पुथल’ के परिणामों का भारत पर न्यूनतम प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि यहां की पारिवारिक व्यवस्था, सोने की बचत और आर्थिक गतिविधियां परिवार-उन्मुख हैं। संघ प्रमुख ने कहा कि आरएसएस को समझने के लिए संघ का हिस्सा बनकर अनुभव प्राप्त करना चाहिए।

**खास बातें**
- भारत बिना किसी समझौते के अपनी राह तय करें
- राष्ट्र के विकास में नागरिक अपनी भूमिका निभाएं



### सतही तौर पर हमें गलत समझा जाता

उन्होंने कहा कि यदि कोई आरएसएस को सतही तौर पर समझता है, तो उसे गलत समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि संघ इस बात पर जोर देता है कि राष्ट्र के विकास में नागरिकों को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है, जबकि सरकारें, पार्टियां और नेता अपनी भूमिका निभाते हैं। विज्ञप्ति में उनके हवाले से कहा गया है कि संघ का सिद्धांत उत्कृष्ट राष्ट्र-निर्माण के उद्देश्य के साथ व्यक्तिगत विकास है।

### पंच परिवर्तन पर की चर्चा

डॉ. मोहन भागवत ने राष्ट्र की व्यापक प्रगति के लिए आरएसएस द्वारा परिकल्पित ‘पंच परिवर्तन’ के बारे में विस्तार से चर्चा की। भागवत ने इसके पांच घटकों - कुटुंब प्रबोधन (पारिवारिक जागरण), पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी।

कर्नाटक के गृह मंत्री परमेश्वरन बोले

## बांग्लादेशियों को पता लगाकर वापस भेजने अभियान चलाएंगे



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने सोमवार को कहा कि राज्य से बांग्लादेशियों का पता लगाने और उन्हें निर्वासित करने के लिए एक अभियान शुरू किया जाएगा। परमेश्वर ने विधानसभा में कहा कि मैंने पुलिस अधिकारियों को बांग्लादेशियों की पहचान कर उन्हें निर्वासित करने के लिए अभियान चलाने का निर्देश दिया है।

### केंद्र सरकार जिम्मेदार

भारत में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के लिए केंद्र को जिम्मेदार ठहराते हुए उन्होंने कहा कि वे भारत में प्रवेश करते हैं और कोलकाता से फैल जाते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय सीमा की देखरेख कौन करता है? हमारी सेना और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ)। वे इतनी आसानी से देश में प्रवेश कैसे कर लेते हैं? क्या यह सबसे बुनियादी सवाल नहीं है?

### 8 घुसपैठियों को बांग्लादेश वापस भेजा गया: हिमंत



असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि कछार जिले से आठ घुसपैठियों को वापस पड़ोसी देश बांग्लादेश भेज दिया गया है। सीएम ने कहा कि प्रत्येक अवैध प्रवासी की पहचान कर उसे उसके देश वापस भेजा जाएगा। उन्होंने ‘एक्स’ पर लिखा कि किसी भी अवैध घुसपैठिये को बख्शा नहीं जाएगा, हर किसी को हमारी सुरक्षा एजेंसियों की कार्रवाई का सामना करना होगा और उन्हें बिना किसी औपचारिकता के उनके देश वापस भेज दिया जाएगा। कछार से आठ घुसपैठियों को वापस भेजा गया। कोई समझौता नहीं, त्वरित कार्रवाई।

एलन मस्क की पोस्ट का जिक्र कर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने किया बड़ा दावा...भारत को नंबर 1 बनाएंगे

## *दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था की ‘धाक’ बढ़ी, ग्लोबल जीडीपी में भारत का 17% योगदान*

***ग्लोबल जीडीपी के विकास में भारत का योगदान अमेरिका से ज्यादा***

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ग्लोबल जीडीपी में भारत और अन्य देशों के योगदान की चर्चा हो रही है। 31 जनवरी को वर्ल्ड ऑफ स्टेटिस्टिक्स ने अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट लिखी-भारत समेत कई देशों के ग्लोबल जीडीपी में योगदान के आंकड़े बताए गए। लिस्ट में भारत दूसरे नंबर पर हैं और ग्लोबल जीडीपी में भारत का योगदान 17 प्रतिशत है।

वहीं पहले नंबर पर चीन है, जिसका योगदान 26.6 प्रतिशत है, वहीं अमेरिका तीसरे नंबर पर है। इस रिपोर्ट को एलन मस्क ने री-ट्वीट किया और कैप्शन लिखा कि शक्ति का संतुलन बदल रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत की बढ़ती आर्थिक शक्ति के बारे में बताते हुए इसे और मजबूत करने एवं भारत को नंबर एक योगदानकर्ता बनाने की प्रतिबद्धता जताई है। चीन पहले और भारत दूसरे नंबर पर है।

26-17 का गैप है और इस गैप को जल्दी ही पाटकर दुनिया का सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनेंगे. विपक्ष को देश की काबिलियत पर विश्वास होना चाहिए। वर्ल्ड ऑफ स्टेटिक्स ने अपनी पोस्ट में इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) को क्रेडिट देते हुए एक रिपोर्ट जारी की थी। रिपोर्ट के अनुसार ग्लोबल जीडीपी के विकास में भारत का योगदान अमेरिका से ज्यादा है और चीन का योगदार भारत से ज्यादा है, यानी दोनों देशों की अर्थव्यवस्था मिलकर ग्लोबल जीडीपी ग्रोथ में 43.6% योगदान दे रही हैं।


निर्मला सीतारमण

### सत्ता का संतुलन बदल रहा

स्पेसएक्स सीईओ और टेस्ला के मालिक एलन मस्क ने वर्ल्ड ऑफ स्टेटिक्स की पोस्ट को अपने एक्स हैंडल पर री-शेयर किया और कैप्शन लिखा कि सत्ता का संतुलन बदल रहा है। आंकड़ों के अनुसार ग्लोबल जीडीपी की ग्रोथ में योगदान देने वाले टॉप-10 देशों में चीन का योगदान 26.6, भारत का योगदान 17, अमेरिका का योगदान 9.9, इंडोनेशिया का योगदान 3.8, तुर्किये का योगदान 2.2,सऊदी अरब का योगदान 1.7, वियतनाम का योगदान 1.6, नाइजीरिया का योगदान 1.5, ब्राजील सत्ता का संतुलन बदल रहा का योगदान 1.5, जर्मनी का योगदान 0.9 प्रतिशत है।

आंध्र प्रदेश में सियासी घमासान

## पूर्व मंत्रियों के घरों पर लगाई आग, भागकर बचाई ‘जान’

एजेंसी ⏭ हैदराबाद

आंध्र प्रदेश में सियासी घमासान अब हिंसक हो गया है। दो दिन में दो पूर्व मंत्रियों के घरों पर हमला हुआ। कृष्णा जिले के इब्राहिमपटनम में रविवार को वाईएसआरसीपी नेता और पूर्व मंत्री जोगी रमेश के घर पर उग्र भीड़ ने हमला कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने घर में जमकर तोड़फोड़ की और आग लगा दी। हमले के वक्त पूर्व मंत्री की पत्नी और पिता घर के अंदर ही मौजूद थे। पुलिस ने बड़ी मुश्किल से उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला। इस घटना से पूरे आंध्र प्रदेश के सियासी गलियारों में हड़कंप मच गया है। विवाद की मुख्य वजह आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू और मंत्री नारा लोकेश के खिलाफ की गई टिप्पणी है। इससे एक दिन पहले पूर्व मंत्री अंबाती रामबाबू के घर और दफ्तर पर भी हमला हुआ था। आरोप है कि टीडीपी कार्यकर्ताओं ने उनके घर में तोड़फोड़ की और आगजनी की। इस बीच अंबाती रामबाबू को सीएम नायडू के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देने के मामले में 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

कर्नाटक में गर्मायी सियासत

## बदला उर्दू स्कूलों का समय, भाजपा बोली-हिंदू त्योहरों में क्या दी थी छूट?

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

रमजान में प्रदेश के उर्दू स्कूलों का टाइम टेबल बदलने और जल्दी स्कूल बंद करने को लेकर शिक्षा विभाग ने आदेश जारी किया है, जिस पर अब एक नया विवाद खड़ा हो गया है। भाजपा की तरफ से कर्नाटक की कांग्रेस शासित सरकार पर सवाल उठाए गए और ये पूछा गया कि आखिर हिंदुओं के त्योहारों में सरकार द्वारा इस तरह की छूट क्यों नहीं दी जाती है? कर्नाटक में उर्दू और अन्य अल्पसंख्यक भाषा विद्यालयों के निदेशालय के एक निर्देश के अनुसार, रमज़ान के महीने में राज्य के उर्दू माध्यम के प्राथमिक और माध्यमिक प्राथमिक विद्यालयों के बंद होने का समय रमज़ान के महीने की शुरुआत से एक महीने के लिए सुबह 8:00 बजे से दोपहर 12:45 बजे तक बढ़ा दिया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि लेकिन क्या आपने किसी हिंदू त्योहार के दौरान ऐसी कोई छूट दी है?


मदरसे में बच्चे पढ़ाई करते

## सीएम सैनी की राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात



**नई दिल्ली।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को नई दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने भाजपा अध्यक्ष के साथ सरकार की विकास योजनाओं और राज्य में पार्टी संगठन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।

लोकसभा में सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अग्रवाल ने बताया

## छग के युवाओं के लिये ‘गुड न्यूज’: रायपुर में खुलेगा छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए कौशल विकास और रोजगार के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि मिली है। राजधानी रायपुर में राज्य का पहला राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (एनएसटीआई) खोले जाने का रास्ता साफ हो गया है। यह जानकारी लोकसभा में सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में केंद्र सरकार ने दी है।

कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री जयंत चौधरी ने संसद में बताया कि रायपुर में राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना के लिए छत्तीसगढ़ राज्य सरकार से 10 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। भूमि उपलब्ध होते ही इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय संस्थान की स्थापना की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत प्रधानमंत्री कौशल विकास और रोजगारपरकता परिवर्तन (पीएम-सेतु) योजना के अंतर्गत देशभर में आईटीआई और एनएसटीआई को आधुनिक, उद्योग-अनुकूल और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य युवाओं को केवल प्रशिक्षण ही नहीं, बल्कि रोजगार से सीधे जोड़ना है।

एनएसटीआई की स्थापना से छत्तीसगढ़ के युवाओं को अत्याधुनिक तकनीकों में प्रशिक्षण मिलेगा। यहां इलेक्ट्रॉनिक्स, सौर ऊर्जा, उन्नत तकनीकी ट्रेड, प्रशिक्षकों का उच्चस्तरीय प्रशिक्षण और उद्योग आधारित कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इससे राज्य के युवाओं की रोजगार क्षमता और प्रतिस्पर्धात्मकता राष्ट्रीय स्तर पर सुदृढ़ होगी। सांसद के अनुसार छत्तीसगढ़ में पहले से ही आईटीआई के आधुनिकीकरण और उद्योग सहभागिता की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। मॉडल आईटीआई योजना के अंतर्गत भिलाई के शासकीय आईटीआई का उन्नयन किया गया है।

राज्यसभा में भाजपा सांसद सदानंद मास्टर ने सुनाई अपनी आपबीती

# कृत्रिम पैर मेज पर रख बोले- 31 साल पहले मुझ पर किया हमला

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राज्यसभा में सोमवार को भाजपा के मनोनीत सांसद सी. सदानंदन मास्टर के भाषण के दौरान जमकर हंगामा हुआ। दरअसल, जब भाजपा नेता राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोलना शुरू किया तो उन्होंने अपने कृत्रिम पैर मेज पर रख दिए और 31 साल पहले जानलेवा हमले की कहानी सुनाई।

सदानंदन मास्टर ने सीपीएम पर हमला करते हुए कहा कि जो लोग आज संसद में लोकतंत्र की दुहाई दे रहे हैं, उन्होंने 31 साल पहले मुझ पर हमला किया था। उन्होंने कहा कि इन पार्टियों की प्रतिबद्धता लोकतांत्रिक मूल्यों में नहीं है बल्कि राजनीतिक हिंसा में है। सी. सदानंदन मास्टर राज्यसभा के मनोनीत सदस्य हैं। 1994 में उन्हें आरएसएस का समर्थन करने के लिए कथित तौर पर लेफ्ट समर्थकों ने सबक सिखाने के लिए उनके पैर काट दिए थे।

**ऐसी पार्टियों की प्रतिबद्धता राजनीतिक हिंसा में**

1994 में लेफ्ट समर्थकों ने उनके पैर काटे थे


राज्यसभा सांसद सी सदानंदन मास्टर

### सीपीएम सांसद ने जताई आपत्ति

राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर जब उन्होंने अपने कृत्रिम पैर मेज पर रखकर बोलना शुरू तो केरल के सीपीएम सांसद जॉन ब्रिट्टस ने तुरंत प्वाइंट ऑफ ऑर्डर उठाया। उन्होंने नियमों का हवाला देते हुए सदन में कृत्रिम अंग दिखाने पर आपत्ति जताई। तब आसन पर बैठे सभापति सी पी राधाकृष्णन ने आश्वासन दिया कि वह सांसद से अपने कृत्रिम अंग नीचे रखने का निर्देश देंगे।

### पैर ऐसे काटे दोबारा जोड़े नहीं जा सके

सी. सदानंदन ने 31 साल पुरानी घटना के बारे में बताया कि उनकी बहन की शादी होने वाली थी। वह अपने चाचा से मिलकर घर लौट रहे थे, तभी हमलावरों ने उन्हें घेर लिया। उनके साथ मारपीट की गई और फिर जमीन पर गिराकर घुटनों के नीचे उनके दोनों पैर काट दिए थे। भाजपा सांसद ने कहा कि पैर काटने के बाद हमलावरों ने इंकलाब जिंदाबाद के नारे भी लगाए। इस हमले में उनके पैर ऐसे काटे गए थे, जिसे दोबारा जोड़ा नहीं जा सकता था। उन्होंने कहा कि राजनीतिक हिंसा किसी भी लोकतंत्र के लिए अच्छी नहीं है। यह देश के लोकतांत्रिक मूल्यों को नुकसान पहुंचाती है। उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण में जिक्र किए गए अमृत काल, विकसित भारत और महिला सशक्तिकरण के प्रयासों की सराहना की।

## वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, बजट में आर्थिक वृद्धि को गति देने की कोशिश

# बजट में वृद्धि को गति देने निवेश पर जोर, घाटे का लक्ष्य बताता है सरकार की प्राथमिकता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय बजट में आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए निवेश को प्राथमिकता दी गई है और राजकोषीय घाटे की स्थिति से पता चलता है कि सरकार की प्राथमिकता वृद्धि है। सीतारमण ने वित्त वर्ष 2026-27 का बजट पेश करने के एक दिन बाद संवाददाताओं से बातचीत में यह भी कहा कि सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव वैश्विक अनिश्चितता के कारण है और कई केंद्रीय बैंक पीली धातु में निवेश कर रहे हैं।

**निवेशकों को अब किसी एक विशेष मुद्रा पर भरोसा नहीं**

सीतारमण ने कहा, ''इससे यह भी पता चलता है कि निवेशकों को किसी एक विशेष मुद्रा पर भरोसा नहीं है और इसीलिए सोने की खरीदारी में होड़ मची है।''

## सोने की कीमतों में अनिशितता से केंद्रीय बैंक सोने में निवेश कर रहे

### एसटीटी को 0.2 से बढ़ाकर 0.5 फीसदी किया गया

बजट में वायदा अनुबंधों पर एसटीटी (प्रतिभूति सौदा कर) को 0.02 प्रतिशत से बढ़ाकर 0.05 प्रतिशत करने का प्रस्ताव है। विकल्प प्रीमियम और विकल्प उपयोग पर एसटीटी को मौजूदा क्रमशः 0.1 प्रतिशत और 0.125 प्रतिशत से बढ़ाकर 0.15 प्रतिशत करने का प्रस्ताव है। सेबी के अध्ययन के अनुसार, वायदा एवं विकल्प खंड में खुदरा निवेशकों के 90 प्रतिशत से अधिक सौदों में नुकसान होता है।



### जीडीपी अगले वित्त वर्ष के लिए 4.3 फीसदी होगा

एफ एंड ओ में एसटीटी की वृद्धि लोगों के इस क्षेत्र में कदम रखने को हतोत्साहित करेगी।'' बजट में राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर चलते हुए, अगले वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.3 प्रतिशत रखा गया है, जबकि मार्च, 2026 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए यह 4.4 प्रतिशत है।

### एफएंडओ में हस्तक्षेप की मांग की गई थी

पूंजी बाजार नियामक ने अतीत में इस तरह के लेन-देन को कम करने के लिए कदम भी उठाए हैं।

सीतारमण ने कहा, /''हमने केवल वायदा एवं विकल्प व्यापार को ही छुआ है। जिसमें काफी सट्टेबाजी है। मुझे कई लोगों के फोन आए हैं, जो कह रहे हैं कि उनके बच्चे भारी नुकसान उठा रहे हैं और सरकार से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं।

### सरकार पीएसयू में हिस्सेदारी बेचना जारी रखेगी

वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि विनिवेश और परिसंपत्ति मौद्रीकरण की गति जारी रहेगी। सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के अधिक विनिवेश को प्रोत्साहित करेगी। सीतारमण ने कहा कि आईडीबीआई बैंक का रणनीतिक विनिवेश सही दिशा में है और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में हिस्सेदारी की बिक्री की गति गैर-कर राजस्व की दिशा तय करेगी।

### राजकोषीय घाटे का लक्ष्य आर्थिक स्थिति पर निर्भर

सीतारमण ने कहा कि राजकोषीय घाटे का लक्ष्य प्रत्येक वर्ष की आर्थिक स्थिति पर निर्भर करता है और अतीत में सरकार ने पिछले वित्त वर्ष की तुलना में राजकोषीय घाटे को कुछ आधार अंक कम रखा है। उन्होंने कहा कि इस वित्त वर्ष में ''सरकार की प्राथमिकता वृद्धि है, इसलिए मैं 4.3 प्रतिशत के घाटे के लक्ष्य से संतुष्ट हूं।''

**निजी उपभोग में वृद्धि जारी रहेगी** : सीतारमण ने यह भी विश्वास जताया कि वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में जीएसटी दर में कटौती और आयकर छूट सीमा में वृद्धि के कारण हाल ही में निजी उपभोग में जो वृद्धि हुई है, वह आने वाले महीनों में भी जारी रहेगी।

# कार्यालयीन नौकरियों की भर्ती जनवरी में तीन फीसदी बढ़ी

### ऑनलाइन पोर्टल नौकरी डॉटकॉम ने जारी की रिपोर्ट भर्ती में आईटी से इतर क्षेत्रों की भूमिका रही

एजेंसी ▶▶ मुंबई



जनवरी महीने के दौरान कार्यालय में काम करने वाले कर्मचारियों की भर्तियों में सालाना आधार पर तीन प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जिसमें सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) से इतर क्षेत्रों की अहम भूमिका रही। सोमवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। भर्तियों से संबंधित ऑनलाइन पोर्टल नौकरी डॉटकॉम की रिपोर्ट कहती है कि जनवरी में जॉबस्पीक सूचकांक 2,637 अंक पर रहा जो जनवरी, 2025 के 2,550 अंकों से तीन प्रतिशत अधिक है।
रिपोर्ट के मुताबिक, यह वृद्धि मुख्य रूप से गैर-आईटी क्षेत्रों और नए स्नातकों की भर्ती के कारण हुई।

बीपीओ/आईटीईएस में 21 प्रतिशत, आतिथ्य और यात्रा क्षेत्र में 15 प्रतिशत, बीमा में सात प्रतिशत और स्वास्थ्य सेवा में पांच प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, बैंकिंग और वित्तीय सेवा क्षेत्र में इस दौरान 15 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

आईटी क्षेत्र में कुल भर्ती स्थिर रही, लेकिन कृत्रिम मेधा (एआई) और मशीन लर्निंग से जुड़ी नौकरियों में 34 प्रतिशत की बढ़त रही। नए स्नातकों की भर्ती में आठ प्रतिशत वृद्धि देखी गई। गैर-आईटी क्षेत्रों में तीन वर्ष तक का अनुभव वाले युवा कर्मचारियों की भर्ती में जनवरी में खास तेजी रही। इसमें आतिथ्य 33 प्रतिशत, बीमा 35 प्रतिशत, बीपीओ/ आईटीईएस 39 प्रतिशत और रियल एस्टेट 42 प्रतिशत बढ़ा। भर्ती के लिहाज से कोयंबटूर और जयपुर प्रमुख केंद्र रहे जहां क्रमशः 16 और 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। हैदराबाद में कुल भर्ती 10 प्रतिशत बढ़ी, जिसमें वैश्विक क्षमता केंद्रों में 14 प्रतिशत का उछाल रहा।

## खबर संक्षेप



### रुपया 42 पैसे चढ़कर 91.51 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** आम बजट 2026-27 पेश होने के एक दिन बाद सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 42 पैसे की मजबूती के साथ 91.51 (अस्थायी) पर बंद हुआ। रुपये में यह बढ़त मुख्य रूप से कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के कारण देखी गई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) 92 रुपये प्रति डॉलर के स्तर को बचाने के लिए पूरी मजबूती से सक्रिय नजर आया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 91.95 पर खुला।

### सेबी से आठ कंपनियों को आईपीओ लाने की मंजूरी

**नई दिल्ली।** एल्डेको इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड प्रॉपर्टीज और एसोसिएटेड पावर स्ट्रक्चर्स सहित आठ कंपनियों को सेबी से आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की मंजूरी मिल गई है। बाजार नियामक सेबी की अद्यतन सूचना से यह जानकारी मिली। नियामक मंजूरी प्राप्त करने वाली अन्य कंपनियां एचडी फायर प्रोटेक्ट लि., एक्सट्रानेट टेक्नोलॉजीज, पारिजात इंडस्ट्रीज इंडिया, रोटोमैग एनर्टेक, सीएसएम टेक्नोलॉजीज और एआईटीएमसी वेंचर्स लि. हैं। सूचना के अनुसार, इन आठों कंपनियों ने सितंबर और अक्टूबर के बीच सेबी के पास आईपीओ के लिए दस्तावेज दाखिल किए थे। उन्हें 28 से 30 जनवरी के बीच नियामक से टिप्पणियां मिलीं।

# बजट की भारी गिरावट से उबरा शेयर बाजार सेंसेक्स ने लगाई 943 अंक की छलांग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आम बजट के दिन भारी गिरावट का सामना करने वाले घरेलू शेयर बाजार ने सोमवार को जोरदार वापसी की। तेल एवं गैस, बैंक और वाहन कंपनियों के शेयरों में खरीदारी आने से बीएसई सेंसेक्स 943 अंक चढ़कर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी में 263 अंक की तेजी दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 943.52 अंक की बढ़त के साथ 81,666.46 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,009.31 अंक चढ़कर 81,732.25 अंक के उच्चस्तर तक पहुंच गया था। वहीं निफ्टी 262.95 अंक बढ़कर 25,088.40 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 282.65 अंक चढ़कर 25,108.10 अंक तक पहुंच गया था। विशेषज्ञों के मुताबिक, कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में तेज गिरावट और बजट के दिन की भारी गिरावट से प्रमुख कंपनियों के शेयरों में मूल्य-आधारित खरीदारी आने से घरेलू शेयर बाजारों को राहत मिली। जनवरी महीने में विनिर्माण गतिविधियों में हल्के सुधार के आंकड़ों ने भी बाजार धारणा को समर्थन दिया। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) दिसंबर के दो साल के निचले स्तर 55 से बढ़कर जनवरी में 55.4 रहा।

# सोने की वजह से 'कंगाल' होगा अमेरिका? भारत -चीन ने बिगाड़ा खेल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आजकल दुनिया की महाशक्तियों के बीच चल रही एक 'अदृश्य जंग'। पूरी दुनिया में इस वक्त सोना खरीदने की ऐसी होड़ मची है जैसी पहले कभी नहीं देखी गई। चीन ने अपने खजाने में 2303 टन सोना जमा कर लिया है और भारत भी पीछे नहीं है, हमारे पास अब 880 टन सोना रिजर्व में है। ये सब अचानक नहीं हो रहा। इसके पीछे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आक्रामक नीतियों का डर और अमेरिकी डॉलर की बादशाहत पर उठता भरोसा है। आखिर ऐसा क्या हो गया है कि दुनिया अब कागज के नोटों (डॉलर) के बजाय पीली धातु (सोने) पर भरोसा कर रही है?

### जब नोट नहीं थे तब दुनिया कैसे चलती थी?

पूरे मामले को समझने के लिए हमें थोड़ा इतिहास में पीछे जाना होगा। आज से करीब 8 हजार साल पहले। तब न रुपया था, न डॉलर। इंसान खेती करता था और 'बार्टर सिस्टम' से काम चलाता था। मतलब, अगर आपके पास गेहूं है और आपको दूध चाहिए, तो आप ऐसे आदमी को ढूंढते थे जिसके पास दूध हो और उसे गेहूं चाहिए हो। लेकिन इसमें बड़ी दिक्कत थी.. कई बार जरूरत का मेल खाना मुश्किल हो जाता था। आज के हालात पर. 2008 की मंदी और फिर कोरोना ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था को हिलाया। अमेरिका ने रूस को सबक सिखाने के लिए उसका 300 बिलियन डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार जब्त (फ्रीज) कर दिया। इस घटना ने पूरी दुनिया की नींद उड़ा दी।

# एफपीआई ने भारतीय बाजार से जनवरी में निकाले 36 हजार करोड़

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की बिकवाली का सिलसिला जनवरी में भी जारी रहा और उन्होंने भारतीय शेयर बाजार से करीब 36,000 करोड़ रुपये (लगभग 3.97 अरब डॉलर) की निकासी की। इस बीच, वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) खंड में सौदों पर प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) बढ़ाने की बजट घोषणा से निकट भविष्य में विदेशी निवेशकों की भागीदारी पर दबाव बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के मुताबिक, एफपीआई ने जनवरी महीने में भारतीय शेयर बाजार से 35,962 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की। एफपीआई ने इससे पहले वर्ष 2025 में भी भारतीय बाजार से करीब 1.66 लाख करोड़ रुपये (18.9 अरब डॉलर) की रिकॉर्ड निकासी की थी। उस समय अस्थिर मुद्रा बाजार, वैश्विक व्यापार तनाव, संभावित अमेरिकी शुल्क और ऊंचे बाजार मूल्यांकन ने विदेशी पूंजी को प्रभावित किया था। चॉइस इक्विटी ब्रोकिंग के तकनीकी शोध विश्लेषक आकाश शाह ने कहा कि एफएंडओ में एसटीटी का बढ़ना निकट अवधि में खासकर अत्यधिक तेजी और डेरिवेटिव-केंद्रित वैश्विक कोषों के लिए एफपीआई प्रवाह के लिए हल्का नकारात्मक कारक बन सकता है।

### एप्पल की भारत में रिकॉर्ड 28 प्रतिशत मूल्य हिस्सेदारी, स्मार्टफोन का बढ़ा रुझान

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनी एप्पल ने भारतीय स्मार्टफोन बाजार में 28 प्रतिशत की अपनी अब तक की सबसे अधिक मूल्य हिस्सेदारी दर्ज की है। काउंटरपॉइंट रिसर्च की एक रिपोर्ट के अनुसार यह उपलब्धि प्रीमियम उपकरणों के बढ़ते चलन के कारण संभव हुई है, जिसमें उपभोक्ता तेजी से महंगे उपकरण चुन रहे हैं। रिपोर्ट में दुनिया के दूसरे सबसे बड़े स्मार्टफोन बाजार में एक महत्वपूर्ण बदलाव को रेखांकित किया गया है। इसमें कहा गया कि जहां बिक्री की संख्या में वृद्धि स्थिर है, वहीं बाजार का कुल बिक्री मूल्य बहुत तेजी से बढ़ रहा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि भारतीय खरीदार अब महंगे मॉडल ले रहे हैं। काउंटरपॉइंट के आंकड़ों के अनुसार, 2024 में भारत में एप्पल की मूल्य हिस्सेदारी 23 प्रतिशत थी।

### बिजली की खपत जनवरी में बढ़कर 142.74 अरब यूनिट

**नई दिल्ली।** जनवरी महीने में देश के कई हिस्सों में कड़ाके की ठंड पड़ने से बिजली खपत 3.8 प्रतिशत बढ़कर 142.74 अरब यूनिट हो गई जबकि पिछले साल इसी महीने यह 132.5 अरब यूनिट थी। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी में बिजली की अधिकतम आपूर्ति भी बढ़कर 245.42 गीगावाट हो गई, जो जनवरी, 2025 में रिकॉर्ड 237.31 गीगावाट थी। देश में बिजली की अधिकतम मांग मई, 2024 में 250 गीगावाट दर्ज की गई थी, जबकि इससे पहले का उच्चतम स्तर 243.27 गीगावाट सितंबर, 2023 में रहा था। विशेषज्ञों के मुताबिक, जनवरी महीने में देश के उत्तरी हिस्सों में ठंड और बारिश के कारण गर्मी प्रदान करने वाले उपकरणों का इस्तेमाल बढ़ने से बिजली खपत बढ़ी। कुछ क्षेत्रों में बर्फबारी ने भी बिजली की मांग को बढ़ाया। बिजली की खपत में आया यह उछाल देश के विभिन्न हिस्सों में अत्यधिक ठंड के प्रभाव को दर्शाता है।

### सरकार की स्वदेशी एआई मॉडल पेश करने की योजना

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार आगामी 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' में देश में विकसित किए गए स्वदेशी एआई मॉडल पेश करने की योजना बना रही है। मंत्री ने कहा कि दुनिया भर में 'इंडिया एआई इम्पैक्ट' को लेकर भारी उत्साह है और उम्मीद है कि सम्मेलन के समापन तक एआई बुनियादी ढांचे के लिए 70 अरब डॉलर की निवेश प्रतिबद्धता दोगुनी हो जाएगी। कुछ सप्ताह पहले प्रधानमंत्री ने उन टीम से मुलाकात की थी, जो स्वदेशी एआई मॉडल विकसित कर रहे हैं। मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि ये मॉडल बहुत अच्छे स्थिति में हैं। हम इन्हें एआई इम्पैक्ट समिट में पेश करने वाले हैं। आगामी अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम दुनिया में अब तक का चौथा और सबसे बड़ा एआई शिखर सम्मेलन होने जा रहा है।


**कार्यालय नगर पंचायत टुण्डरा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
Nagarpanchayattundra@gmail.com

क्रमांक /116 / लो.नि.वि. / नं.प./2025-26 टुण्डरा, दिनांक 02/02/2026

**संशोधित ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना (तृतीय निविदा)**

नगर पंचायत टुण्डरा द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में एकीकृत पंजीयन प्रणाली से पंजीकृत एजेंसी / फर्म से ई-प्रोक्योरमेंट टेंडर सिस्टम के माध्यम से आमंत्रित की गई हैं, जिसमें निविदा की अंतिम तिथियों में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :-

| क्र. | सिस्टम टेंडर | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | आनलाईन निविदा की अंतिम तिथि | फिजिकल दस्तावेज प्राप्त होने की अंतिम तिथि | निविदा खोले जाने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 182375 | Desing. Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewge Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of the Entire System in Nagar Panchayat Tundra under SBM 2.0 | 173.27 लाख | दिनांक 13.02. 2026 समय शाम 5.00 बजे तक | दिनांक 18.02.2026 समय शाम 4.00 बजे तक | दिनांक 18.02. 2026 समय शाम 5.00 बजे से |

नोट:- 1. निविदा संबंधी समस्त दस्तावेज, अमानत राशि व टेंडर प्रोसेसिंग फीस ऑन लाईन अपलोड करना अनिवार्य है। 2. अन्य शर्तें व विस्तृत जानकारियां संबंधित शाखा या विभाग से ई-प्रोक्योरमेंट वेब http://eproc.cgstate.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

"नगर पंचायत के करों का भुगतान समय सीमा में अवश्य करें"

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत टुण्डरा



**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, सोनीपत।**

मु.न. 52 दिनांक 28.01.2026 धारा 140(3) बी.एन.एस. थाना खरखौदा जिला सोनीपत ।

**गुमशुदा की पहचान**

नाम सूरज ।
पिता का नाम - नरेश ।
पता - वासी पचलीं मेरठ उ0 प्र0 हाल गाँव खांड़ा खरखौदा जिला सोनीपत ।
उम्र - 17 वर्ष ।
कद - 5 फुट 3 ईन्च ।
**हुलियाः-** रंग गोरा, लम्बुतरा चेहरा, काले बाल, काली आँखे, पतला शरीर है।
**पहनावा** - सफेद रंग की शर्ट, सफेद रंग की चद्दर, काले रंग की पेंट व पैरो में सफेद रंग के जूते पहने हुए है।



सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 27.01.2026 को सूरज पुत्र नरेश वासी पचलीं मेरठ उ0 प्र0 हाल गाँव खांड़ा खरखौदा जिला सोनीपत अपनी मर्जी से घर से बिना बताए कहीं चला गया है। अब तक वापिस नही आया हैं। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सुचित करे।

प्रबन्धक थाना मो. न.-7419410536
अनुसंधानकर्ता मो. न. - 9050667369
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत - 0130-2222903,100
पीआरडीएच-1084/11/4411/2026/42578/88/7 दि. 02.02.26

अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस अधीक्षक,
मुख्यालय, सोनीपत ।



**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


### रिलायंस जियो ने पूरे हरियाणा में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया



**चंडीगढ़।** रिलायंस जियो ने मोहाली में अपने हरियाणा स्टेट ऑफिस के साथ पूरे हरियाणा में अपने कार्यालयों और विभिन्न फील्ड लोकशन्स पर 1 जनवरी से 31 जनवरी, 2026 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाने का जियो का मुख्य उद्देश्य अपनी फील्ड टीमों सहित अपने कर्मचारियों, सर्विस प्रोवाइडर पार्टनर्स और लोगों के बीच सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करना था। हरियाणा भर में आयोजित सुरक्षा जागरूकता और प्रशिक्षण सत्रों के दौरान प्रमुख सुरक्षा उपायों के महत्व पर जोर दिया गया, साथ ही राज्य भर में जियो कार्यालयों में सड़क सुरक्षा बैनर और पोस्टर प्रदर्शित किए गए। टीम के सदस्यों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। इसके अलावा सड़क सुरक्षा बैज भी वितरित किए गए। "फैमिली फर्स्ट, सेफ्टी मस्ट" पहल के तहत, दोपहिया वाहनों को चलाने वाले फील्ड टीमों के सदस्य और सर्विस प्रोवाइडर पार्टनर्स को रिफ्लेक्टिव स्टिकर दिए गए, जिन पर उनके घर और कार्यालय के संपर्क नंबर भी अंकित थे। सुरक्षा के लिए क्रैश हेलमेट भी वितरित किए गए। इसके अलावा, रोड सेफ्टी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए रोड शो भी आयोजित किए गए। जियो कर्मचारियों, फील्ड स्टाफ और सर्विस प्रोवाइडर पार्टनर्स के चार पहिया और दो पहिया वाहनों का निरीक्षण भी किया गया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे अच्छी कार्यशील स्थिति में हैं। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने पर विशेष जोर दिया गया।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

### एलन रोहतक ने किया टैलेंटेड स्टूडेंट्स का सम्मान




**रोहतक।** एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड रोहतक की ओर से आयोजित टैलेंटेक्स का सक्सेस पॉवर सेशन शनिवार को आयोजित किया गया। यहां महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी स्थित राधाकृष्णन ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। इसके बाद एलन नोर्थ जोनल हैड सदानंद वानी ने कार्यक्रम की शुरुआत की और टैलेंटेक्स में विद्यार्थियों के उत्साह के बारे में बताया। उन्होनें कहा कि एलन रोहतक आस-पास के क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा के लिए संकल्पित है और इसके लिए निरंतर गतिविधियां आयोजित कर विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जाएगी। एलन संस्कार से सफलता तक का मंत्र लेकर चलता है। शिक्षा के साथ संस्कार देने का उद्देश्य विद्यार्थियों को अच्छा डॉक्टर इंजीनियर के साथ अच्छा इंसान बनाना है। उन्होनें स्टूडेंट्स को मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट, इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई एवं विभिन्न तरह के ओलंपियड्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### आईआईटी बॉम्बे की पायलट परियोजना 'जीवोदया' को रेशम उत्पादन में सफलता

**नई दिल्ली।** कोल इंडिया के कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) फंड के सहयोग से संचालित आईआईटी बॉम्बे की अनूठी पायलट परियोजना 'जीवोदया' ने तीन वर्षों के निरंतर अनुसंधान एवं विकास के पश्चात नैतिक रेशम उत्पादन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस परियोजना के अंतर्गत आईआईटी बॉम्बे के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए प्रौद्योगिकी विकल्प केंद्र (सी-तारा) ने रेशम उत्पादन की एक ऐसी नवीन तकनीक सफलतापूर्वक विकसित की है, जिसमें रेशम के कीड़ों की हत्या की आवश्यकता नहीं होती।


## शब्द पहेली - 6127




**बाएँ से दाए**
1. सरदार, अगुआ-4
5. जनमत, एक राय-4
9. पुराना जुकाम-3
10. चिंता, परवाह-3
12. पैंदा, तल्ला-2
14. ताल, सुर, आलाप-2
15. महोदय (अंग्रेजी-2)
16. लाडला, दुलारा-2
17. निवास करना-3
19. डोली उठाने वाले-3
21. नसीरुद्दीन शाह की फिल्म-3
22. तड़फाना-4
24. जल में रहनेवाला-4
25. दरियादिल, करुण-5
26. इराक की राजधानी-4
29. भेंट, पुरस्कार-4
33. पासों से भविष्य देखना-3
34. अश्ववाहक, घुड़सवार-3
36. चौकसी, रखवाली-3
37. हलक, कंठ-2
38. सदैव-2
39. लार -2
42. निश्चित-2
42. कालीन-3
43. बंदर, मर्कट-3
45. किसान-4
46. इस्लामी कैलेंडर का एक महीना -4

**ऊपर से नीचे**
2. क्रिकेट में बनते हैं-2
3. नगमा, गीत (उर्दू-3)
4. जो लायक न हो-4
5. अधिकारी, अफसर-4
6. राशिचक्र की एक राशि -3
7. झगड़ा, बैर-2
8. आदत, व्यवहार-4
11. शमशीर-4
13. तरंग, हिलोर-3
16. तृष्णा, लोभ-3
18. अमेरिका स्थित वेधशाला-2
20. जितेंद्र इस फिल्म में सात सवाल हल करते हैं -5
21. नीर, पानी-2
23. देवर्षि-3
24. ईर्ष्या, डाह-3
26. वटवृक्ष-4
27. जिसमें पौधे लगाते हैं-3
28. दलहन-2
30. मंत्र जाप-2
31. तसल्ली, आराम-3
32. भगवान विष्णु-4
34. धर्मशीलता-4
35. पैजामा-4
38. तमीज-3
40. साजन, प्रेमपात्र-3
42. पहरा, चौकसी-2
44. अवकाश-2

**शब्द पहेली- 6126 का हल**





# मुंबई टीम में लौटे ठाकुर-जायसवाल, कर्नाटक के खिलाफ खेलेंगे क्वार्टर फाइनल



एजेंसी ⏭ मुंबई

कप्तान शारदुल ठाकुर और भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को 6 फरवरी से कर्नाटक के खिलाफ होने वाले रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के लिए सोमवार को मुंबई की टीम में शामिल किया गया।

मुंबई की टीम चार जीत और तीन ड्रॉ से एलीट ग्रुप डी में शीर्ष पर रही जबकि कर्नाटक ने ग्रुप ए के अपने अंतिम लीग मैच में पंजाब पर रोमांचक जीत की बदौलत अंतिम आठ में जगह बनाई। मुंबई और कर्नाटक के बीच क्वार्टर फाइनल 6 से 10 फरवरी तक यहां एमसीए-बीकेसी मैदान पर खेला जाएगा क्योंकि वानखेड़े स्टेडियम 7 फरवरी से शुरू हो रहे टी20 विश्व कप के मुकाबलों की मेजबानी करेगा।

## रणजी ट्रॉफी : 6 से 10 फरवरी तक एमसीए बीकेसी मैदान में भिड़ेंगी दोनों टीम

### दूसरी बार मुंबई के लिए खेलेंगे जायसवाल

रणजी ट्रॉफी के मौजूदा सत्र में जायसवाल दूसरी बार मुंबई के लिए खेलते हुए नजर आएंगे। इससे पूर्व वह राजस्थान के खिलाफ पहले दौर के मैच में खेले थे। मुंबई क्रिकेट संघ और सीनियर चयन पैनल ने चयन के लिए भारत के इस सलामी बल्लेबाज के नाम पर विचार नहीं किया था क्योंकि वह रविवार को संपन्न हुए ग्रुप चरण के दूसरे दौर के मुकाबलों के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि करने में नाकाम रहे थे। जायसवाल टी20 विश्व कप के लिए चुनी गई भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं। इस बीच ठाकुर मुंबई के नियमित कप्तान सिद्धेश लाड की जगह टीम की अगुआई करेंगे, जिन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी के दौरान उन्हें लगी चोट के बाद टीम की कप्तानी की थी।

### टीम इस प्रकार

शारदुल ठाकुर, यशस्वी जायसवाल, मुशीर खान, सरफराज खान, सिद्धेश लाड, अखिल हेरवादकर, आकाश आनंद, हार्दिक तमोरे, साईराज पाटिल, शम्स मुलानी, तनुष कोटियान, तुषार देशपांडे, मोहित अवस्थी, ओंकार तरमाले, दिव्यांश सक्सेना और सूर्यांश शेडगे।




## खबर संक्षेप



### सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिपः बांग्लादेश से हारा भारत

**पोखरा।** भारतीय अंडर-17 महिला राष्ट्रीय टीम को पोखरा रंगशाला स्टेडियम में सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप 2026 में बांग्लादेश के खिलाफ 0-2 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। बांग्लादेश के लिए दोनों गोल पहले हाफ में अर्पिता बिश्वास (29वें मिनट) और अल्पी अख्तर (40वें मिनट) ने दागे। भारत की अंडर-17 टीम अधिक आयु वर्ग के टूर्नामेंट 'अंडर-19 चैंपियनशिप' में हिस्सा ले रही है, जिससे कि एएफसी अंडर-17 महिला एशिया कप की तैयारी कर सके। भारतीय टीम ने अपने पहले मैच में नेपाल को 1-0 किया था।

### इंग्लैंड ने श्रीलंका को हराया, सीरीज की अपने नाम



**पाल्लेकल।** टॉम बेंटोन के 33 गेंद में नाबाद 54 रन की मदद से इंग्लैंड ने श्रीलंका के खिलाफ वर्षाबाधित दूसरा टी20 डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर छह विकेट से जीतकर श्रृंखला अपने नाम कर ली। इंग्लैंड के पास तीन मैचों की श्रृंखला में 2 . 0 की विजयी बढत हो गई है। बेंटोन ने अपनी पारी में तीन छक्के और चार चौके लगाए, जिसके दम पर इंग्लैंड ने 17 ओवर में 168 रन के संशोधित लक्ष्य के जवाब में 16 . 4 ओवर में चार विकेट पर 173 रन बनाए। जोस बटलर ने 29 गेंद में 39 रन जोड़े। इससे पहले श्रीलंका ने पांच विकेट पर 189 रन बनाए।

### वैदेही चौधरी मुंबई ओपन के पहले दौर में हारीं

**मुंबई।** भारत की वैदेही चौधरी को मुंबई ओपन 125 के पहले दौर में सोमवार को यहां तीसरी वरीयता प्राप्त लिओलिया जीनजीन से सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। भारत की दूसरे नंबर की महिला एकल खिलाड़ी वैदेही को फ्रांस की जीनजीन के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। जीनजीन ने 2022 के फ्रेंच ओपन में पूर्व विश्व नंबर एक कैरोलिना प्लिस्कोवा को हराकर सुर्खिया बटोरी थी। जीनजीन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक घंटे से कुछ अधिक समय तक चले मुकाबले में 6-2, 6-0 से जीत दर्ज की।

### दिल्ली खेल महाकुंभ 13 फरवरी से शुरू होगाः सूद

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने वित्त वर्ष के लिए खेल एवं युवा मामलों के बजट में तीन गुना वृद्धि का जिक्र करते हुए सोमवार को कहा कि सरकार 13 फरवरी से राष्ट्रीय राजधानी में 'दिल्ली खेल महाकुंभ' का शुभारंभ करेगी। सूद ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इस आयोजन का उद्घाटन मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता करेंगी, जिसमें शुरुआत में सात खेल (कबड्डी, फुटबॉल, एथलेटिक्स, कुश्ती, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल और स्क्वाश) शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में 20,000 से अधिक खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है।

### 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका की सह-मेजबानी में महामुकाबला

# टी20 वर्ल्ड कप के वार्म अप मैचों का शेड्यूल आया सामने, खेले जाएंगे 16 मैच

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने मेंस टी20 वर्ल्ड कप वार्म-अप मुकाबलों के शेड्यूल की पुष्टि कर दी है। 2 से 6 फरवरी के बीच कुल 16 वार्म-अप मैच खेले जाएंगे। 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका की सह-मेजबानी में टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन होगा, जिससे पहले वार्म-अप मैच भी इन्हीं देशों में खेले जाएंगे।

भारतीय सरजमीं पर बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) ग्राउंड 1 और नवी मुंबई में डीवाई पाटिल स्टेडियम और चेन्नई में एमए चिदंबरम स्टेडियम में वार्म-अप मैच खेले जाएंगे। दूसरी ओर, श्रीलंका में एसएससी क्रिकेट ग्राउंड और कोलंबो क्रिकेट क्लब ग्राउंड में वार्म-अप मैच आयोजित होंगे। 2 फरवरी को वार्म-अप मैच में भारत-ए यूएसए से भिड़ी। इसके बाद भारतीय टीम 4 फरवरी को साउथ अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में उतरेगी। 6 फरवरी को भारत-ए की टीम नामीबिया के विरुद्ध वार्म-अप मुकाबला खेलेगी।




### वार्म-अप मुकाबलों का शेड्यूल

**2 फरवरी**

*अफगानिस्तान बनाम स्कॉटलैंडः बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड 1, बेंगलुरु (दोपहर 3 बजे से)*
*यूएसए बनाम इंडिया 'ए': डीवाई पाटिल स्टेडियम, नवी मुंबई (शाम 5 बजे से)*
*कनाडा बनाम इटलीः एमए चिदंबरम स्टेडियम, चेन्नई (शाम 7 बजे से).*

**3 फरवरी**

*ओमान बनाम श्रीलंका 'ए': कोलंबो क्रिकेट क्लब ग्राउंड, कोलंबो (दोपहर 1 बजे से).. नीदरलैंड बनाम जिम्बाब्वेः आर. प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो (दोपहर 3 बजे से). नेपाल बनाम यूएईः एमए चिदंबरम स्टेडियम, चेन्नई (शाम 5 बजे से).*

**4 फरवरी**

*स्कॉटलैंड बनाम नामीबियाः बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड 2, बेंगलुरु (दोपहर 1 बजे से)*
*अफगानिस्तान बनाम वेस्टइंडीजः बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड 1, बेंगलुरु (दोपहर 3 बजे से)*
*पाकिस्तान बनाम आयरलैंडः एसएससी क्रिकेट ग्राउंड, कोलंबो (शाम 5 बजे से).*
*भारत बनाम दक्षिण अफ्रीकाः डीवाई पाटिल स्टेडियम, नवी मुंबई (शाम 7 बजे से).*

**5 फरवरी**

*जिम्बाब्वे बनाम ओमानः कोलंबो क्रिकेट क्लब ग्राउंड, कोलंबो (सुबह 11 बजे से)*
*नेपाल बनाम कनाडाः एमए चिदंबरम स्टेडियम, चेन्नई (दोपहर 1 बजे से)*
*ऑस्ट्रेलिया बनाम नीदरलैंडः आर. प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो (शाम 5 बजे से)*
*न्यूजीलैंड बनाम यूएसएः डीवाई पाटिल स्टेडियम, नवी मुंबई (शाम 7 बजे से).*

**6 फरवरी**

*इटली बनाम यूएईः एमए चिदंबरम स्टेडियम, चेन्नई (दोपहर 3 बजे से). इंडिया 'ए' बनाम नामीबियाः बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड 1, बेंगलुरु (शाम 5 बजे से).*

## टी20 वर्ल्ड कप से पहले तिलक वर्मा इंडिया ए स्क्वॉड में शामिल



एजेंसी ⏭ मुंबई

आक्रामक बल्लेबाज तिलक वर्मा को टी20 विश्व कप के अभ्यास मुकाबलों के लिए भारत ए टीम में शामिल किया गया जबकि लंबे समय तक चोट के कारण बाहर रहने के बाद तेज गेंदबाज मयंक यादव की भी टीम में वापसी हुई।

**मयंक यादव की टीम में वापसी**

तिलक को ग्रोइन की चोट से पूरी तरह उबरने के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) से खेलने की स्वीकृति मिल गई है। वह सीनियर राष्ट्रीय टीम में फिर से शामिल होने से पहले दो अभ्यास मैच में से एक में खेलेंगे।

यह बाएं हाथ का बल्लेबाज न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल ही में हुई टी20 श्रृंखला में नहीं खेल पाया था, जिसमें श्रेयस अय्यर को उनकी जगह मौका दिया गया था।

### भारत ए का बेंगलुरु के सीओई में नामीबिया से सामना

बीसीसीआई ने टीम की घोषणा करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, 'तिलक वर्मा सीनियर टीम में शामिल होने से पहले एक अभ्यास मैच खेलेंगे।' भारत ए की टीम नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में अमेरिका से भिड़ी जबकि शुक्रवार को बेंगलुरु के सीओई में नामीबिया का सामना करेगी। आयुष बडोनी 15 सदस्यीय भारत ए टीम की कप्तानी करेंगे, जिसमें नमन धीर, विपराज निगम और रियान पराग भी शामिल हैं। मयंक स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण एक साल से अधिक समय से टीम से बाहर थे।

### भारत ए टीम

*आयुष बडोनी (कप्तान), नमन धीर, आशुतोष शर्मा, प्रियांश आर्य, एन जगदीशन, तिलक वर्मा, रियान पराग, मानव सुथार, अशोक शर्मा, उर्विल पटेल, गुरजपनीत सिंह, विपराज निगम, रवि बिश्नोई, खलील अहमद, मयंक यादव।*

## बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमन अवार्ड्स के लिए नामांकित हरमनप्रीत, स्मृति और दिव्या



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



महिला क्रिकेट की कप्तान हरमनप्रीत कौर और उप-कप्तान स्मृति मंधाना तथा शतरंज की प्रतिभाशाली खिलाड़ी दिव्या देशमुख '2025 बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर' पुरस्कारों के लिए नामांकित हैं। पिस्टल निशानेबाजी में सनसनी मचाने वाली सुरुचि सिंह और ट्रैक एवं फील्ड एथलीट ज्योति याराजी इस प्रतिष्ठित वार्षिक पुरस्कार के लिए नामांकित अन्य दो खिलाड़ी हैं।

बीबीसी न्यूज की अंतरिम वैश्विक निदेशक फियोना क्रैक ने कहा, 'इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर' पुरस्कार पूरे भारत में महिलाओं की खेल प्रतिभाओं के एक वर्ष का प्रतीक है और बीबीसी विश्व सेवा अन्य किसी भी मीडिया प्रदाता की तुलना में इन प्रयासों को प्रदर्शित करने और उनका जश्न मनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।' उन्होंने कहा, ' हम इन महिलाओं को भारत और दुनिया भर के दर्शकों के सामने अपनी मेहनत से हासिल की गई उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करके रोमांचित हैं। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत ने नवंबर 2025 में देश को आईसीसी महिला विश्व कप का पहला खिताब दिलाया था। इसी टीम की उप कप्तान 29 साल की मंधाना पहले से ही क्रिकेट के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में अपना नाम दर्ज करा चुकी हैं।

### 'फैनकोड' ने आईएसएल 2025-26 के लिए टीवी और डिजिटल प्रसारण अधिकार हासिल किए

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने 14 फरवरी से शुरू हो रही इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2025-26 के संक्षिप्त सत्र के लिए 'फैनकोड' को विशेष वैश्विक प्रसारण अधिकार प्रदान किए। 'फैनकोड' ने इस प्रक्रिया में छह अन्य प्रतिस्पर्धियों को पीछे छोड़ा। लीग के वैश्विक और घरेलू दोनों स्तरों पर प्रोडक्शन अधिकार 'केलिडोस्कोप प्रोडक्शन एंड सर्विसेज (केपीएस स्टूडियोज)' को सौंपे गये हैं। आईएसएल की अंतरिम प्रबंध समिति और 'प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफक्यू)' समिति ने प्रसारण और प्रोडक्शन साझेदारों का चयन किया।

## ऑस्ट्रेलिया को झटका, वर्ल्ड कप के शुरुआती मैच नहीं खेलेंगे हेजलवुड




एजेंसी ⏭ सिडनी

आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चोट से उबरने के बाद श्रीलंका में टी20 विश्व कप के शुरुआती मैचों के लिए टीम के साथ नहीं जाएंगे।

राष्ट्रीय चयनकर्ता टोनी डोडेमेड ने यह जानकारी दी । नाथन हिल्स, टिम डेविड और ग्लेन मैक्सवेल कोलंबो पहुंच चुके हैं और मंगलवार को टीम से जुड़ेंगे। आस्ट्रेलिया को प्रारंभिक दौर के चार मैच श्रीलंका में खेलने हैं। उसे पहला मैच 11 फरवरी को आयरलैंड से खेलना। हेजलवुड टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में सिडनी में रहेंगे। सीन एबोट यात्रा रिजर्व के तौर पर टीम के साथ जाएंगे। हेजलवुड चोट के कारण 2025- 26 एशेज श्रृंखला से भी बाहर रहे थे।

डोडेमेड ने यह नहीं बताया कि हेजलवुड कब से खेल सकेंगे। आस्ट्रेलिया के प्रारंभिक दौर के मुकाबले 20 फरवरी को खत्म होंगे। टी20 विश्व कप भारत और श्रीलंका में 7 फरवरी से 8 मार्च तक खेला जाएगा।

## अनाहत ने जीता पहला पीएसए कांस्य स्तर का खिताब ...




**वॉशिंगटन।** युवा स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने शीर्ष वरीयता प्राप्त और दुनिया की 10वें नंबर की खिलाड़ी इंग्लैंड की जॉर्जिना केनेडी को 12-10, 11-5, 11-7 से हराकर वॉशिंगटन में पीएसए कांस्य स्तर का खिताब जीता। विश्व रैंकिंग में 31वें स्थान पर काबिज 15 वर्ष की अनाहत ने स्क्वाश आन फायर ओपन जीता, जो उनके कैरियर का 15वां खिताब है। जीत के बाद उसने कहा,' मैं बहुत खुश हूं। मैं इन टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी रैंकिंग बेहतर करना चाहती थी। मुझे खुशी है कि ऐसा कर सकी।'

### पुरुष टीम पोडियम पर जगह बनाने के लिए अनुभवी खिलाड़ियों पर निर्भर

# एशिया टीम चैंपियनशिपः भारतीय खिलाड़ियों के सामने कड़ी चुनौती

एजेंसी ⏭ किंगदाओ

स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू के बिना कमजोर पड़ी भारतीय महिला टीम को मंगलवार से शुरू हो रही बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में अपना खिताब बचाने में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा जबकि पुरुष टीम पोडियम पर जगह बनाने के लिए अनुभवी खिलाड़ियों पर निर्भर रहेगी।

भारत ने पिछले सत्र में मलेशिया में अपना पहला महिला टीम स्वर्ण जीतकर इतिहास रचा था लेकिन चोट के कारण सिंधू के हटने से उनकी पदक जीतने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू की गैरमौजूदगी में भारतीय अभियान की जिम्मेदारी तन्वी शर्मा की अगुआई वाले खिलाड़ियों के युवा समूह पर होगी। पंजाब की 17 साल की तन्वी 2024 में चैंपियन टीम का हिस्सा थी लेकिन उन्हें कोई मैच खेलने का मौका नहीं मिला था। इसके अगले दो साल में तन्वी गुवाहाटी में विश्व जूनियर चैंपियनशिप में रजत पदक और अमेरिकी ओपन सुपर 300 में फाइनल तक पहुंचकर महिला एकल में अगली बड़ी उम्मीद बनकर उभरी हैं।

### 2025 के सफल सत्र के बाद खेलेंगी उन्नति

उन्नति हुड्डा भी 2025 के सफल सत्र के बाद इस टूर्नामेंट में आ रही हैं। यह 18 वर्षीय खिलाड़ी पिछले साल अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 23वीं रैंकिंग हासिल करने में सफल रहीं। उन्होंने चीन ओपन में सिंधू को भी हराया। बीडब्ल्यूएफ सुपर 100 खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय उन्नति ने 2025 में ओडिशा मास्टर्स का खिताब भी जीता। एकल में जिम्मेदारी अब मालविका बंसोड़ और रक्षिता श्री संतोष रामराज पर भी होगी।



### पुरुष टीम पर अच्छा प्रदर्शन दोहराने की जिम्मेदारी

*भारतीय पुरुष टीम 2016 और 2020 की कांस्य पदक विजेता है और अनुभव तथा गहराई के मेल के साथ बेहतर स्थिति में दिख रही है। इस टीम में वही मुख्य खिलाड़ी हैं जिनकी मौजूदगी में टीम ने 2022 में थॉमस कप में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता था और अब उन पर अच्छा प्रदर्शन दोहराने की जिम्मेदारी होगी। दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य सेन की अगुवाई वाली इस टीम में दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत और अनुभवी खिलाड़ी एचएस प्रणय भी शामिल हैं। ये तीनों विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता हैं। लक्ष्य अच्छी फॉर्म में हैं। उन्होंने पिछले साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीता था और हांगकांग ओपन के फाइनल में पहुंचे थे। श्रीकांत भी मलेशिया मास्टर्स और सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय में फाइनल में पहुंचे थे लेकिन प्रणय मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं।*




**खबर संक्षेप**

## दलाई लामा को मिला पहला ग्रैमी अवॉर्ड



**मुंबई।** दुनिया को शांति, करुणा और अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा ने अब संगीत और कला की दुनिया के सबसे बड़े मंच पर अपनी जीत का परचम लहराया है। लॉस एंजेलिस में आयोजित 68वें वार्षिक ग्रैमी पुरस्कार समारोह में दलाई लामा ने अपना पहला अवॉर्ड जीता है। 90 साल के दलाई लामा को ये अवॉर्ड 'बेस्ट ऑडियो बुक, नैरेशन और स्टोरीटेलिंग रिकॉर्डिंग' की कैटेगरी में दिया गया है।

## वांगचुक, लद्दाख को बांग्लादेश बना रहे थे



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि सोनम वांगचुक लद्दाख को नेपाल या बांग्लादेश जैसा बनाना चाहते हैं। ऐसे व्यक्ति को और जहर उगलने की इजाजत नहीं दी जा सकती। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की बैंच लद्दाख हिंसा मामले में एक्टिविस्ट वांगचुक की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस दौरान केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, वांगचुक के भाषण में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा सीधा खतरा दिखता है।

### सिंधु जल संधि पर भारत ने पाकिस्तान को दिखाया आईना

# भारत की पाकिस्तान को दो टूक कहा अंतर्राष्ट्रीय कोर्ट का आदेश नहीं मानेंगे

*भारत सिंधु समझौते की सुनवाई में शामिल नहीं होगा*

कहा- यह कोर्ट अवैध है, इसके आदेशों को हम बिलकुल नहीं मानते

*आतंकवाद के कारण संधि अस्थायी रूप से निलंबित की गई है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान सिंधु जल संधि पर कोर्ट-कोर्ट खेल रहा है। दूसरी ओर भारत का रूख पहले से ही स्पष्ट है। अब भारत ने सिंधु जल संधि से जुड़े अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के आदेश को स्पष्ट रूप से मानने से इनकार कर दिया है। भारत का कहना है कि यह कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन अवैध रूप से गठित है और इसके आदेशों को भारत मान्यता नहीं देता। दरअसल, अंतरराष्ट्रीय अदालत ने भारत को निर्देश दिया था कि वह अपने जलविद्युत संयंत्रों के परिचालन रिकॉर्ड (विशेष रूप से बगलिहार और किशनगंगा परियोजनाओं के पोंडेज लॉगबुक) प्रस्तुत करे, ताकि आगे की सुनवाई में इनका उपयोग किया जा सके। अदालत ने 9 फरवरी 2026 तक इन दस्तावेजों को सौंपने या अनुपालन न करने पर औपचारिक स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया है। दरअसल, हेग स्थित मध्यस्थता न्यायालय सिंधु जल संधि के ढांचे के तहत नई सुनवाई और दस्तावेज आदेशों के साथ आगे बढ़ रहा है, लेकिन भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि वह इन कार्यवाहियों की वैधता को मान्यता नहीं देता और इनमें भाग नहीं लेगा। बता दें कि विवाद का मुख्य केंद्र बिंदु सिंधु जल संधि के तहत गठित मध्यस्थता न्यायालय द्वारा पिछले सप्ताह जारी किया गया एक आदेश है, जिसमें भारतीय जलविद्युत संयंत्रों से संबंधित 'पोंडेज लॉगबुक' को 'गुण-दोष पर दूसरे चरण' के हिस्से के रूप में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। गौरतलब है कि कोर्ट ने हेग के पीस पैलेस में आज सुनवाई निर्धारित की है और यह भी दर्ज किया है।

## *भारत पिछले साल सिंधु जल संधि को स्थगित कर चुका है*



*भारत-पाकिस्तान के बीच 1960 में सिंधु जल समझौता हुआ था। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने इस संधि को स्थगित कर दिया था। सिंधु नदी प्रणाली में कुल 6 नदियां हैं- सिंधु, झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास और सतलुज। इनके किनारे का इलाका करीब 11.2 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसमें 47% जमीन पाकिस्तान, 39% जमीन भारत, 8% जमीन चीन और 6% जमीन अफगानिस्तान में है। इन सभी देशों के करीब 30 करोड़ लोग इन इलाकों में रहते हैं। 1947 में भारत और पाकिस्तान के बंटवारे के पहले से ही भारत के पंजाब और पाकिस्तान के सिंध प्रांत के बीच नदियों के पानी के बंटवारे का झगड़ा शुरू हो गया था। 19 सितंबर 1960 को कराची में भारत के पीएम नेहरू और पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान के बीच दस्तखत हुए। इसे इंडस वाटर ट्रीटी या सिंधु जल संधि कहा जाता है।*

### जवाब भी नहीं देगा भारत

रिपोर्ट के अनुसार, सरकारी सूत्रों ने कहा कि 'तथाकथित अवैध रूप से गठित' तटस्थ विशेषज्ञ के अलावा समानांतर कार्यवाही जारी रखे हुए है। चूंकि हम सीओए की वैधता को मान्यता नहीं देते, इसलिए हम इसके किसी भी संचार का जवाब नहीं देते। इसके अलावा, क्योंकि सिंधु जल संधि स्थगित है, इसलिए भारत जवाब देने के लिए बाध्य नहीं है। बता दें कि भारत ने अप्रैल में पहलगाम में हुए हमले के बाद औपचारिक रूप से सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया।

### सिंधु जल समझौता स्थगित करने से पाक पर असर

पाकिस्तान में खेती की 90% जमीन यानी 4.7 करोड़ एकड़ एरिया में सिंचाई के लिए पानी सिंधु नदी प्रणाली से मिलता है। पाकिस्तान की नेशनल इनकम में एग्रीकल्चर सेक्टर की हिस्सेदारी 23% है और इससे 68% ग्रामीण पाकिस्तानियों की जीविका चलती है। इसका असर पाकिस्तान में आम लोगों के साथ-साथ बिजली उत्पादन पर भी पड़ रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक सालाना बिजली उत्पादन में 30% से 50% तक की कमी आ सकती है।

### विदेश मंत्री तीन दिन के अमेरिका दौरे पर

## टैरिफ, बीटीए पर जारी तनाव के बीच अमेरिका की यात्रा करेंगे एस जयशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



50 फीसदी टैरिफ, द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की वजह से संबंधों में बने हुए तनाव के बीच सोमवार (2 से 4 फरवरी तक) से विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर अमेरिका की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जिसका उद्देश्य अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा जटिल खनिजों पर आयोजित की जाने वाली एक मंत्रिस्तरीय बैठक में भारत का नेतृत्व करना है।

विदेश मंत्रालय ने 2 फरवरी को एक बयान जारी कर बताया कि इस बैठक के दौरान भाग लेने वाले तमाम भागीदार देशों के प्रतिनिधि सप्लाई चेन के लचीलेपन, स्वच्छ ऊर्जा ट्रांसमिशन और जटिल खनिजों पर रणनीतिक सहयोग जैसे मुद्दों पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित करेंगे। इस यात्रा के दौरान डॉ.जयशंकर की अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ सदस्यों के साथ अलग से कुछ बैठकें हो सकती हैं। जिसमें भारत और अमेरिका के विदेश मंत्रियों के बीच एक द्विपक्षीय बैठक होने की भी संभावना है।

**टैरिफ संग इन मुद्दों पर भी तनातनी:** गौरतलब है कि भारत और अमेरिका के मौजूदा संबंधों में केवल अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ (25 फीसदी दंडात्मक टैरिफ का भाग शामिल है) का मामला ही शामिल नहीं है। बल्कि इसमें समय-समय पर राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा भारत और पाकिस्तान के बीच ऑपरेशन सिंदूर के बाद हुए संघर्षविराम के जरिए दोनों देशों के बीच शांति स्थापित करने का श्रेय लेने का मसला भी शामिल है। जिसे लेकर भारत की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद यह साफ कर चुके हैं कि संघर्षविराम के लिए पाकिस्तान ने भारत से अनुरोध किया था, जिसे भारत ने स्वीकार किया था। यह पूरी तरह से द्विपक्षीय था और इसमें अमेरिका या दुनिया के किसी अन्य देश की कभी कोई भूमिका नहीं रही है।

### घरेलू ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति की प्रधानता

रूस से कच्चे तेल की खरीद पर बिदके अमेरिका को बहुत पहले ही भारत ने यह बता दिया था कि उसका यह निर्णय देश की आम जनता की ऊर्जा जरूरतों पर आधारित है। सरकार घरेलू उपभोक्ताओं की ऊर्जा संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हर जरूरी कदम उठाएगी। भारत की तेल खरीद के पीछे अंतरराष्ट्रीय बाजारों की स्थिति और उनका आकलन भी बहुत हद तक जिम्मेदार है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति ने हाल ही में यह दावा किया है कि भारत ने रूस से अपनी तेल खरीद में कटौती की है। जिसके चलते अमेरिका ने उसे वेनेजुएला से तेल खरीदने की मंजूरी दे दी है।

### बांग्लादेश की एक अदालत ने सुनाई 10 और 7 साल के सश्रम कारावास की सजा

## भ्रष्टाचार के एक मामले में बुरी फंसी शेख हसीना और ब्रिटेन की सांसद ट्यूलिप...

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

12 फरवरी को होने वाले आम चुनावों से ठीक पहले पूर्व अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के लिए खतरे की एक और घंटी बज गई है। बांग्लादेश की एक अदालत ने सोमवार को ढाका के बाहरी पूर्वांचल इलाके में सरकारी आवासीय भूखंडों में अनियमितता के दो अलग-अलग मामलों में हसीना को 10 साल और उनकी भतीजी-ब्रिटेन की एक सांसद और पूर्व मंत्री ट्यूलिप सिद्दीकी को 7 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

### ट्रिब्यूनल दे चुका फांसी की सजा

यहां बता दें कि पिछले साल ढाका समेत अन्य जगहों पर हुए छात्रों के हिंसक विरोध-प्रदर्शनों के बीच शेख हसीना फिलहाल भारत में शरण लेकर रह रही हैं। अभी उन पर और उनकी पार्टी अवामी लीग पर बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने पहले से ही चुनाव लड़ने पर रोक लगा रखी है। इतना ही नहीं छात्रों के विरोध-प्रदर्शन को जबरन कुचलने और हत्याओं के लिए उकसाने को मानवता के खिलाफ अपराध बताते हुए कुछ समय पहले पड़ोसी देश के एक वैश्विक न्यायिक ट्रिब्यूनल ने शेख हसीना के खिलाफ सजा-ए-मौत का फैसला सुनाया है।



27 नवंबर 2025 में एक भ्रष्टाचार (भूखंडों के आवंटन संबंधी) रोधी आयोग की शिकायत पर एक अदालत ने उन्हें 21 साल की कैद की सजा सुनाई है। जबकि उनके बेटे सजीब वाजेद, सायमा वाजेद पुतुल को राजुक के भूखंडों के अलग-अलग मामलों में 5-5 साल की सजा सुनाई गई है। इन तमाम परिस्थितियों के बीच पूर्व प्रधानमंत्री ने ट्रिब्यूनल के फैसले और उनके चुनाव लड़ने पर लगाई गई रोक का पुरजोर अंदाज में विरोध किया है। उनका कहना है कि अवामी लीग की भागीदारी के बिना बांग्लादेश में होने वाले चुनाव समावेशी नहीं कहे जा सकते हैं।

### पद के दुरुपयोग का है मामला

अदालत ने अपने निर्णय में कहा कि शेख हसीना ने सरकारी भूखंडों के आवंटन के मामले में बतौर प्रधानमंत्री के रूप में अपने पद का गलत इस्तेमाल किया और हसीना परिवार के अपने तमाम रिश्तेदारों को जमीन आवंटित की है। यह फैसला ढाका के विशेष न्यायाधीश न्यायालय-4 के न्यायाधीश रबीउल आलम द्वारा सुनाया गया है। जिसमें शेख हसीना को दस साल और उनके अन्य रिश्तेदारों जैसे भतीजी ट्यूलिप, भाई रादवान मुजीब सिद्दीकी और बहन अजमान सिद्दीकी को सात-सात साल की सजा सुनाई गई है। मामले में कुल डेढ़ दर्जन से अधिक 16 आरोपी (आवासीय मामलों के पूर्व जूनियर मंत्री, एक मंत्रालय के पूर्व सचिव, राजुक के एक पूर्व अध्यक्ष और राजुक के ही अन्य अधिकारी शामिल हैं। जिन्हें 5-5 साल की सजा हुई है।) थे। जिनकी अनुपस्थिति में अदालत में यह सुनवाई हुई और अदालत ने अपना फैसला सुनाया है। केवल एक आरोपी और राजुक के वरिष्ठ अधिकारी खुर्शीद आलम की इस दौरान अदालत में मौजूदगी रही।

### अवामी लीग ने बताया राजनीतिक साजिश

शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग ने अदालत के इस फैसले को मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार की दुर्भावना और राजनीतिक साजिश का नतीजा करार दिया है। जबकि ब्रिटिश सांसद ट्यूलिप ने इसे हास्यास्पद बताते हुए कहा कि उन्हें अभी तक इस संबंध में कोई कानूनी जानकारी नहीं मिली है। लेकिन वो इस संबंध में विधि विशेषज्ञों से परामर्श ले रही हैं।

### वीजा फ्रॉड को लेकर एडवाइजरी जारी

## कनाडा की विदेशी छात्रों को वॉर्निंग, 5 साल के लिए एंट्री हो जाएगी बैन



एजेंसी ▶▶ ओटावा

कनाडा में पढ़ने जा रहे स्टूडेंट्स के लिए जरूरी खबर है। यहां की सरकार ने विदेशी छात्रों को स्टडी परमिट का प्रोसेस ध्यान से समझने और इमिग्रेशन को लेकर हो रहे फ्रॉड से सावधान रहने की चेतावनी दी है। 'इमिग्रेशन रिफ्यूजी एंड सिटिजनशिप कनाडा' (आईआरसीसी) की तरफ से एक एडवाइजरी जारी की गई है, जो स्टडी परमिट से जुड़ी हुई है।

इसमें साफ शब्दों में चेतावनी दी गई है कि अगर कोई गलत या भ्रामक जानकारी देता है, तो उसका वीजा रिजेक्ट हो सकता है और उस पर 5 साल तक का एंट्री बैन लगाया जा सकता है। इसका मतलब है कि विदेशी स्टूडेंट को कनाडा में 5 साल तक घुसने नहीं दिया जाएगा। आईआरसीसी द्वारा जारी एडवाइजरी में स्टडी परमिट के आवेदन से जुड़े नियमों के बारे में बताया गया है।

साथ ही ये भी बताया गया है कि किस तरह विदेशी छात्रों को टारगेट करने वाले स्कैम का इस्तेमाल हो रहा है। आईआरसीसी ने कहा कि स्टडी परमिट कनाडा में पढ़ने के लिए मिलता है।

## वेतन न मिलने का आरोप, सरकार से सुरक्षित वापसी की गुहार लगाई

एजेंसी ▶▶ रांची



झारखंड के विभिन्न जिलों से दुबई गए 14 प्रवासी मजदूर कथित तौर पर वेतन न मिलने और अतिरिक्त काम कराने के दबाव के कारण गंभीर मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। इन मजदूरों ने राज्य सरकार से सुरक्षित स्वदेश वापसी की अपील की है। यह जानकारी राज्य प्रवासी नियंत्रण सेल की टीम लीडर शिखा लकड़ा ने दी है। अधिकारियों के अनुसार, ये मजदूर गिरिडीह, हजारीबाग और बोकारो जिलों के निवासी हैं। वीडियो भेजकर अपनी स्थिति साझा की है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि संबंधित निजी कंपनी ने उन्हें तीन महीने से वेतन नहीं दिया है और ओवरटाइम काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। इससे उन्हें रहने और खाने तक की समस्या हो रही है।




### अर्जेंटीना के राजदूत मारियानो अगस्टिन ने कहा

# भारत की विशाल आबादी उसकी अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में अर्जेंटीना के राजदूत मारियानो अगस्टिन कॉसिनो ने बातचीत में बताया कि भारतीय अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत उसकी आबादी है। भारत में अर्जेंटीना के राजदूत मारियानो अगस्टिन कॉसिनो ने भारतीय अर्थव्यवस्था की ताकत को लेकर कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत लोगों की बहुत बड़ी संख्या है। आप आबादी के मामले में दुनिया के सबसे बड़ा देश हैं, लेकिन मुझे लगता है कि लोगों में टैलेंट और क्रिएटिव होने की संभावना भी है। एक बार जब सरकार ने पाबंदियां, सीमाएं और रेगुलेशन हटा दिए, तो भारतीय लोग बहुत कुछ करने में सक्षम हैं। इसीलिए पिछले दस सालों में या पिछले पंद्रह सालों में, आप इतना आगे बढ़े हैं। तो मुझे लगता है कि ताकत आप में ही है।

*भारत में टैलेंट और क्रिएटिव होने की ज्यादा संभावना*

*देश पिछले दस सालों में छह, सात, आठ फीसदी की दर से बढ़ रहा है*

## *भारत ने युवाओं को दिए हैं तरक्की के अवसर*



भारत के लिए पीएम मोदी के दृष्टिकोण को लेकर अर्जेंटीना के राजदूत ने कहा, हम विदेश नीतियों और अर्जेंटीना के साथ संबंध पर फोकस कर रहे हैं। लेकिन यह साफ है कि प्रधानमंत्री मोदी को बहुत बड़ी सफलता मिली है क्योंकि देश पिछले दस सालों में छह, सात, आठ फीसदी की दर से बढ़ रहा है। यह एक सफलता है। इसलिए मुझे लगता है कि आर्थिक नीति एक उदाहरण है, और विनियमन में ढील एक उदाहरण है। जब वे अर्जेंटीना गए थे तो मुझे हमारे राष्ट्रपति माइली के साथ मीटिंग में रहने का मौका मिला था और उन्होंने खास तौर पर विनियमन में ढील के बारे में, रेगुलेशन हटाने और लोगों को सरकार से कम से कम रेगुलेशन के साथ खुद से आगे बढ़ने और तरक्की करने का मौका देने के बारे में बात की थी।

**घरेलू खपत के लिए अच्छा तरीका**

अर्जेंटीना के राजदूत से जब पूछा गया कि भारत को और ज्यादा विदेशी निवेश लाने के लिए भविष्य में कौन से सुधार करने चाहिए, तो उन्होंने कहा कि मैं यह कहने वाला कोई नहीं हूं कि भारत को क्या करना चाहिए। यह एक घरेलू नीति है, लेकिन यह सच है कि जब देश अपनी अर्थव्यवस्था खोलते हैं, जब वे विनियमन में ढील देते हैं, जब वे बाहर से ज्यादा प्रोडक्ट ला पाते हैं, तो यह भारतीय उपभोक्ताओं के लिए अच्छा है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109